राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 90, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली सोमवार 16 अक्टूबर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

## मुख्य अपडेट

कोर्ट ने सुपरटेक के चेयरमैन आर के अरोड़ा को डिफॉल्ट जमानत देने से किया इनकार .... पेज 03


भाकियू तोमर 25 अक्टूबर को टोल प्लाजा पर करेगी महापंचायत, टोल प्लाजा .... पेज 05

डेनियल एबियनो ने पुरूष वर्ग और अयाना ने महिला वर्ग की दौड़ जीती .... पेज 07

## दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके : रिक्टर स्केल पर तीव्रता 3.1

### फरीदाबाद में था सेंटर; दो हफ्ते में तीसरी बार हिली धरती

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में रविवार शाम 4 बजकर 8 मिनट पर भूकंप के झटके से दहशत फैल गई। इसकी तीव्रता 3.1 थी। भूकंप का केंद्र हरियाणा के फरीदाबाद में था। छुट्टी होने की वजह से लोग घरों में थे, लेकिन जैसे ही भूकंप का एहसास हुआ, लोग घरों से बाहर भागे। दो हफ्ते में तीसरी बार दिल्ली में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। इससे पहले तीन अक्टूबर को दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई स्थानों पर भूकंप के झटके आए थे। दो अक्टूबर को भी



दिल्ली-हरियाणा में झटके लगे थे। दो हफ्ते पहले एक दिन में दो बार हिली थी धरती 3 अक्टूबर को दिल्ली-एनसीआर , उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान समेत मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में दोपहर 2.25 और 2.53 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.6 रही थी। इसका केंद्र नेपाल के बझांग जिले में था। इसी दिन नेपाल में एक घंटे में चार भूकंप आए थे। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के एक अधिकारी ने कहा कि 4.6 तीव्रता का पहला भूकंप दोपहर 2: 25 बजे पश्चिम नेपाल में 10 किलोमीटर की गहराई पर आया, इसके बाद 2: 51 बजे 6.2 तीव्रता का झटका आया था। दो और भूकंप 3.6 और 3.1 तीव्रता के 3: 06 बजे और 3:19 बजे आए।

### अब जानिए भूकंप क्यों आता है?

हमारी धरती की सतह मुख्य तौर पर 7 बड़ी और कई छोटी-छोटी टेक्टोनिक प्लेट्स से मिलकर बनी है। ये प्लेट्स लगातार तैरती रहती हैं और कई बार आपस में टकरा जाती हैं। टकराने से कई बार प्लेट्स के कोने मुड़ जाते हैं और ज्यादा दबाव पड़ने पर ये प्लेट्स टूटने लगती हैं। ऐसे में नीचे से निकली ऊर्जा बाहर की ओर निकलने का रास्ता खोजती है और इस डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है।

भूकंप से नेपाल के बझांग में कई कच्चे मकान गिर गए थे। यूपी के लखनऊ, कानपुर, आगरा, नोएडा, मेरठ, मुरादाबाद, गाजियाबाद, अयोध्या, अलीगढ़, हापुड़, अमरोहा, मध्य प्रदेश के ग्वालियर, राजस्थान के जयपुर, अलवर में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे।

## कार-लॉरी की टक्कर में सात लोगों की मौत

**एजेंसी**

चेन्नई। तमिलनाडु के तिरुवन्नामलाई जिले में रविवार को कार और लॉरी की टक्कर से सात लोगों की मौत हो गई।

प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार, मृतकों में चार पुरुष, दो बच्चे और एक महिला शामिल हैं। पीड़ित लोग कर्नाटक में पंजीकृत एक कार में बेंगलुरु जा रहे थे, जब कार तिरुवन्नामलाई जिले में चेंगम के पास अंथनुर बाईपास रोड पर लॉरी से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। पुलिस, दमकल सेवा और बचाव कर्मियों को क्षतिग्रस्त कार में फंसे शवों को निकालने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ी और शवों को पोस्टमार्टम के लिए चेंगम के सरकारी अस्पताल भेज दिया।

तिरुवन्नामलाई जा रही लॉरी का चालक वाहन छोड़कर घटनास्थल से फरार हो गया। पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए तलाश अभियान चलाया है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच कर रही है।

## राजस्थान : दिल्ली-मुंबई नेशनल हाईवे पर 7 की मौत

### ब्रेक फेल होने के बाद ट्रक ने क्रूजर को पीछे से मारी टक्कर, गाड़ी में फंसी रहीं लाशें

डूंगरपुर। दिल्ली-मुंबई नेशनल हाईवे-48 पर ट्रक ने क्रूजर को पीछे से टक्कर मार दी। मौके पर ही क्रूजर सवार 7 लोगों की मौत हो गई। रविवार दोपहर करीब 2.30 बजे ट्रक का ब्रेक फेल होने से यह दर्दनाक हादसा हुआ है। 10 से ज्यादा लोग घायल हैं, जिन्हें हॉस्पिटल भेजा गया है। मामला डूंगरपुर के बिछीवाड़ा इलाके का है।

### लोगों की मदद से पुलिस ने शवों को बाहर निकाला

एसपी कुंदन कवरिया ने बताया- बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र के रतनपुर बॉर्डर के पास ट्रक का ब्रेक फेल हो गया। आगे चल रही क्रूजर को टक्कर मारते हुए ट्रक निकला। क्रूजर पलट गई। मौके पर ही 7 लोगों की मौत हो गई,



जबकि 10 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। एक-एक कर सात लाशें सड़क पर बिखर गईं। रतनपुर पुलिस चौकी समेत बिछीवाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकाला गया। शवों और घायलों को एंबुलेंस के जरिए डूंगरपुर अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे तक डूंगरपुर के जिला अस्पताल में 6 बॉडी पहुंच चुकी थीं। 7 घायलों को भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ घायलों को गुजरात के साबरकांटा जिले के शामलाजी कस्बे में भर्ती कराया गया है। वहीं, एक डेड बॉडी को भी शामलाजी अस्पताल में भेजा गया है। हादसे में घायल डूंगरपुर के हीराता निवासी राहुल ने बताया- मैं क्रूजर में आगे बैठा था। गाड़ी तेज रफ्तार चल रही थी। ऊपर-नीचे सवारियां भरी हुई थीं। ट्रक की टक्कर से गाड़ी 2 बार पलटी खा गई। फिर ट्रक गाड़ी के ऊपर चढ़ गया। इसके बाद मैं भी बेहोश हो गया।

## जहरीली गैस से 2 सगे भाइयों सहित 3 की मौत

फलोदी। कुएं की खुदाई के दौरान 3 युवकों की मौत हो गई। पहले दो मजदूर कुएं में उतरे थे। दोनों की हलचल बंद हुई तो अनहोनी की शंका हुई। इसके बाद तीसरा युवक कुएं में उन्हें देखने उतरा। जहरीली गैस से तीनों का दम घुट गया। मरने वालों में 2 सगे भाई व एक बहनोई शामिल है। क्रेन की मदद से तीनों के शव निकाले गए। मामला फलोदी का है। फलोदी सीओ रामकरण सिंह मलिंडा ने बताया- रविवार को देगावड़ी सरहद रिण में बाबा रामदेव फैक्ट्री के पास 30 साल पुराने कुएं की क्रेन से खुदाई हो रही थी। 70 फीट गहरा यह कुआं श्याम सुंदर पुत्र चौथमल का है। मलबा निकालने के लिए लक्ष्मण (23) पुत्र प्रभुराम बावरी निवासी कुशालपुरा और उसका बहनोई तिलोक राम (30) पुत्र तेजाराम बावरी निवासी लांबा (बिलाड़ा) कुएं में उतरे। गहराई पर जाने के बाद दोनों मजदूरों की तरफ से कोई हलचल नहीं हुई।

## महाराष्ट्र : सड़क हादसे में 12 की मौत, 23 घायल

### समृद्धि एक्सप्रेसवे पर कंटेनर से टकराई मिनी बस, बस में 35 यात्री सवार थे



**मुंबई।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर जिले में समृद्धि एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह बड़ा सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार मिनी बस एक कंटेनर से टकरा गई, जिसमें कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया, प्राइवेट बस में 35 यात्री सवार थे। यह दुर्घटना मुंबई से लगभग 350 किलोमीटर दूर स्थित एक्सप्रेसवे के वैजापुर इलाके में रात 12.30 बजे हुई। बस ड्राइवर ने कंट्रोल खो दिया जिसके चलते बस पीछे की ओर से कंटेनर से टकरा गई। पुलिस के मुताबिक, हादसे में मारे गए 12 लोगों में से पांच पुरुष, छह महिलाएं और एक नाबालिग लड़की शामिल है। अधिकारी ने कहा कि 23 अन्य को चोटें आईं और उन्हें एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मरने वाले सभी नासिक शहर के रहने वाले थे।

### हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों को 2 लाख का मुआवजा

पीएम ऑफिस की तरफ से इस हादसे पर दुख व्यक्त किया गया। सोशल मीडिया पर लिखा, मेरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राहत कोष से 2 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पीड़ितों के परिवारों को 5 लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की। घायलों के इलाज का खर्च भी सरकार उठाएगी।


## कांग्रेस ने 3 राज्यों के 229 प्रत्याशियों की घोषणा की

### एमपी144, छत्तीसगढ़ 30 और तेलंगाना से 55 नाम

नई दिल्ली। कांग्रेस ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में अगले महीने से होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए 229 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। इनमें मध्यप्रदेश से 144, छत्तीसगढ़ से 30 और तेलंगाना से 55 उम्मीदवारों के नाम हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को पार्टी ने छिंदवाड़ा से टिकट दिया है। ष्टरू शिवराज सिंह के खिलाफ बुधनी से विक्रम मस्ताल को उतारा गया है। मस्ताल ने 2008 में आई रामायण में हनुमान का किरदार निभाया था। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को उनकी परम्परागत सीट पाटन से और डिप्टी ष्टरू टीएस सिंहदेव को अंबिकापुर से प्रत्याशी बनाया गया है।

चुनाव आयोग ने 9 अक्टूबर को 5 राज्यों में मतदान के तारीख की घोषणा की थी। मध्य प्रदेश में 17 नवंबर तो छत्तीसगढ़ में 2 चरणों में 7 और 17 नवंबर को वोटिंग होगी। राजस्थान में 25 नवंबर, मिजोरम में 7 नवंबर और तेलंगाना में 30 नवंबर को चुनाव होंगे।



पांचों राज्यों में 3 दिसंबर को नतीजे आएंगे।

मप्र विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इसमें 144 सीटों पर नामों की घोषणा की है। दिल्ली में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के दफ्तर में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। कांग्रेस ने अपने एक्स (ट्विटर) अकाउंट पर इसकी जानकारी दी है। कांग्रेस ने अपनी पहली लिस्ट में पुराने चेहरों पर दांव लगाया है।

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने 30 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। दिल्ली में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के दफ्तर में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

### तीनों राज्यों की 210 सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान बाकी

कांग्रेस ने मध्यप्रदेश की 230 सीटों में से 144 पर नामों का ऐलान किया है। 86 सीटों पर ऐलान बाकी है। छत्तीसगढ़ की 90 सीटों में से 30 सीटों पर नामों की घोषणा हुई है। यहां 60 सीटें बाकी हैं तेलंगाना में 119 सीटों में से 55 पर प्रत्याशियों के नाम का ऐलान हुआ है। अभी यहां 64 सीटों पर नाम आना बाकी है। कुल-मिलाकर तीनों राज्यों की 210 सीटों पर अभी प्रत्याशियों के नाम का ऐलान अगले कुछ दिनों में होने की संभावना है।

### मध्य प्रदेश में भाजपा की 4 लिस्ट आ चुकीं

मध्य प्रदेश में विधानसभा की 230 सीटें हैं, जिसमें से भाजपा 136 सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान कर चुकी है। पार्टी ने 17 अगस्त को पहली लिस्ट जारी की थी जिसमें 39 उम्मीदवारों के नाम थे। इसके बाद 25 सितंबर को दूसरी लिस्ट में 39 उम्मीदवारों के नाम थे। 26 सितंबर को तीसरी लिस्ट में अमरवाड़ा सीट से मोनिका सिंह बट्टी को टिकट दिया गया। भाजपा ने 9 अक्टूबर को चौथी लिस्ट जारी की। इसमें 57 प्रत्याशियों का ऐलान किया गया। इस सूची में 24 मंत्रियों समेत सभी मौजूदा विधायकों को टिकट दिया गया।

### छत्तीसगढ़ में भाजपा ने 85 सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए

छत्तीसगढ़ में भाजपा उम्मीदवारों की दो लिस्ट आ चुकी हैं। पहली लिस्ट में 21 प्रत्याशियों की घोषणा हुई थी। दूसरी लिस्ट में 64 प्रत्याशियों की घोषणा की गई। छत्तीसगढ़ में विधानसभा की 90 सीटें हैं, भाजपा 85 पर उम्मीदवारों का ऐलान कर चुकी है।

## पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त मनोहर सिंह गिल का निधन

**नई दिल्ली।** पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त और कांग्रेस नेता मनोहर सिंह गिल का आज शाम निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कल दिल्ली में किया जाएगा। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे और 86 वर्ष के थे। दक्षिणी दिल्ली के एक अस्पताल में उन्होंने आखिरी सांसें लीं। पूर्व नौकरशाह गिल ने एक युवा अधिकारी के रूप में प्रकाश सिंह बादल के अधीन कार्य किया था। उस वक्त शिरोमणि अकाली दल के संरक्षक पंजाब के मुख्यमंत्री थे। उन्होंने दिसंबर 1996 और जून 2001 के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) के रूप में भी काम किया। जब टीएन शेषन चुनाव आयोग के प्रमुख थे, तब गिल और जीवीजी कृष्णमूर्ति को चुनाव आयोग का सदस्य बनाया गया था। एक पूर्व सरकारी पदाधिकारी ने बताया कि इसके बाद चुनाव आयोग बहुसदस्यीय निकाय बन गया। वह शायद राजनीति में शामिल होने वाले पहले पूर्व सीईसी हैं।

## इजरायल से और 471 भारतीय लौटे स्वदेश

नई दिल्ली। इजरायल और हमास आतंकियों में चल रहे संघर्ष के बीच इजरायल में फंसे भारतीयों को स्वदेश लाने के लिए शुरू किए गए ऑपरेशन अजेय के तहत दो उड़ानों से 471 और भारतीय स्वदेश पहुंचे। इस तरह अब तक 900 से अधिक यात्री वतन वापसी कर चुके हैं। इजरायल से निकाले गए भारतीय नागरिकों ने नई दिल्ली में उतरते ही भारत माता की जय के नारे लगाए। उन्होंने आपरेशन अजेय को अच्छी पहल बताते हुए केंद्र सरकार को धन्यवाद दिया।

### सुबह दिल्ली पहुंची फ्लाइट

तेल अवीव से पहुंची तीसरी व चौथी उड़ानें रविवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी में उतरीं। एक उड़ान एयर इंडिया द्वारा और दूसरी स्पाइसजेट द्वारा संचालित की गई थी। अब तक आपरेशन अजेय के तहत कुल चार उड़ानें इजरायल से भारतीयों को ला चुकी हैं।

### सुबह सात बजे दिल्ली पहुंची चौथी फ्लाइट

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम




बागची ने रविवार को कहा कि 197 यात्रियों के साथ तीसरी उड़ान सुबह करीब चार बजे दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंची।

इस उड़ान से पहुंचे भारतीय नागरिकों का स्वागत केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने राष्ट्रीय ध्वज के साथ किया। इसके बाद 274 यात्रियों को लेकर चौथी फ्लाइट सुबह सात बजे नई दिल्ली पहुंची। केंद्रीय मंत्री वीके सिंह ने हवाई अड्डे पर इन भारतीयों का स्वागत किया।

### विदेश मंत्रालय ने दी जानकारी

विदेश मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट कर उड़ानें पहुंचने की जानकारी दी और साथ ही यात्रियों की तस्वीरें भी साझा कीं। एयर इंडिया द्वारा संचालित तेल अवीव से दो चार्टर्ड उड़ानें शुक्रवार और शनिवार को कुल 435 से अधिक यात्रियों को लेकर आई थीं।

### इजरायल से 906 भारतीय वापस पहुंचे स्वदेश

बता दें कि केंद्र सरकार ने उन भारतीयों की वापसी की सुविधा के लिए ये उड़ानें शुरू की गई हैं, जोकि इजरायल से स्वदेश वापसी चाहते हैं। इजरायल में करीब 18 हजार भारतीय थे, जिनमें से 906 वापसी कर चुके हैं।

## संसद में दूसरे देश के आंतरिक मामलों पर चर्चा नहीं हो सकती : ओम बिरला

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कहा कि पी-20 शिखर सम्मेलन में 48 संसदीय निकायों के प्रमुखों ने माना है कि सर्वोच्च विधायी संस्था होने के नाते संसदों की संप्रभुता होती है और उनमें दूसरे देशों के आंतरिक मामलों के बारे में चर्चा नहीं की जा सकती है।

बिरला ने आज यहां पी-20 के सफल आयोजन को लेकर योगदान करने वाले सभी पक्षों के प्रति आभार ज्ञापन के लिए बुलाये गये संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल पर यह बात बतायी। उन्होंने कहा, हमारा स्पष्ट मत है और इसे सबने एक मत से माना है कि संसद सर्वोच्च विधायी संस्था होती है। किसी भी देश के आंतरिक मामलों



को लेकर कभी किसी अन्य देश की संसद में चर्चा नहीं हो सकती है।

तुर्की की संसद के पीठासीन अधिकारी के साथ द्विपक्षीय मुलाकात में मेहमान नेता द्वारा तुर्की में अस्थिरता फैलाने वाले तत्वों को भारत की शह के आरोप के बारे में पूछे जाने पर श्री बिरला ने कहा कि सरकार का स्पष्ट मत है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इसे कई बार स्पष्ट किया है। हम आतंकवाद, आतंकवादी गतिविधियां, आतंकवादियों को प्रश्रय दिये जाने के सख्त खिलाफ हैं और ऐसी गतिविधियों का भारत में कहीं कोई स्थान नहीं है। आतंकवाद चाहे जाति के नाम पर हो या धर्म के नाम पर, भारत उसके किसी भी पक्ष या स्वरूप को कतई कोई समर्थन नहीं देता है। लोकसभा अध्यक्ष ने इससे पहले अपने वक्तव्य में कहा कि भारत की अध्यक्षता में जी-20 देशों की संसदों के पीठासीन अधिकारियों का यह नौवां पी-20 शिखर सम्मेलन सबसे कामयाब रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की जी 20 अध्यक्षता की थीम के अनुरूप, 9वें पी 20 शिखर सम्मेलन का विषय 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के लिए संसदें' था।

**बेनामी संपत्ति**

**बैंक धोखाधड़ी मामले में ईडी ने की कार्रवाई**

## पूर्व राकांपा सांसद की 315 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच

नई दिल्ली। ईडी ने पूर्व राकांपा सांसद ईश्वरलाल शंकरलाल जैन लालवानी, उनके परिवार और औद्योगिक समूह के खिलाफ बैंक धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के तहत 315 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति अटैच की है। जिन संपत्तियों को अटैच किया गया है, उनमें जमीन के प्लॉट, पवन चक्कियां, चांदी और हीरे के आभूषण तथा निवेश के दस्तावेज शामिल हैं।

ईश्वरलाल लालवानी महाराष्ट्र से राज्यसभा के पूर्व सदस्य हैं। वह राजमल लखीचंद ज्वैलर्स प्राइवेट लिमिटेड, आरएल गोल्ड प्राइवेट लिमिटेड और मनराज ज्वैलर्स सहित




अन्य के प्रमोटर हैं।

### ईडी ने क्या कहा?

ईडी ने कहा कि उसने बैंक धोखाधड़ी मामले में कुल 315.60 करोड़ रुपये मूल्य की पवनचक्की, चांदी तथा हीरे के आभूषण, निवेश के दस्तावेज और भारतीय मुद्रा के अलावा जलगांव, मुंबई, ठाणे, सिलोड (महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में) और कच्छ (गुजरात) में 70 अचल संपत्तियां अटैच करने के लिए शुक्रवार को अस्थायी आदेश जारी किया था। यह अस्थायी आदेश मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत जारी किया गया था।

### एजेंसी ने बेनामी संपत्ति को खरीदने का लगाया आरोप

एजेंसी ने आरोप लगाया कि अटैच की गई संपत्तियों में ईश्वरलाल शंकरलाल जैन लालवानी, मनीष ईश्वरलाल जैन लालवानी और अन्य द्वारा खरीदी गई बेनामी संपत्ति भी शामिल है। पीएमएलए का यह मामला सीबीआइ द्वारा दर्ज तीन प्राथमिकियों से संबंधित है, जिनमें आरोप लगाया गया है कि इन कंपनियों और उसके निदेशक/प्रवर्तक ने भारतीय स्टेट बैंक को गलत तरीके से 352.49 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान पहुंचाया।

### कर्ज लेने के लिए दी फर्जी वित्तीय जानकारियां

ईडी ने आरोप लगाया कि प्रवर्तकों ने कर्ज लेने के लिए फर्जी वित्तीय जानकारियां दीं। एजेंसी ने इस मामले में अगस्त में छापेमारी की थी। ईडी ने तब दावा किया था कि मुख्य होल्डिंग कंपनी राजमल लखीचंद जलगांव पार्टनरशिप कंपनी के बहीखातों में फर्जी लेनदेन जैसी कई विसंगतियां पाई गई हैं।

## नड्डा राजस्थान के एक दिवसीय दौरे पर सोमवार को उदयपुर एवं जोधपुर आयेंगे

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा सोमवार को एकदिवसीय दौरे पर राजस्थान आयेंगे जहां वह उदयपुर एवं जोधपुर में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक लेंगे। नड्डा के कार्यक्रम के अनुसार वह दस बजे उदयपुर हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे और इसके बाद साढ़े दस बजे होटल होवार्ड जॉनसन जाकर अपराह्न सवा तीन बजे तक पदाधिकारियों के साथ बैठक लेंगे। इसके बाद वह उदयपुर हवाई अड्डे से अपराह्न तीन बजकर 50 मिनट पर जोधपुर के लिए रवाना होंगे और चार बजकर 40 मिनट पर जोधपुर पहुंचेंगे।



नई दिल्ली
सोमवार 16 अक्टूबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

# शार्ट न्यूज

## साहित्य जगत में शोक की लहर, नहीं रहे ख्याल

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के प्रसिद्ध कवि, लेखक एवं वरिष्ठ पत्रकार गुलाम नबी ख्याल का रविवार को रावलपोरा स्थित उनके घर पर निधन हो गया। श्री ख्याल को उनकी पुस्तक 'गशिक मीनार' के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया था। वह एक साप्ताहिक वॉयस ऑफ कश्मीर के मुख्य संपादक भी थे और उन्होंने कश्मीरी, उर्दू और अंग्रेजी में 30 किताबें लिखी हैं। श्री ख्याल साहित्य अकादमी पुरस्कार (1975) के विजेता थे, लेकिन उन्होंने वर्ष 2015 में देश में बढ़ती असहिष्णुता के विरोध में इसे लौटा दिया था। श्री ख्याल ने कई भारतीय और विदेशी समाचार एजेंसियों का भी प्रतिनिधित्व किया। श्री ख्याल को अकादमी पुरस्कार (1974) से भी सम्मानित किया गया था और छह दशकों तक साहित्य एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके सराहनीय योगदान के लिए उन्हें कई पुरस्कारों से नवाजा गया था। अपनी पार्टी के अध्यक्ष अल्ताफ बुखारी सहित प्रमुख राजनीतिक नेताओं ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। श्री बुखारी ने श्री ख्याल को एक ऐसे व्यक्ति के रूप में वर्णित किया, जिन्होंने अपने लेखन से साहित्यिक क्षेत्र में क्रांति ला दी थी।

## कार्बेट पार्क के दरवाजे पर्यटकों के लिये खुले, ढिकाला अगले महीने खुलेगा

नैनीताल। वन्य जीव प्रेमियों के लिये अच्छी खबर है। विश्व के प्रसिद्ध कार्बेट टाइगर रिजर्व (सीटीआर) के दरवाजे रविवार को पर्यटकों के लिये खुल गये। पर्यटक ढिकाला को छोड़कर कार्बेट पार्क के चार जोन में वन्य जीवों के दीदार कर सकेंगे। सीटीआर के निदेशक धीरज पांडे ने बताया कि बिजरानी और गर्जिया जोन को आज पर्यटकों के लिए खोल दिया गया। ढेला और झिरना जोन पहले से खुले थे। आज दर्जनों पर्यटक वाहन बिजरानी और गर्जिया की सैर पर गये। आज सुबह आम डंडा गेट पर पर्यटकों के वाहनों को हरी झंडी दिखायी गयी। सीटीआर का प्रमुख ढिकाला जोन भी वन्य जीव प्रेमियों के लिए आगामी 15 नवम्बर से खुल जायेगा। पर्यटक यहां वन्य जीवों के दीदार के साथ रात्रि विश्राम कर सकेंगे। सीटीआर वन्य जीवों के अलावा जैव विविधता का भी अनोखा केन्द्र है। पर्यटक वन्य जीवों के साथ जैव विविधता के भी दर्शन कर सकेंगे। सीटीआर के सूत्रों के अनुसार यहाँ की सैर पर आने वाले पर्यटक कार्बेट पार्क की वेबसाइट पर आनलाइन बुकिंग करा सकते हैं।

## बड़ी रेल दुर्घटना की आशंका टली

कोटा। पश्चिम-मध्य रेलवे के कोटा मंडल के रेल कर्मचारियों की सतर्कता से जयपुर-चेन्नई सुपरफास्ट की बड़ी दुर्घटना की आशंका टल गई। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि गाड़ी संख्या 12968 अप जयपुर-चेन्नई सुपरफास्ट के 14 अक्टूबर को रात 2.18 बजे लूनी रिचा रेलवे स्टेशन से गुजरते समय यात्री गाड़ी के पीछे से तीसरे जनरल कोच के पहियों के पास से चिंगारी निकलता देख इसकी सूचना ऑन ड्यूटी स्टेशन मास्टर महेश मीणा ने तुरंत अगले स्टेशन महिदपुर के स्टेशन मास्टर आर पी मीणा को दी। स्टेशन मास्टर ने इस सूचना के आधार पर तत्काल कारवाई करते हुए समय 02/24 रेलवे स्टेशन महिदपुर से थ्रू पास होते समय चेक किया तो उक्त गाड़ी के उक्त जनरल कोच के दोनों व्हील के मध्य आग की चिंगारी एवम् अधिक धुआं दिखाई देने पर गाड़ी के गार्ड एवमं चालक से सम्पर्क कर गाड़ी को खड़ा कर महिदपुर पॉइंटेसमेंन सौरव भटेरा, विक्रम और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के हेड कांस्टेबल रामराज मीणा ने अग्निशामक यंत्र का उपयोग कर आग को बूझाया।

## हॉट एयर बेलून राइड का ले सकेंगे आनंद

बीकानेर। राजस्थान के बीकानेर में एफ एण्ड एफ एक्सपो द्वारा 27 से 29 अक्टूबर को स्थानीय कपिलधारा में बीकानेरवासियों को हॉट एयर बेलून राइड का आनंद लेने मौका मिलेगा। इस सम्बन्ध में बलून राइड की टेस्ट फ्लाईट भी सफलतापूर्वक हुई है। एफ एण्ड एफ एक्सपो एक लाइफस्टाइल एग्जीबिशन है जिसके ऑर्गेनाइजर्स हर्ब एलिग्जायर ( मोहनजी पंसारी), पीएक्सपी सोलर, बेक बाबा है। आयोजन से जुड़े अभिषेक अरोड़ा, अमन वर्मा, डीजे तोमर ने आज यहां संयुक्त रुप से बताया कि कार्यक्रम में वस्त्र आभूषण व्यंजन घरेलू सजावट एवं ज़रूरत जैसे की सौर ऊर्जा और आर्गेनिक खाद्य पदार्थ भी प्रदर्शित किए जाएंगे। इस इवेंट के संचालनकर्ता ने ध्यान में रखकर यह कार्यक्रम का आयोजन किया है, और इसका प्रमोशन किया है कि यह बीकानेर का सबसे अद्वितीय एक्सपो होने जा रहा है। इस इवेंट में व्यापारियों के लिए अपने प्रस्तावनाओं को प्रमोट करने का एक बड़ा मौका होगा, स्टॉल्स बुक करने का विकल्प भी है।

## पूर्व थल सेना प्रमुख बिपिन रावत का हुआ पिंडदान

गया। 'विष्णु नगरी' के नाम से विख्यात बिहार के गयाजी में पितृपक्ष मेला के अंतिम दिन देश के पूर्व थल सेना प्रमुख बिपिन रावत और उनकी पत्नी मधुलिका रावत का पिंडदान किया गया। पूर्व सेना प्रमुख के परिजन शनिवार को विष्णुपद मंदिर पहुंचे और पूरे विधि-विधान तरीके से स्वर्गीय जनरल बिपिन रावत और उनकी पत्नी मधुलिका रावत का पिंडदान किया। विष्णुपद मंदिर के प्रांगण में विधिवत तरीके से स्थानीय पंडा के द्वारा पिंडदान कर्मकांड संपन्न कराया गया। स्व. रावत के साले कुँवर यशवर्धन सिंह सोहागपुर ने बताया, हमलोग जनरल बिपिन रावत की दो बेटी और उनके छोटा भाई के साथ मोक्ष की नगरी गयाजी में पिंडदान करने पहुंचे हैं। जहां विधिवत तरीके से पिंडदान किया गया हैं। पिंडदान में पूर्व थल सेना प्रमुख की बड़ी बेटी कृतिका रावत, छोटी बेटी तारिणी रावत, बिपिन रावत के भाई रिटायर्ड कर्नल विजय रावत, साले कुँवर यश वर्धन सिंह एवं उनकी पत्नी सपना सिंह भी मौजूद थी।

## खिचड़ी में कीड़े मिलने के बाद छात्रों ने किया हंगामा

छपरा। बिहार में सारण जिले के एकमा थाना क्षेत्र के एक मध्य विद्यालय में शनिवार को मध्याह्न भोजन योजना के तहत छात्रों को दी गई खिचड़ी में कीड़े मिलने के बाद छात्रों ने हंगामा शुरू कर दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के माने मध्य विद्यालय में आज एनजीओ के द्वारा खिचड़ी बनाकर छात्रों के लिए लाया गया था। भोजनावकाश में जब खिचड़ी छात्रों के बीच परोसी गई तो उसमें से मृत कीड़े कुछ छात्रों के द्वारा देखा गए और जिसके बाद उन्होंने हंगामा शुरू कर दिए। मामले की जानकारी मिलने पर वहां बच्चों के अभिभावक भी पहुंच कर हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा कर रहे छात्रों एवं अभिभावकों को विधालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों ने शांत कराने के साथ ही खिचड़ी को फेंकवा दिया और इसकी सूचना वरीय पदाधिकारियों को दी। इस सम्बन्ध में एकमा के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रागिनी कुमारी ने बताया कि मामले की सूचना सारण के जिला शिक्षा पदाधिकारी को दी गई है। उनसे निर्देश प्राप्त होने पर कार्रवाई की जायेगी।

# कॉल रिकॉर्डिंग निजता के अधिकार का हनन

## छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट के आदेश को खारिज किया

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि किसी की अनुमति के बिना उसके कॉल रिकॉर्ड करना निजता के अधिकार का उल्लंघन है। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने फैमिली कोर्ट के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें फैमिली कोर्ट ने पति से अपनी पत्नी की कॉल रिकॉर्डिंग बतौर सबूत पेश करने को कहा था। दरअसल, एक पत्नी ने पति से भरण-पोषण पाने को लेकर फैमिली कोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जिस पर पति ने पत्नी के अवैध संबंध होने का आरोप लगाकर गुजारा भत्ता देने से इनकार कर दिया। पत्नी के अवैध संबंध को साबित करने के लिए पति ने उसकी कॉल रिकॉर्डिंग फैमिली कोर्ट में दाखिल करने की अनुमति मांगी थी। एडवोकेट वैभव ए गोवर्धन ने बताया कि करीब 10 साल पहले महासमुंद जिले में महिला की शादी हुई थी। कुछ समय बाद पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। पति ने अपनी पत्नी को छोड़ दिया। पत्नी ने साल 2019 में धारा 125 के तहत भरण पोषण राशि के लिए फैमिली कोर्ट ने अपील दायर कर दी।



कोर्ट में पति ने तर्क दिया कि पत्नी का दूसरे व्यक्ति से अवैध संबंध है। इस पर फैमिली कोर्ट ने सबूत पेश करने के लिए कहा, तब पति ने अपनी पत्नी की मोबाइल कॉल रिकॉर्डिंग पेश करने की अनुमति मांगी। फैमिली कोर्ट ने 21 अक्टूबर 2021 को कॉल रिकॉर्डिंग पेश करने की अनुमति दे दी।

### फैमिली कोर्ट के आदेश को दी चुनौती

इसके बाद महिला ने फैमिली कोर्ट के इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी। उसने तर्क दिया कि उसकी अनुमति के बगैर मोबाइल कॉल रिकॉर्डिंग करना निजता के अधिकार का हनन है। महिला की तरफ से एडवोकेट ने निजता के अधिकार पर दिए गए फैसलों का भी हवाला दिया और कहा कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत किसी भी व्यक्ति की जानकारी के बिना कॉल रिकॉर्डिंग करना गलत है। लिहाजा, फैमिली कोर्ट के आदेश को खारिज किया जाए।

हाईकोर्ट के जस्टिस राकेश मोहन पांडेय ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद माना कि किसी भी शख्स की बातचीत उसके इजाजत के बगैर मोबाइल पर अगर रिकॉर्ड की जा रही है तो वह गलत है। यह संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत निजता के अधिकार का उल्लंघन है। इस टिप्पणी के साथ ही हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट के आदेश को खारिज कर दिया।

## गांवों में ठोस कचरा प्रबंधन परियोजनाओं में तेजी लाने का निर्देश

जालंधर। पंजाब में जालंधर के जिला उपायुक्त विशेष सारंगल ने ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों को जिले में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चरण-2 के तहत ठोस कचरा प्रबंधन परियोजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

उपायुक्त ने रविवार को कहा कि जिले के 813 गांवों में इन परियोजनाओं के लिए 439 लाख रुपये की राशि पहले ही प्राप्त हो चुकी है क्योंकि विभिन्न 122 परियोजनाएं शुरू हो चुकी हैं। उन्होने अधिकारियों को साप्ताहिक आधार पर व्यक्तिगत रूप से समीक्षा करने के अलावा गांवों में चल रहे ठोस कचरा प्रबंधन परियोजनाओं की निगरानी सुनिश्चित करने के लिए भी कहा ताकि उन्हें निर्धारित समय के भीतर पूरा किया जा सके।

सारंगल ने कहा कि बचे हुए गांवों को यथाशीघ्र ठोस कचरा प्रबंधन परियोजनाओं के अंतर्गत शामिल किया जाए ताकि घर-घर से कचरा एकत्रित कर वैज्ञानिक तरीके से उसका निपटान सुनिश्चित किया जा सके। गांव के तालाबों के पानी को रिचार्ज करने के लिए बनाए जा रहे डी-सिल्टिंग चैंबरों की प्रगति का जायजा लेते हुए उपायुक्त ने अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर काम पूरा करने को कहा है क्योंकि इससे भूजल स्तर को बनाए रखने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि शिक्षा, ग्रामीण विकास, पंचायत सहित अन्य संबंधित विभागों को शामिल कर जागरूकता अभियान चलाया जाए ताकि लोगों के सहयोग से गांवों में कूड़ा निस्तारण की समस्या का समाधान किया जा सके।

## हिमाचल में दारचा-सरचू सड़क बंद, नौ मजदूर किए रेस्क्यू

शिमला। हिमाचल प्रदेश के जनजातीय क्षेत्र लाहौल व कुल्लू की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी जबकि निचले क्षेत्रों में बारिश हुई है। नेशनल हाईवे तीन मनाली-लेह बर्फबारी के चलते दारचा से सरचू के बीच बंद हो गया है।

इसके साथ दारचा-शिंकुला सड़क भी बर्फबारी से बंद हो गई है। वहीं पुलिस ने शिकुंला में बर्फबारी के चलते फंसे नौ मजदूरों को रेस्क्यू किया है। यह मजदूर रात को बर्फबारी में फंस गए थे। जिन्हें रेस्क्यू कर सकुशल दारचा पहुंचाया गया।

वहीं नेशनल हाईवे 505 ग्रांफू के रास्ते बर्फबारी के चलते बंद हो गया है। ग्रांफू-काजा-समदो सड़क फिलहाल सभी प्रकार के वाहनों के लिए ठप है। हालांकि तांदी-तिंदी, किलाड़-संसारी सड़क में वाहनों की आवाजाही जारी है। लाहौल-स्पीति प्रशासन ने सड़कों की स्थिति को देखकर ही यात्रा करने का आग्रह किया है।

प्रदेश के शिमला सहित कई क्षेत्रों में भारी बारिश हुई है जबकि बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी हुआ है। 17 अक्तूबर तक प्रदेश में मौसम खराब बना रहने का पूर्वानुमान है जबकि 18 अक्तूबर से मौसम साफ रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार अगले दो दिनों तक चंबा, कुल्लू, कांगड़ा और लाहौल-स्पीति के कई क्षेत्रों में 'ऑरेंज अलर्ट' का असर रहेगा। इस दौरान इन जिलों के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और अन्य क्षेत्रों में बारिश की चेतावनी जारी हुई है। शेष जिलों के लिए इस दौरान 'येलो अलर्ट' जारी हुआ है।

## शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन उत्तराखंड के माता मन्दिरों में लगी भक्तों की कतारें

देहरादून। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन रविवार को उत्तराखंड के सभी छोटे, बड़े मन्दिरों में श्रद्धालुओं ने परंपरा अनुसार, मंत्रोच्चारण के मध्य पूजा, अर्चना की। साथ ही, सनातन धर्म के अनुनाइयों ने अपने घरों में घट स्थापना कर, अखण्ड ज्योति प्रज्ज्वलित की। आज तड़के से ही, चम्पावत जिले में नेपाल सीमा स्थित मां पूर्णागिरी देवी, नैनीताल में मां नैना देवी, हरिद्वार में मां चंडी देवी, मां मनसा देवी, मां माया देवी, मां गौरी मंदिर, टिहरी में मां संतला देवी सहित देहरादून में डॉट काली मंदिरों सहित अन्य प्रमुख दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी पंक्तियां लग गई। जय माता के उद्घोषों से हर स्थान पर एक अलग तरह का वातावरण सृजित हो गया। प्राय: लोगों ने अपने घरों में भी घट स्थापना कर, नवरात्र के उपवास रखे हैं।

## सिरसा में पाकिस्तानी गुब्बारे से मचा हड़कंप

### विस्फोटक पदार्थ के शक में किसान ने बुलाई पुलिस; देखने उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

डबवाली। हरियाणा के सिरसा में एक खेत से रविवार को धान के खेत में पाकिस्तान एयरलाइंस लिखा हुआ गुब्बारा मिला। खेत के मालिक ने ग्रामीणों को इसके बारे में सूचना दी तो मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। लोग गुब्बारे को देखने के लिए खेत में पहुंच गए। बाद में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गुब्बारे को अपने कब्जे में लिया।




### गुलशन के खेत में पड़ा मिला

जानकारी अनुसार डबवाली के चौटाला पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले गांव लोहगढ़ निवासी सोनू हर रोज की तरह रविवार सुबह भी खेत में गया था। उसे खेत में एक पीले रंग की वस्तु दिखाई दी। उसने पास जाकर देखा तो यह वस्तु गुब्बारानुमा थी। सोनू ने देखा तो उसे गुब्बारे पर पाकिस्तान एयरलाइंस लिखा हुआ मिला।

### विस्फोटक के डर से हड़कंप

किसान के अनुसार गुब्बारे में कुछ वजन था। उसे अंदेशा हुआ कि इसमें कोई विस्फोटक सामग्री न हो। इसके चलते उसने गुब्बारे के पास जाने से गुरेज किया।
सूचना उसने खेत के मालिक गुलशन कुमार को दी। गुलशन कुमार भी कुछ ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचा। गुब्बारे को देख कर पुलिस को इससे अवगत करवाया।

### पुलिस ने कब्जे में लिया

पाकिस्तान से गुब्बारे की सूचना कुछ ही देर में गांव में फैल गई। इसके बाद इसे देखने के लिए लोगों की खेत में भीड़ लग गई। पुलिस के एएसआई मदनलाल भी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद गुब्बारे को अपने कब्जे में लिया।

## 'इंडिया' की जीत महिलाओं के अधिकार सुनिश्चित करेगी

चेन्नई। आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराने के लिए विपक्षी दलों के बीच एकता का आह्वान करते हुए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं द्रमुक अध्यक्ष एम.के.स्टालिन ने कहा है कि भाजपा को निर्णायक रूप से हराना भारत में हर लोकतांत्रिक ताकत के लिए ऐतिहासिक अनिवार्यता है तथा इंडिया गठबंधन की जीत न केवल महिलाओं बल्कि सभी नागरिकों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करेगी।

द्रमुक की महिला इकाई की ओर से आयोजित महिला अधिकार सम्मेलन में अपने संबोधन में श्री स्टालिन ने संसद में पारित महिला आरक्षण विधेयक के तत्काल कार्यान्वयन की मांग की। उन्होंने उपस्थित सभी नेताओं से महिलाओं के अधिकारों और देश के लोगों की सुरक्षा के लिए भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए 2019 से दिखाए गए तमिलनाडु मॉडल का अनुसरण करते हुए एकजुट होकर काम करने का अनुरोध किया है।




सम्मेलन में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी एवं पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा समेत इंडिया गठबंधन की कई प्रमुख महिला नेता मौजूद थीं।

उन्होंने कहा कि भाजपा के कानून में एक महत्वपूर्ण दोष ओबीसी और अल्पसंख्यक महिलाओं के लिए आरक्षण का अभाव है। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें आंतरिक आरक्षण दिया जाए तो ही हाशिये पर पड़े और आर्थिक रूप से वंचितों की आवाज विधानसभाओं और संसद में गूंजेगी।

उन्होंने कहा, ऐसा लगता है कि भाजपा कुछ और ही पसंद करती है। हमें इसे केवल भाजपा द्वारा एक राजनीतिक चाल के रूप में नहीं, बल्कि संभावित रूप से एक व्यापक साजिश के रूप में समझना चाहिए।

स्टालिन ने कहा कि इंडिया ब्लॉक केवल एक चुनावी गठबंधन नहीं है, बल्कि एक वैचारिक गठबंधन है। उन्होंने कहा, भाजपा को केवल एकता के माध्यम से हराया जा सकता है। तमिलनाडु ने 2019 के चुनावों के बाद से यह दिखाया है।

उन्होंने कहा, तमिलनाडु की तरह पूरे भारत में हर राज्य में एक संयुक्त गठबंधन बनाया जाना चाहिए। अगर भाजपा विरोधी एकजुट हो सकते हैं और छोटे-मोटे मतभेदों से ऊपर उठ सकते हैं तो हम निश्चित रूप से भाजपा को हरा सकते हैं जो लोगों के हितों के खिलाफ है।

मैं यहां मौजूद अपनी बहनों से आग्रह करता हूं कि वे इस संदेश को अपनी पार्टी के नेताओं तक पहुंचाएं। भाजपा को हराना भारत में हर लोकतांत्रिक ताकत की ऐतिहासिक अनिवार्यता है।

## फिल्लौर में एक किलो हेरोइन, हथियार सहित तस्कर गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब में जालंधर के फिल्लौर में पुलिस ने कई अपराधों में वांछित कुख्यात तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से एक किलो हेरोइन, एक 9 एमएम पिस्तौल , पांच कारतूस, दो गाड़ियां और आठ लाख पच्चास हजार रुपये की ड्रग मनी बरामद की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) मुखविंदर सिंह भुल्लर ने रविवार को बताया कि निरीक्षक सुरिंदर कुमार मुख्य अधिकारी फिल्लौर पुलिस पार्टी ने गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार को एक एनडीपीएस मामले के मुख्य आरोपी सुरिंदर सिंह उर्फ शिंदा निवासी बुर्ज हसन थाना बिल्गा जिला जालंधर ग्रामीण को गिरफ्तार करने के लिए थाना नूरमहल पुलिस के साथ शिवा टेंट हाउस नूरमहल के पास एक बंद घर में विशेष अभियान चलाकर छापा मारा गया।

उन्होने कहा कि पार्टी को कोठरी में प्रवेश करते देख आरोपी ने अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए फायरिंग शुरू कर दी। इस बीच, पुलिस स्टेशन नूरमहल के कर्मचारियों के साथ आई पुलिस पार्टी ने बड़ी चतुराई से आरोपी सुरिंदर उर्फ शिंदा को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी सुरिंदर सिंह काफी समय से आसपास के गांवों में चोरी-छिपे नशा बेच रहा था और उसने इस कारोबार से काफी संपत्ति बनाई है। इसका इस्तेमाल बड़े पैमाने पर सस्ते चूरा-पोस्त और हेरोइन खरीदने में किया जाता है।

## ज्वालामुखी मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना के बाद नवरात्र का भव्य आगाज

शिमला। हिमाचल प्रदेश के कांगडा जिले में शक्तिपीठ ज्वालामुखी में शारदीय नवरात्र मेले रविवार से शुरू हो गए। सुबह पांच बजे आरती के बाद जयकारों से मां का दरबार गूंज उठा और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। पहले दिन काफी संख्या में श्रद्धालुओं व स्थानीय लोगों ने मां ज्वाला की पवित्र ज्योतियों के दर्शन किए और माता की ज्योति ले जाकर घरों में स्थापित की।
ज्वालामुखी मंदिर में सुबह विधिवत पूजा अर्चना झंडा रस्म, कन्या पूजन, घट स्थापना के साथ विधायक संजय रत्न ने नवरात्र का भव्य आगाज किया। मेले के पहले दिन पूरे मंदिर परिसर व गर्भ गृह को रंग बिरंगी लाइटों व फूलों से सजाया गया है। शहनाई वादन की धुनों व विधिवत मंत्रों के साथ पुजारी व न्यास सदस्य अविनेंद्र शर्मा व दिव्यांशु भूषण ने विधायक संजय रत्न से झंडा रस्म करवाई।
रत्न ने सभी प्रदेशवासियों को नवरात्र की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए प्रशासन की तरफ से बेहतर इंतजाम किए गए हैं। बता दें कि शारदीय नवरात्र मेले 15 से 23 अक्तूबर तक चलेंगे।


## ट्रैक्टर ने टक्कर से दुपहिया सवार दंपति की मौत

शहडोल। मध्यप्रदेश के शहडोल जिले के सिंहपुर थाने के भानपुर गांव में आज दोपहर एक ट्रैक्टर दुपहिया वाहन सवार दंपति को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मृत्यु हो गयी। पुलिस सूत्रों के अनुसार ग्राम पंचायत हरदी के सचिव जीतेन्द्र सिंह अपनी पत्नी वन्दना सिंह के साथ दुपहिया वाहन में जा रहे थे तभी सामने से तेज गति से आ रहे ट्रेक्टर ने दोनों को कुचल दिया। घायल अवस्था में दोनों को शहडोल जिला अस्पताल ले जाया गया जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया गया।

## औद्योगिक विकास स्कीम के तहत राशि जारी करने पर केंद्र का आभार: ठाकुर

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के लिए औद्योगिक विकास योजना के तहत राशि जारी करने पर नयी दिल्ली में केंद्रीय उद्योग और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से शिष्टाचार भेंट कर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने उनका आभार जताया।

नेता प्रतिपक्ष ने रविवार को यहां कहा कि राज्य सरकार का आर्थिक प्रबंधन मात्र दस महीनें में ही चरमरा गया है। सरकार आए दिन मनमाना क़र्ज़ ले रही है और मनमाने नियम लाकर प्रदेश के लोगों को परेशान कर रही है। चुनाव के पहले कांग्रेस के बड़े-बड़े नेताओं ने दस गारण्टियां दी थी, उनमें से एक भी पूरी नहीं की लेकिन दस महीनें में प्रदेश के दस हज़ार लोगों की नौकरी छीनकर प्रदेश को दस हज़ार करोड़ का क़र्ज़ दे दिया है। ठाकुर ने कहा कि एचआरटीसी में आम आदमी चलता है। एचआरटीसी का उद्देश्य सिर्फ़ पैसे कमाना नहीं है बल्कि जनता की सेवा करना है। क्योंकि यह हर आम आदमी को घर तक पहुंचाने का साधन है। यह हास्यास्पद स्थिति है महिला को बस में शादी के एल्बम का भी किराया देना पड़ा । दो लैपटॉप एक साथ लेकर चलने पर पूरी सीट का किराया देना पड़ रहा है।



## हिमाचल में पहली बार एफडीआर तकनीक से बनेंगी सड़कें: सुक्खू

शिमला। हिमाचल प्रदेश में पहली बार सड़कों का निर्माण फुल डेप्थ रेक्लेमेशन (एफडीआर) तकनीक पर किया जाएगा।

यह जानकारी मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा पर आयोजित एक बैठक में दी।

सुक्खू ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बनने वाली सड़कों में इस तकनीक का उपयोग करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग को दिए और कहा कि शुरूआती चरण में विभिन्न जिलों में 666 किमी सड़कों का निर्माण इस तकनीक से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेशवासियों को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश, बिहार व असम के बाद हिमाचल प्रदेश एफडीआर तकनीक का इस्तेमाल कर सड़क निर्माण करने वाला देश का चौथा राज्य बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तकनीक से सड़कें ज्यादा टिकाऊ बनती हैं और वाहनों के लिए भी यह सड़कें बेहतर हैं।



## मानवरहित गगनयान क्रू मॉड्यूल एस्केप सिस्टम की पहली परीक्षण उड़ान 21 को

चेन्नई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 21 अक्टूबर को गगनयान मिशन के हिस्से के रूप में पहले मानव अंतरिक्ष मिशन के क्रू मॉड्यूल एस्केप सिस्टम का परीक्षण करने के लिए अपनी पहली उड़ान प्रदर्शित करने की तैयारी में है।

इसरो प्रमुख एस.सोमनाथ के अनुसार इसरो के सबसे भारी रॉकेट एलवीएम-3 का उपयोग करके क्रू मॉड्यूल एस्केप सिस्टम का मानव रहित परीक्षण उड़ान मिशन श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष बंदरगाह से होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए तैयारी का काम चल रहा है।

क्रू एस्केप सिस्टम के प्रदर्शन को प्रदर्शित करनेवाली फ्लाइट टेस्ट व्हीकल एबॉर्ट मिशन-1 (टीवी-डी-1) की तैयारी एसडीएससी-शार रेंज में पूरे जोरों पर है।




उन्होंने कहा कि पहला मानव रहित परीक्षण मिशन टीवी-डी1 21 अक्टूबर को होगा, जिसके बाद पहले मानव उड़ान मिशन से पहले सिस्टम का परीक्षण करने के लिए तीन और परीक्षण उड़ानें टीवी-डी-2, टीवी-डी-3 और टीवी-डी-4 होंगी।

केंद्रीय अंतरिक्ष, विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने पहले नयी दिल्ली में संवाददाताओं से कहा था कि गगनयान मिशन से पहले कई परीक्षण उड़ानों में से पहला - अंतरिक्ष में भारत का पहला मानव मिशन 21 अक्टूबर को होगा। परीक्षण का उद्देश्य 'क्रू मॉड्यूल' या वाहन के उस हिस्से का परीक्षण करना है जहां भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को रखा जाएगा।

परीक्षण में मॉड्यूल को बाहरी अंतरिक्ष में लॉन्च करना और इसे पृथ्वी पर वापस लाना तथा बंगाल की खाड़ी में टचडाउन के बाद इसे पुनर्प्राप्त करना शामिल है।

उन्होंने कहा कि नौसेना कर्मियों ने मॉड्यूल को पुनर्प्राप्त करने के लिए पहले ही मॉक ऑपरेशन शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि क्रू मॉड्यूल के साथ-साथ एक 'क्रू एस्केप' सिस्टम भी होगा।

यदि अंतरिक्ष में चढ़ते समय अंतरिक्ष यान को किसी समस्या का सामना करना पड़ता है तो इस एस्केप सिस्टम से चालक दल को अलग करने और सुरक्षित रूप से समुद्र में वापस लाने की उम्मीद की जाती है, जहां से उन्हें नौसेना कर्मियों द्वारा निकाला जाएगा।

गौरतलब है कि गगनयान मिशन अगले साल की दूसरी तिमाही में होने की उम्मीद है।

# शार्ट न्यूज़

## हर्बल प्रोडक्ट बिजनेस के नाम पर फ्रॉड

गाजियाबाद। गाजियाबाद पुलिस की साइबर क्राइम सेल ने ऐसे गैंग का रविवार को पर्दाफाश किया है, जो हर्बल प्रोडक्ट की सप्लाई के नाम पर लोगों को ठगता था। इस गैंग के तीन लोग गिरफ्तार हैं। खुलासा हुआ है कि ये गैंग अब तक 100 से ज्यादा लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी कर चुका है। गाजियाबाद के ही दो मामलों में दो पीड़ितों से 29 लाख रुपए ठगे गए थे। पुलिस को इस गैंग के 32 बैंक खाते मिले हैं, जिन्हें फ्रीज कराए जाने की तैयारी है। एडिशनल डीसीपी (क्राइम) सच्चिदानंद ने बताया, 16 सितंबर को नीतिखंड-1 निवासी राजेंद्र यादव ने हर्बल प्रोडक्ट की आपूर्ति व निर्यात का बिजनेस करने का झांसा देकर 20 लाख रुपए ठगे जाने की शिकायत थाना इंदिरापुरम पर दी थी। ये केस साइबर क्राइम सेल को ट्रांसफर किया गया। रविवार को इस केस में तीन अभियुक्तों की गिरफ्तारी नोएडा सेक्टर-62 अंडरपास के नजदीक से हुई है। आरोपियों की पहचान आशीष जायसवाल, उमेश शुक्ला और सत्यम कुमार गौड़ निवासी गोरखपुर के रूप में हुई है। आरोपियों से 7 मोबाइल, दो पासबुक, 5 आधार कार्ड, 4 पेनकार्ड, 47 डेबिट कार्ड, एक लाख रुपए कैश, एक कार आदि सामान बरामद हुआ है। एडीसीपी सच्चिदानंद ने बताया, ये गैंग मेंबर खुद को बड़ी फर्म से बताकर हर्बल प्रोडक्ट की विदेश में सप्लाई का झांसा देकर लोगों को निवेश करने के लिए आमंत्रित करते हैं। उन्हें बताते हैं कि अगर वे ऐसा करेंगे तो मोटा मुनाफा होगा।

## गाजियाबाद में मोबाइल लूटने के लिए कत्ल

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश के जिला गाजियाबाद में एक शख्स ने सिर्फ मोबाइल फोन लूटने के लिए राह चलते नौजवान की हत्या कर दी। इसी मोबाइल फोन से आरोपी को पुलिस ने चार दिन में धर दबोचा। उससे हत्या में प्रयुक्त इंटरलॉकिंग टाइल्स, लूटा गया मोबाइल और वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद हुई है। मूल रूप से जनपद हरदोई निवासी सुरेंद्र कन्नौजिया परिवार सहित गाजियाबाद के गांव सिहानी में रहते हैं। सुरेंद्र और उनकी पत्नी राजनगर रेजिडेंसी सोसाइटी के बेसमेंट में कपड़ों पर प्रेस करने का काम करते हैं। 8 अक्टूबर की रात सुरेंद्र का सूरज लापता हो गया। परिजनों ने कॉल की तो उसने कुछ देर में घर लौटने की बात कही। बाद में उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ हो गया। 10 अक्टूबर को सूरज की लाश सिहानी गांव से वीवीआईपी मॉल को जाने वाले रास्ते पर झाड़ियों में पड़ी मिली थी। एसीपी रवि कुमार सिंह ने बताया, इस मामले में नंदग्राम थाना पुलिस ने प्रशांत प्रजापति (27 वर्ष) निवासी नूरनगर सिहानी को शनिवार को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में प्रशांत ने बताया कि 8 अक्टूबर की रात करीब 11 बजे वो अपनी ड्यूटी से घर लौट रहा था। रास्ते में उसे गली के सामने मुख्य रास्ते पर एक व्यक्ति लड़खड़ाता हुआ जाता मिला। उसके हाथ में मोबाइल था। प्रशांत ने फोन छीनने की नीयत से सूरज को लिफ्ट देकर अपनी बाइक पर बैठा लिया।

## कोरियर में ड्रग्स का डर और इंस्टाग्राम की वीडियो लाइक के बहाने 11.37 लाख ठगे

साहिबाबाद। शातिरों ने वैशाली सेक्टर-4 में आरुष देव त्यागी को उनके नाम से विदेश भेजे कोरियर में ड्रग्स होने का डर दिखाकर नौ लाख 67 हजार रुपये ठग लिए। साहिबाबाद में अर्पण राय को इंस्टाग्राम पर वीडियो लाइक में रुपये कमाने का झांसा देकर एक लाख 70 हजार रुपये ठग लिए। कौशांबी और साहिबाबाद दोनों मामलों में ठगों का पता कर रहे हैं। वैशाली के आरुष देव ने शिकायत में बताया कि 11 सितंबर को दोपहर 12 बजे एक कॉल आई थी। कॉलर ने उनसे कहा कि आपके नाम से एक विदेश भेजे कोरियर में ड्रग्स है। कुछ देर बाद अनजान नंबर से दूसरी कॉल आई। उसने खुद को मुंबई क्राइम ब्रांच से बताया। कॉल करने वाले ने उनका नाम एक लॉड्रिंग केस से जोड़कर डराया। बाद में सीबीआई और आरबीआई के दो पत्र भेजे। उन्हें झांसा दिया आपके पास जितने भी रुपये हैं, उनकी जांच है। इस एवज में उनसे अलग-अलग खाते में नौ लाख 67 हजार रुपये दो बार में ट्रांसफर करा लिए। फर्जी लेटर से ठगी का पता चलने पर उन्होंने पुलिस से शिकायत की। वहीं, राजेंद्र नगर सेक्टर पांच में अर्पण राय ने बताया कि 30 जुलाई को व्हाट्सएप पर मैसेज आया था, जिसमें उन्हें इंस्टाग्राम पर वीडियो लाइक कर रुपये कमाने का कहा गया। कुछ वीडियो लाइक करने पर रुपये खाते में भेजे।

## जीजा-साले ने गाड़ी से उड़ाया बैग, फाइव स्टार होटल के बाहर से दबोचे

कौशांबी। थाने के पास स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सामने एलईडी टीवी पार्ट्स के कारोबारी की गाड़ी से ठक-ठक गिरोह के जीजा-साले ने नकदी और फोन के साथ बैग उड़ा लिया। एक शातिर ने सड़क पर 500-600 रुपये फेंके और कारोबारी के सहायक को उनके रुपये गिरने का झांसा दिया। मौका मिलने पर दूसरा शातिर बैग लेकर भाग गया। शोर मचाने पर दोनों को लोगों की मदद से फाइव स्टार होटल के बाहर दबोच लिया। कौशांबी पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया है। नोएडा में हनी की एलईडी टीवी के पार्ट्स बनाने का कारोबार है। दोपहर ढाई बजे वह सहायक कुणाल मल्होत्रा के साथ कौशांबी में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सामने पहुंचे थे। कारोबारी बैंक में डिमांड ड्राफ्ट बनवाने के लिए चले गए जबकि कुणाल गाड़ी में बैठे थे। तभी पीछे से एक शातिर आकर बोला कि रास्ते में आपके रुपये गिर गए हैं। उन्होंने बोला कि वह गाड़ी से नहीं उतरे तो रुपये कैसे गिर गए। शातिर ने दबाव देकर सड़क पर पड़े नोटों को उनका बताया। वह शातिर के जाल में फंस गए बाहर निकलकर देखने लगे तभी पीछे से दूसरे शातिर ने गेट खोलकर बैग पार कर लिया। उसमें आईफोन, कंपनी के कागजात और नकदी थी। दोनों को भागता देखकर कुणाल पकड़ने के लिए पीछे दौड़ पड़े।

## आवासीय परियोजना के लिए बिल्डर को तीन बैंक खाते खोलने होंगे

ग्रेटर नोएडा। वरिष्ठ संवाददाता। नई परियोजना के लिए बिल्डरों को तीन बैंक खाते खोलने होंगे। उप्र रेरा ने स्टेट लेवल बैंकर्स कमेटी (एसएलबीसी) को पत्र लिखकर इस संबंध में वित्तीय संस्थानों को निर्देश जारी करने के लिए कहा है। साथ ही कुछ और नियम भी लागू करने होंगे। इस पूरी कवायद का मकसद रियल एस्टेट परियोजनाओं की बैंकिंग प्रक्रिया को और पारदर्शी बनाना है। रेरा अधिनियम में रियल एस्टेट परियोजनाओं से जुड़े बैंक खातों के लिए 70 और 30 प्रतिशत का नियम पालन करने के प्रावधान है। यानी 70 प्रतिशत धनराशि अलग खाते में और अधिकतम 30 प्रतिशत धनराशि ट्रांजेक्शन खाते में हस्तांतरित होगी। इसके लिए 14 दिसंबर 2020 को आरबीआई ने दिशा-निर्देश जारी किए थे। इसके बाद रेरा ने परियोजना खाता प्रबंधन के लिए दिशा-निर्देश जारी किए। इसमें पहली अप्रैल 2021 से उत्तर प्रदेश में पंजीकृत होने वाली रियल एस्टेट परियोजनाओं के लिए तीन बैंक खाते खोलना जरूरी है। रेरा ने इसको लेकर राज्यस्तरीय बैंक समिति से वित्तीय संस्थानों को निर्देश जारी करने के लिए कहा है। वित्तीय संस्थानों को निर्देश दिए जाएं कि परियोजना के कलेक्शन खाता में धनराशि आते ही स्वत: 70 प्रतिशत धनराशि अलग खाते में चली जाए।

## एप से होगी मीटर रीडरों के कार्य की समीक्षा

नोएडा। विद्युत निगम द्वारा मीटर रीडरों के कार्य पर नजर रखने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। ताकि मीटर रीडरों द्वारा घर या दफ्तर में बैठकर बिल तैयार करने के मामले खत्म किए जा सके। इसके लिए मीटर रीडरों को एप डाउनलोड करना होगा। इस एप को कार्य करने के दौरान ऑन करना होगा। फिर कार्य की समय अवधि समाप्त होने के बाद एप ऑफ करना होगा। कार्य के दौरान मीटर रीडर की हर उपभोक्ता के घर रीडिंग की लोकेशन सेवा हो जाएगी।विद्युत निगम के अधिकारियों के अनुसार उपभोक्ताओं की शिकायत रहती है कि मीटर रीडर नहीं आया है और मीटर रीडर ने मीटर की सही रीडिंग नहीं ली है। रीडर अपने घर बैठे ही अनुमानित रीडिंग डालकर बिल तैयार कर रहा है। इससे उपभोक्ताओं का अधिक बिल आ रहा है। ऐसे में उपभोक्ताओं को बिल सही कराने के लिए बिजली दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। उपभोक्ताओं की इस तरह की समस्याओं के निस्तारण के लिए विद्युत निगम ने मीटर रीडिरों के मोबाइल में एप डाउनलोन कराने का निर्णय लिया है।

# फर्जी ईडी अफसर बनकर आए, 3 करोड़ लूटकर भागे

### दिल्ली पुलिस ने 2 किमी पीछा करके पकड़ा; आधी रात को घर में घुसे थे



नई दिल्ली। दिल्ली में शनिवार 14 अक्टूबर की रात बदमाशों ने फर्जी ईडी अधिकारी बनकर एक घर से 3 करोड़ रुपए लूट लिए। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपियों को पकड़ लिया।

ये सभी कार में सवार होकर पुलिस बैरिकेडिंग तोड़कर भाग रहे थे। पुलिस ने दो किमी पीछा कर उन्हें पकड़ लिया और लूटी गई रकम में से एक करोड़ रुपए बरामद कर लिए।

यह मामला द्वारका के बाबा हरिदास नगर का है। पीड़ित के मुताबिक, आधी रात कुछ लोग उनके घर जबर्दस्ती घुस आए। वे सभी खुद को इनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट का अधिकारी बता रहे थे।

30 मिनट के अंदर बदमाशों ने पूरे घर को खंगाला और तीन करोड़ की रकम लेकर चले गए। जाते-जाते उन्होंने परिवार के सदस्यों को पूछताछ के लिए ईडी ऑफिस आने को कहा।

### पीड़ित ने जमीन बेचकर इकट्ठा किए थे पैसे

परिवार का कहना है कि उन्होंने हाल ही में जमीन बेचकर पैसे जुटाए थे। हमें छापेमारी के दौरान थोड़ा शक भी हुआ। बदमाश जिन दो कारों में आए थे, उन पर कोई ऑफिशियल साइन बोर्ड नहीं था। उनके पास पिस्तौलें थीं और उनका बिहेवियर भी अजीब लग रहा था।

बदमाशों के जाने के बाद परिवार के एक सदस्य ने रात करीब सवा एक बजे पुलिस को कॉल किया। जब पुलिस की पीसीआर वैन घर पर पहुंची तो पीड़ित ने उन्हें बताया कि फर्जी ईडी टीम मित्राऊं गांव की ओर गई है। पुलिस अधिकारी ने द्वारका में तैनात टीमों को सतर्क किया और विभिन्न इलाकों में जांच शुरू कर दी।

### पुलिस ने बदमाशों को रोका, पर वे नहीं रुके, 2 किमी बाद दबोच लिया

कुछ देर बाद ही पुलिस कंट्रोल रूम टीम को एक कार दिखी, जो स्पीड में थी। उन्होंने ड्राइवर को रुकने का इशारा किया, लेकिन वो रुका नहीं। इसके बाद पुलिस ने 2 किमी तक कार का पीछा किया और नरेला में वाहन को रोकने में कामयाब रहे। जैसे ही कार रुकी, एक बदमाश ने पिस्तौल निकाली और गोली चलाने की कोशिश की, लेकिन पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया।

पुलिस को कार में 70 लाख रुपए मिले। आरोपी की पहचान सोनीपत निवासी अमित उर्फ विक्की (37) के रूप में हुई।
वह पहले बिंदापुर में हत्या समेत दो आपराधिक मामलों में शामिल था। पुलिस अधिकारी आनंद मिश्रा ने बताया कि अमित को स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया है।

डीसीपी (द्वारका) एम हर्षवर्धन ने कहा कि गिरफ्तारी के बाद छापेमारी की गई और तीन और संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। उनसे तीस लाख रुपए बरामद हुए।

### पुलिस को किसी परिचित पर शक

पुलिस ने कहा कि जिस घर में फर्जी छापेमारी की गई, उस परिवार ने हाल ही में द्वारका में अपना प्लॉट साउथ दिल्ली के कुछ निवासियों को बेचा था। पीड़ित को जानने वाले एक व्यक्ति पर ईडी छापेमारी कराने का शक है। पुलिस को संदेह है कि दो ग्रुप काम कर रहे थे, एक ने इसकी योजना बनाई, दूसरे ने इसे अंजाम दिया।

## छेड़छाड़ का विरोध करने पर क्लासमेट को पीटा

नोएडा। नोएडा के एक नामचीन स्कूल में 11वीं की छात्रा से क्लासमेट 5 लड़कों ने छेड़खानी की। अश्लील धमकियां दी। यहां तक कहा कि किसी भी हद तक जा सकता हूं। जब लड़की उनके सामने नहीं झुकी तो 4 दिन बाद उसकी स्कूल परिसर में पिटाई कर दी। पिता की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी लड़कों के खिलाफ स्नद्बक्रदर्ज की है। मामले में पुलिस ने शनिवार को स्कूल प्रशासन को नोटिस भी जारी किया है। छात्रा के पिता ने कहा, पहली बार छेड़खानी होने पर स्कूल प्रशासन को पूरी घटना के बारे में बताया गया था, लेकिन उन्होंने एक्शन नहीं लिया। ये पूरा मामला कोतवाली सेक्टर-39 का है। इसी इलाके के सेक्टर-100 में पाथ-वे प्राइवेट स्कूल है। छात्रा के पिता के मुताबिक, उनकी बेटी स्कूल में कक्षा 11वीं में पढ़ती है। 9 अक्टूबर को बेटी के साथ उसी की कक्षा में पढ़ने वाले दो स्टूडेंट्स ने छेड़छाड़ की। उसको अश्लील शब्द कहे।

## दिल्ली-एनसीआर में महसूस हुए भूकंप के झटके

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा- ग्रेटर नोएडा और दिल्ली एनसीआर में एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। आपको बता दें कि रविवार की शाम 4 बजकर 8 मिनट पर आए भूकंप से लोग डर गए और अपने अपने घरों से बाहर निकल आए। आपको बता दे 15 दिनों में ये दूसरी बार भूकंप के तेज झटके महसूस किए है।
लेकिन इस बार काफी तेज झटके महसूस हुए है और ओर एक बात एक अजीब सी तेज आवाज भी सुनाई दी है। यह आवाज ऐसे थी जैसे कोई बड़ी बिल्डिंग धड़ाम से नीचे गिर गयी हो। इसी की आवाज सुनकर लोगों में काफी देर तक डर का माहौल रहा और अपने घरों से बाहर निकले और सुरक्षित स्थान पर जाकर जमा हो गए। आपको बता दें यह भूकंप रिक्टर पैमाने पर 4.2 मापा गया है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा समेत पूरे दिल्ली एनसीआर में पिछले दिनों 3 अक्टूबर 2023 को भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। बारह दिनों में दो बार भूकंप के झटके महसूस किए जाने से नोएडा और दिल्ली एनसीआर के लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। वही रविवार को शाम 4 बजकर 8 मिनट पर जैसे ही भूकंप के झटके महसूस किए गए लोग अपने अपने घरों से बाहर निकल आए और खुले मैदान में आकर जमा हो गए।
सूरजपुर के रहने वाले आमिर ने बताया कि वह अपने घर में अंदर बैठे हुए थे और अचानक से तेज आवाज हुई और एक साथ कंपन हो गया। जैसे ही कंपन हुआ परिवार के सब लोगों को मैंने आवाज़ लगाई और सभी लोग हम बाहर आ गए।

# कोर्ट ने सुपरटेक के चेयरमैन आर के अरोड़ा को डिफॉल्ट जमानत देने से किया इनकार



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रियल एस्टेट प्रमुख सुपरटेक ग्रुप के अध्यक्ष और प्रमोटर आर के अरोड़ा को डिफॉल्ट जमानत देने से इनकार कर दिया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश देवेंदर कुमार जांगला ने अरोड़ा द्वारा दायर आवेदन को खारिज कर दिया। जिसमें तर्क दिया गया था कि उन्हें जमानत दी जानी चाहिए, क्योंकि केंद्रीय जांच एजेंसी ने उनके खिलाफ अपूर्ण आरोप पत्र दायर किया था। न्यायाधीश ने यह कहते हुए दलील खारिज कर दी कि ईडी ने अरोड़ा के खिलाफ जांच पूरी कर ली है। न्यायाधीश ने 14 अक्टूबर को पारित एक आदेश में कहा कि उपरोक्त चर्चाओं से यह स्पष्ट है कि अभियोजन पक्ष ने जांच पूरी होने पर आवेदक राम किशोर अरोड़ा सहित शिकायत में नामित आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ शिकायत दर्ज की है। शिकायत में उल्लिखित आरोपी व्यक्तियों की जांच पूरी हो गई थी। रिकॉर्ड पर सामग्री की पर्याप्तता को देखते हुए संज्ञान लिया गया है। इससे कोई धारणा नहीं बनाई जा सकती है। न्यायाधीश ने कहा कि रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री के अवलोकन से पता चलता है कि जांच अधूरी है।

उन्होंने कहा कि आरोपी ने एक आवेदन दायर किया है, जिसमें दावा किया गया है कि अगर जांच एजेंसी कानून द्वारा दी गई वैधानिक अवधि के भीतर आरोप पत्र दायर करने में विफल रहती है तो ईडी ने डिफॉल्ट जमानत पाने के उसके वैधानिक अधिकार को खत्म करने के लिए अपूर्ण आरोप पत्र दायर किया था। एक आरोपी की गिरफ्तारी से जांच पूरी करें। आवेदन में दावा किया गया है कि आरोप पत्र, जिसे अंतिम रिपोर्ट भी कहा जाता है, जांच पूरी होने पर दायर की जाती है। लेकिन वर्तमान मामले में ईडी की जांच अभी भी जारी है।

ईडी के विशेष लोक अभियोजक एनके मट्टा ने वकील मोहम्मद फैजान खान के साथ आवेदन का विरोध करते हुए दावा किया था कि भले ही मामले में जांच अभी भी जारी है, लेकिन अरोड़ा के संबंध में जांच पूरी हो चुकी है। अभियोजन की शिकायत, ईडी की एक चार्जशीट के बराबर ने दावा किया था कि मनी लॉन्ड्रिंग के लिए अरोड़ा पर मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत थे। अरोड़ा को तीन दौर की पूछताछ के बाद 27 जून को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया था।

# दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री मदनलाल खुराना को उनकी 87वीं जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए

### दिल्ली देहात के चहुंमुखी विकास में मदनलाल खुराना का योगदान अविस्मरणीय : दयानंद वत्स

दिल्ली आदर्श मूल ग्रामीण समाज और अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री मदनलाल खुराना को आज उनकी 87वीं जयंती पर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

वत्स ने कहा कि दिल्ली के नवनिर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। दिल्ली का मुख्यमंत्री रहते हुए खुराना जी ने दिल्ली देहात के चहुंमुखी विकास के लिए उन्होने ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं की उच्च शिक्षा के लिए बवाना में अदिति और कैर गाँव में भगिनी निवैदिता कॉलेज. की स्थापना की। पूठखुर्द में महर्षि वाल्मीकि अस्पताल भी खुराना जी की ही देन है। कार्यकारी पार्षद स्वास्थ्य के पद पर रहते हुए ही उन्होने ही सबसे पहले वाल्मीकि अस्पताल को बनाने की घोषणा की थी। वत्स ने कहा कि शेरे दिल्ली के.नाम से विख्यात खुराना जी एक समर्पित शिक्षक और कुशल राजनेता थे।



## मसूरी एक्सप्रेस से गिरकर युवक की मौत

गाजियाबाद । मसूरी एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर शनिवार रात एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान अमन गोयल निवासी गंगापुरम मसूरी के रूप में हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि अमन अपने दोस्तों के साथ मसूरी एक्सप्रेस ट्रेन से मसूरी जा रहा था। जैसे ही ट्रेन डासना फाटक से आगे निकली तो युवक संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर गया। उसके दोस्तों ने पिलखुवा पहुंचकर देखा तो वह ट्रेन में नहीं था। पूछताछ व छानबीन करने पर पुलिस को पता चला कि युवक ट्रेन की खिड़की की तरफ बैठा था।

## ढाई करोड़ का गांजा बरामद : उड़ीसा से ट्रक में छिपाकर लाया गया, एक आरोपी गिरफ्तार


गाजियाबाद। गाजियाबाद पुलिस की क्राइम ब्रांच ने 300 किलो गांजे के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक इस गांजे की अंतरराष्ट्रीय मार्केट में इसकी कीमत ढाई करोड़ रुपए है। गांजा उड़ीसा से 18 टायरा ट्रक में छिपाकर दिल्ली-एनसीआर में सप्लाई करने के लिए लाया गया था। एडिशनल डीसीपी सच्चिदानंद ने बताया, पकड़ा गया आरोपी मोहम्मद जफर उर्फ जफरुद्दीन है जो बरेली के बैकुंठापुर, भोजीपुरा का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच ने आरोपी को शनिवार शाम दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे स्थित बम्हेटा कट के सामने से गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से एक ट्रक भी बरामद किया गया है। पूछताछ में आरोपी जफर ने बताया, पांचवीं तक पढ़ाई करने के बाद मैंने ट्रक पर क्लीनर का काम किया और फिर धीरे-धीरे ट्रक चलाना भी सीख लिया। इसके बाद कुछ दिनों तक मैंने ट्रांसपोर्ट के ट्रक पर काम किया, लेकिन उसमें बहुत ज्यादा आमदनी नहीं थी। इस बीच मैं बरेली के जावेद के संपर्क में आया। जावेद पहले से ही उड़ीसा से मादक पदार्थों की तस्करी का काम करता रहा है। जावेद के कहने पर जफर भी इस धंधे में कूद पड़ा और उड़ीसा से माल लेकर उसे उत्तर प्रदेश, दिल्ली, एनसीआर, उत्तराखंड तक सप्लाई करने लगा।

## गंगाजल की जगह घरों में गंदा पानी

ग्रेटर नोएडा। गंगा जल की जगह घरों में गंदा पानी पहुंच रहा है। आए दिन पानी की पाइप लाइन फटने के कारण समस्या आ रही है। पाइप की गुणवत्ता और उसकी चौड़ाई को लेकर लोग सवाल उड़ा रहे हैं। वहीं, अधिकारियों का कहना है कि अगर किसी तरह की कमी पाई गई तो संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 85 क्यूसेक 1600 करोड़ रुपये में तैयार जैतपुर गंगजल परियोजना का उद्घाटन 1 नंवबर-2022 को किया था। उस दौरान जैतपुर स्थित मास्टर रिजर्व वायर से तीन रिजर्व वायर तक गंगाजल पहुंचा था। कुछ ही सेक्टरों में पानी की आपूर्ति की गई थी, लेकिन बाद में पूरे ग्रेटर नोएडा और ग्रेनो वेस्ट में आपूर्ति की जानी थी। प्राधिकरण ने बाद में 39 सेक्टरों में गंगाजल की आपूर्ति शुरू की। इस बीच औद्योगिक मंत्री और औद्योगिक प्रमुख सचिव व प्राधिकरण के चेयरमैन ने भी गंगाजल आम लोगों तक पहुंचने के लिए निर्देश दिए थे। ग्रेनो निवासी आलोक सिंह का कहना है कि लोगों का कहना है कि पाइपलाइन में जिस गुणवत्ता की पाइप लगाई जानी थी, नहीं लगाई गई। इसके कारण पानी का प्रेशर पाइप नहीं झेल पाता है। इससे लीकेज की समस्या आ रही है। अब आईआईटी टीम दिल्ली की जांच रिपोर्ट का इंतजार है। इसके बाद ही कोई रास्ता निकला जा सकेगा।

# बिल्डरों को डेबिट कार्ड, चेक बुक और नेट बैंकिंग की सुविधा देने पर रोक

### यूपी रेरा ने प्रोजेक्ट के सेपरेट व कलेक्शन अकाउंट के संबंध में बैंकों को दिया आदेश




**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश भूसंपदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने बिल्डरों को डेबिट कार्ड, चेक बुक और नेट बैंकिंग की सुविधा देने पर रोक लगा दी है। यह रोक प्रोजेक्ट के तीन में से दो सेपरेट और कलेक्शन अकाउंट पर लागू होगी। साथ ही बैंक खाता केवल मुख्य प्रोमोटर के नाम से खुलेंगे। इस संबंध में यूपी रेरा ने सभी बैंकों को आदेश जारी किया है। साथ ही राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति को नियमों का पालन कराने की जिम्मेदारी सौंपी हैं। 24 दिसंबर, 2020 में यूपी रेरा ने एक आदेश जारी किया कि एक अप्रैल, 2021 से पंजीकृत होने वाले प्रोजेक्टों के तीन बैंक खाते होंगे। इनमें सेपरेट, कलेक्शन और ट्रांजेक्शन अकाउंट हैं। प्रोजेक्ट से जुड़ा पूरा पैसा कलेक्शन अकाउंट में आएगा। बैंकों को स्वत: ही 70 प्रतिशत धनराशि सेपरेट और 30 प्रतिशत धनराशि ट्रांजेक्शन अकाउंट में भेजनी होगी। अब यूपी रेरा ने सेपरेट और कलेक्शन अकाउंट में बिल्डरों को डेबिट कार्ड, चेक बुक और नेट बैंकिंग की सुविधा देने पर रोक लगा दी है। अफसरों का कहना है कि दोनों अकाउंट की धनराशि केवल प्रोजेक्ट पर ही खर्च की जाएगी। इन सुविधाओं से बिल्डर धनराशि का गलत उपयोग कर सकते हैं। ऐसे में तीनों सुविधाओं पर रोक लगाई है। इस संबंध में सभी बैंकों को आदेश दिया गया है। अफसरों ने बताया कि प्रोजेक्ट के बैंक खाते केवल मुख्य प्रोमोटर के नाम पर ही खोले जाएंगे।

### नियमों का पालन होने की जानकारी देंगे बैंक

यूपी रेरा के अफसरों ने बताया कि बैंकों को खातों से जुड़े नियमों का पालन करना होगा। उसके बाद यूपी रेरा कार्यालय को पत्र के माध्यम से इसकी सूचना भेजनी होगी। जबकि एक पत्र बिल्डर को दिया जाएगा। बिल्डर पंजीकरण आवेदन के साथ उस पत्र को दाखिल करना होगा। अफसरों ने साफ किया है कि अगर नियमों का पालन नहीं किया तो फिर पंजीकरण नहीं होगा।

# अंसल-सर्वोत्तम बिल्डर का निर्माण कार्य रुकवाया

### किसानों ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने का लिया फैसला

ग्रेटर नोएडा। संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले किसान संगठनों ने शनिवार को अंसल-सर्वोत्तम बिल्डर का निर्माण कार्य फिर से रुकवा दिया। बिल्डर के प्रतिनिधि कुछ लोगों के साथ जमीनों पर फसल को नष्ट कर कब्जा लेने के लिए जेसीबी के पहुंचे थे। उन्होंने गड्ढे बनाए तो किसान काफी संख्या में पहुंच गए। जेसीबी मशीन से फिर से गड्ढों को भरवा दिया।
अब किसानों ने बिल्डर के दफ्तर पर महापंचायत करके अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने का फैसला लिया है। अंसल हाउसिंग सोसाइटी को अब सर्वोत्तम समूह ने टेकओवर कर लिया है और कुछ दिन पहले ही आवासीय भूखंडों को बेचना शुरू किया था। इस पर यूपी रेरा ने नोटिस भेजकर अवैध तरीके से काम करने का नोटिस जारी किया था। रविवार को सर्वोत्तम समूह के जमीनों पर कब्जा करने की बात जब किसानों को पता चली तो जय जवान जय किसान और भाकियू कृषक शक्ति समेत कई अन्य संगठन मौके पर पहुंच गए। इन्हें देख बिल्डर प्रतिनिधि वहां से चले गए। किसान नेता सुनील फौजी ने सभी किसान संगठन रविवार से अंसल बिल्डर कार्यालय के पास महापंचायत कर अनिश्चितकालीन धरना देंगे। यहां विजय भाटी, जितेंद्र भाटी बोड़ाकी, देवेंद्र, धर्मवीर भाटी, संजय, हातम भाटी आदि मौजूद रहे।

### एसआईटी जांच रिपोर्ट के खिलाफ किसानों ने भरी हुंकार

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण एवं एसआईटी द्वारा किसानों की आबादियों को खारिज करने की रिपोर्ट के खिलाफ चौगानपुर गांव में महापंचायत की। किसान संघर्ष समिति के प्रवक्ता मनवीर भाटी ने बताया कि किसान अपनी मांगों को लेकर सोमवार को प्राधिकरण का घेराव करेंगे। रिपोर्ट रिपोर्ट में जिन दो किसानों को बाहरी बताकर खारिज किया है वे दोनों मूल किसान है। इसकी विशेष जांच दल से दोबारा जांच कराई जाए।

## एटीएम बूथ में कार्ड बदलकर दो लाख रुपये निकाले

साहिबाबाद। हिंडन एयरफोर्स चौकी के पास शातिरों ने एटीएम बूथ में करहेड़ा के नरेंद्र सिंह को मदद के बहाने उनका डेबिट कार्ड बदलकर खाते से दो लाख रुपये निकाल लिए। उन्होंने अज्ञात के खिलाफ साहिबाबाद पुलिस को ठगी का मुकदमा कराया है। नरेंद्र का कहना है कि बुधवार सुबह 10: 30 बजे हिंडन एयर फोर्स स्टेशन के पास निजी बैंक के एटीएम से रुपये निकालने गए थे। डेबिट कार्ड फंसने पर वहां मौजूद दो लोगों ने मदद के बहाने बातों में फंसा लिया फिर उनका डेबिट कार्ड बदल दिया। बिना रुपयों की निकासी करे घर पहुंचे तो कुछ देर में बैंक का मैसेज देखकर होश उड़ गए। खाते से शातिरों ने दो लाख रुपये की निकासी कर ली थी।

# जमीन के विवाद में चचेरे भाई का गला रेतकर नाले में फेंका

नोएडा। जमीन के विवाद में राजमिस्त्री ने चचेरे भाई का गला रेतकर लहूलुहान कर दिया। उसे मृत समझकर नाले में फेंक दिया। राहगीरों ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। गले में गंभीर घाव होने के कारण पवन को चिकित्सकों ने एम्स दिल्ली रेफर कर दिया। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद पीड़ित मूलरूप से टीकमगढ़ निवासी पवन अहिरवार की शिकायत पर कोतवाली सेक्टर-113 पुलिस ने हत्या के प्रयास की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।
पुलिस को दी शिकायत में पवन ने कहा है कि चचेरे भाई श्रीपत से पट्टे की जमीन को लेकर उसका विवाद चल रहा है। दोनों लोग सेक्टर-112 में रहकर राजमिस्त्री का काम करते हैं। पवन का आरोप है कि कुछ दिन पहले श्रीपत ने उसे शराब पीने के लिए घर के पास स्थित ठेके पर बुलाया। ठेके पर श्रीपत ने शराब खरीदी जिसके बाद दोनों ने सेक्टर-122 की तरफ जाकर शराब पी।
आरोप है कि जैसे ही पवन घर जाने के लिए उठा श्रीपत ने चाकू निकालकर गला रेत दिया। पवन लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। आरोपी ने पवन को मरा हुए समझकर उसे सड़क किनारे नाले में फेंक दिया।

# संपादकीय

## भड़कता युद्ध

पश्चिम एशिया में युद्ध के हालात का लगातार बिगड़ते चले जाना एक बड़ी चिंता का विषय है। यह बहुत दुखद और शर्मनाक है कि युद्ध रोकने के गंभीर प्रयास नदारद हैं और युद्ध में किसी न किसी का पक्ष लेने की होड़ मची हुई है। उदासीनता की वजह से संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक संगठन का विरोध भी हो रहा है। इजरायल ने करीब साढ़े तीन लाख सैनिक पूरे साजो-सामान के साथ युद्ध में उतार दिए हैं, तो आतंकी संगठन हमास के लगभग 1,200 आतंकियों के बारे में बताया जा रहा है कि वे इजरायल में घुसपैठ कर चुके हैं और भयानक हमले की तैयारी में हैं। दोनों ओर से जुबानी जंग भी घातक हो चली है। एक-दूसरे को मिटा देने या अब तक के सबसे गहरे घाव देने के दावे किए जा रहे हैं। शुद्ध रूप से दहशत की स्थिति है। अब पूरा जोर बस इस बात पर है कि कौन किसको पहले आतंकित कर पाता है। हमास यह बताने में लगा है कि वह इजरायल से अब तक का सबसे बड़ा बदला लेगा, तो दूसरी ओर, इजरायल ने घोषणा ही कर दी है, दुश्मन खुद को मुर्दा मान लें। जिस भाषा में दोनों पक्ष हमलावर हो रहे हैं, वह निकट भविष्य में सुलह की उम्मीद नहीं जगाती। झ्ठुपश्चिम एशिया से जो खबरें आ रही हैं, उनसे पता चलता है कि कम से कम छह देश युद्ध में प्रत्यक्ष या परोक्ष ढंग से कूद गए हैं। हमास पहले से ही सक्रिय है और अब उसके समर्थन में लेबनान की ओर से आतंकी संगठन हिज्बुल्लाह भी उतर आया है। ईरान भी बांहें चढ़ा रहा है। यह गौर करने की बात है कि हमास और हिज्बुल्लाह जैसे आतंकी संगठनों की पीठ पर ईरान का मजबूत हाथ रहा है। ये संगठन इजरायल के विरुद्ध वर्षों से विषवमन करते रहे हैं और अब सीधे मैदान में उतरकर चुनौती देने लगे हैं। इन सबके जवाब में इजरायल जो कर रहा है, वह भी बहुत निंदनीय है। उसके हमले में गाजा में मासूम भी मारे जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, इजरायल बदला लेने के लिए इतना आक्रामक या अंधा हो गया है कि उसने हमले में अपने ही बंधक बनाए गए नागरिकों को मार गिराया है। युद्ध के भी अपने नियम होते हैं, पर इजरायल को कौन समझाए ? अमेरिकी विदेश मंत्री पश्चिम एशिया में ही हैं और वह नसीहत देने के बजाय इजरायल को हरसंभव मदद का आश्वासन दिए जा रहे हैं। क्या एक बार भी अमेरिका को यह नहीं कहना चाहिए कि इजरायल हमले करते समय आम लोगों को निशाना न बनाए। अतार्किक बर्बरता को रोकने का कोई तो उपाय होगा ?
यह खबर भी झकझोर रही है कि इजरायल ने रासायनिक हथियार का भी इस्तेमाल किया है। ह्यूमन राइट्स वॉच ने शुक्रवार को इजरायल पर गाजा और लेबनान में अपने सैन्य अभियान के दौरान सफेद फास्फोरस का उपयोग करने का आरोप लगाया है। सफेद फास्फोरस लोगों को गंभीर रूप से जला सकता है और इसका असर लंबे समय तक रहता है। संयुक्त राष्ट्र और दुनिया की बड़ी शक्तियों को बहुत सख्ती के साथ युद्ध के शौकीनों को पाबंद करना चाहिए कि युद्ध नियमों का पालन हो। पिछले शनिवार को शुरू हुए हमले के बाद से पश्चिम एशिया में लगभग 3,000 लोग मारे जा चुके हैं, हजारों घायल हुए हैं और करीब तीन लाख बेघर हुए हैं। यह हमास या हिज्बुल्लाह के आकाओं के बारे में नहीं, बल्कि दोनों तरफ के आम लोगों के बारे में सोचने का समय है। मानवता की कराह दुनिया के जिम्मेदार नेताओं के कानों तक जरूर पहुंचनी चाहिए।



## हमास की पूरी तरह समाप्ति तक इजरायल नहीं बंद करेगा युद्ध

इजरायल और हमास के बीच युद्ध और भी गंभीर हो गया है. 10वां दिन है, लेकिन युद्ध के खत्म होने के आसार नहीं नजर आ रहे हैं. इजरायल के लिए लेबनान की तरफ से भी एक मोर्चा खुला है और ईरान ने भी धमकी दे दी है. पश्चिम एशिया के इस्लामिक देश लामबंद हो रहे हैं तो रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने इजरायली हमलों की तुलना सेंट पीटर्सबर्ग पर नाजी हमले से कर दी है. चीन ने भी कहा है कि इजरायल अब हद पार कर रहा है. ऐसे में सवाल यही उठ रहा है कि दुनिया के बड़े हिस्से तक यह जंग फैलेगी या उसी इलाके तक सिमट कर रह जाएगी ?

इस युद्ध को पूरी गंभीरता से देखने की जरूरत है. इजरायल और हमास के बीच यह संघर्ष हमास के हमले के बाद शुरू हुआ. इजरायल पूरी तरह प्रतिबद्ध है कि भविष्य में ऐसी आतंकी घटनाएं न हों, इसके लिए वह पूरी तरह से हमास को खत्म करना चाहता है. घटना के कुछ दिनों बाद इस्लामिक देशों का समूह एकत्रित होकर इजरायल के प्रति-उत्तर पर आक्रामक अभियान कर रहे हैं. यह सवाल तो विश्व-समुदाय के लिए भी उठता है कि हमास, हिजबुल्ला और अल-हैफी जैसे जो आतंकी संगठन हैं, इनको पनाह देनेवाले कौन देश हैं ? दूसरी बात यह है कि हरेक को अपनी रक्षा करने का अधिकार है. इजरायल पर अगर आतंकी हमला हुआ है, तो उसका प्रत्युत्तर देना तो लाजिमी है और यह इजरायल का अधिकार भी है. यह तो हमास और उसके हिमायती देशों को पहले सोचना चाहिए था कि इजरायल को जवाब के लिए ही जाना जाता है. यह तो जाहिर है कि दक्षिणी, उत्तरी और समुद्री क्षेत्र की तरफ से जो इजरायल पर लगातार हमले हो रहे हैं, वह केवल हमास नहीं कर रहा है, उसको कुछ अन्य देशों की सहायता भी मिल रही है.

जिस तरीके से हमास के लड़ाके ट्रेन्ड हैं, हमास के पास सॉफिस्टिकेटेड हथियार हैं, हमास के पास ऐसे हथियार हैं, जिससे व्यापक नरसंहार हो रहा है, इससे साफ होता है कि हमास अकेला नहीं लड़ रहा है. हां, ये जरूर है कि जो अब तक परोक्ष रूप से लड़ रहे थे, वे 22 इस्लामिक देश खुलकर इस युद्ध का विरोध कर रहे हैं. दूसरे, जो गाजा से सटे हैं या ईरान है, उसकी प्रमुख भूमिका दिख रही है. यह युद्ध बहुत लंबा खींचने की ताकत ईरान, तुर्किए, मिस्र या लेबनान में भी नहीं है, क्योंकि उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है. विचारधारा और धर्म के नाम पर ये युद्ध को 10 से 15 दिन तक खींच सकते हैं, लेकिन उससे अधिक नहीं. इजरायल की तरफ पूरा यूरोपीय संघ, अमेरिका और दुनिया के अन्य लोकतांत्रिक देश भी हैं, जो इस युद्ध में आतंकी हमले के खिलाफ हैं. दुनिया साफ तौर पर दो भागों में बंट गयी है. एक दुनिया वह है, जो आतंकी हमले के खिलाफ इजरायल के साथ खड़े हैं, दूसरी दुनिया केवल धर्म के नाम पर इजरायल की मुखालफत कर रही है. जहां तक युद्ध के बढ़ने की बात है, अमेरिका प्रत्यक्ष तौर पर युद्ध में शामिल नहीं होगा. अगर ऐसा करना होता तो वह यूक्रेन में खुलकर सामने आ जाता. वह युद्धपोत, हथियार और धन की व्यवस्था इजरायल के लिए करेगा. दूसरी ओर सीरिया, ईरान, इजिप्ट, तुर्किए वगैरह जो देश हैं, वे इस हालत में नहीं हैं कि वे एक-दो महीने का युद्ध झेल सकें. ये खुद ही बर्बाद हैं. अगर कोई यह कहे कि यह युद्ध भी रूस-यूक्रेन युद्ध की तरह एक वर्ष से अधिक तक खिंचेगा, तो वह गलत बात होगी. यहां दो देश आमने-सामने नहीं हैं. यहां एक समूह है जो विचारधारा और धर्म के नाम पर कोशिश कर रहा है कि गाजा और हमास का समर्थन करें, उनके पास लेकिन संसाधन नहीं हैं. यह इजरायल के ऊपर निर्भर करता है कि वह इस युद्ध को कितना लंबा खींचना चाहता है. इजरायल की नीति है कि वह आतंकी हमलों की संभावना को निर्मूल करे. इजरायल ने वेस्ट बैंक में फिलीस्तीन अथॉरिटी के राष्ट्रपति महमूद अब्बास के साथ शांति स्थापित कर वह किया भी था. वह शांति की तरफ बढ़ रहा था, लेकिन हमास के आतंकी हमले से अब बात पूरी तरह इजरायल पर आ गयी है कि वह इस जंग को कब खत्म करना चाहता है.

नवरात्रि पर्व पर विशेष

# नवरात्रि : नौ शक्तियों का मिलन पर्व



योगेश कुमार गोयल




नौ दिनों तक चलने वाले नवरात्रि पर्व की शुरूआत हो चुकी है। आदि शक्ति दुर्गा की पूजा के इस पावन पर्व का विशेष महत्व माना जाता है। नवरात्रि के ये नौ दिन देवी दुर्गा के विभिन्न नौ स्वरूपों की उपासना के लिए निर्धारित हैं और इसीलिए नवरात्रि को नौ शक्तियों के मिलन का पर्व भी कहा जाता है। प्रतिपदा से शुरू होकर नवमी तक चलने वाले नवरात्र नवशक्तियों से युक्त हैं और हर शक्ति का अपना-अपना अलग महत्व है। शारदीय नवरात्रि की शुरुआत इस वर्ष 15 अक्तूबर से हुई है, जिनका समापन 23 अक्तूबर को होगा।

नवरात्र के पहले स्वरूप में मां दुर्गा पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में विराजमान हैं। नंदी नामक वृषभ पर सवार शैलपुत्री के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है।

शैलराज हिमालय की कन्या होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया। इन्हें समस्त वन्य जीव-जंतुओं की रक्षक माना जाता है। दुर्गम स्थलों पर स्थित बस्तियों में सबसे पहले शैलपुत्री के मंदिर की स्थापना इसीलिए की जाती है कि वह स्थान सुरक्षित रह सके।

मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप 'ब्रह्मचारिणी' को समस्त विद्याओं की ज्ञाता माना गया है। माना जाता है कि इनकी आराधना से अनंत फल की प्राप्ति और तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम जैसे गुणों की वृद्धि होती है। 'ब्रह्मचारिणी' अर्थात् तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी श्वेत वस्त्र पहने दाएं हाथ में अष्टदल की माला और बाएं हाथ में कमंडल लिए सुशोभित है। कहा जाता है कि देवी ब्रह्मचारिणी अपने पूर्व जन्म में पार्वती स्वरूप में थीं। वह भगवान शिव को पाने के लिए 1000 साल तक सिर्फ फल खाकर रहीं और 3000 साल तक शिव की तपस्या सिर्फ पेड़ों से गिरी पत्तियां खाकर की। इसी कड़ी तपस्या के कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया।

मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप है चंद्रघंटा। शक्ति के रूप में विराजमान मां चंद्रघंटा मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्रमा है। देवी का यह तीसरा स्वरूप भक्तों का कल्याण करता है।

इन्हें ज्ञान की देवी भी माना गया है। बाघ पर सवार मां चंद्रघंटा के चारों तरफ अद्भुत तेज है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। यह तीन नेत्रों और दस हाथों वाली हैं। इनके दस हाथों में कमल, धनुष-बाण, कमंडल, तलवार, त्रिशूल और गदा जैसे अस्त्र-शस्त्र हैं। कंठ में सफेद पुष्पों की माला और शीष पर रत्नजड़ित मुकुट विराजमान हैं। यह साधकों को चिरायु, आरोग्य, सुखी और सम्पन्न होने का वरदान देती हैं। कहा जाता है कि यह हर समय दुष्टों का संहार करने के लिए तत्पर रहती हैं और युद्ध से पहले उनके घंटे की आवाज ही राक्षसों को भयभीत करने के लिए काफी होती है।

चतुर्थ स्वरूप है कुष्मांडा। देवी कुष्मांडा भक्तों को रोग, शोक और विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। यह बाघ की सवारी करती हुई अष्टभुजाधारी, मस्तक पर रत्नजड़ित स्वर्ण मुकुट पहने उज्जवल स्वरूप वाली दुर्गा हैं। इन्होंने अपने हाथों में कमंडल, कलश, कमल, सुदर्शन चक्र, गदा, धनुष, बाण और अक्षमाला धारण की हैं। अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कुष्मांडा पड़ा।

कहा जाता है कि जब दुनिया नहीं थी तो चारों तरफ सिर्फ अंधकार था। ऐसे में देवी ने अपनी हल्की-सी हंसी से ब्रह्मांड की उत्पत्ति की। वह सूरज के घेरे में रहती हैं। सिर्फ उन्हीं के अंदर इतनी शक्ति है, जो सूरज की तपिश को सहन कर सकें। मान्यता है कि वही जीवन की शक्ति प्रदान करती हैं।

दुर्गा का पांचवां स्वरूप है स्कन्दमाता। भगवान स्कन्द (कार्तिकेय) की माता होने के कारण देवी के इस स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। यह कमल के आसन पर विराजमान हैं, इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। इन्हें कल्याणकारी शक्ति की अधिष्ठात्री कहा जाता है। यह दोनों हाथों में कमलदल लिए हुए और एक हाथ से अपनी गोद में ब्रह्मस्वरूप सनतकुमार को थामे हुए हैं। स्कन्द माता की गोद में उन्हीं का सूक्ष्म रूप छह सिर वाली देवी का है।

दुर्गा मां का छठा स्वरूप है कात्यायनी। यह दुर्गा देवताओं और ऋषियों के कार्यों को सिद्ध करने लिए महर्षि कात्यायन के आश्रम में प्रकट हुईं। उनकी पुत्री होने के कारण ही इनका नाम कात्यायनी पड़ा। देवी कात्यायनी दानवों व पापियों का नाश करने वाली हैं।

वैदिक युग में ये ऋषि-मुनियों को कष्ट देने वाले दानवों को अपने तेज से ही नष्ट कर देती थीं। यह सिंह पर सवार, चार भुजाओं वाली और सुसज्जित आभा मंडल वाली देवी हैं। इनके बाएं हाथ में कमल और तलवार व दाएं हाथ में स्वस्तिक और आशीर्वाद की मुद्रा है।

दुर्गा का सातवां स्वरूप कालरात्रि है, जो देखने में भयानक है लेकिन सदैव शुभ फल देने वाला होता है। इन्हें 'शुभंकारी' भी कहा जाता है। 'कालरात्रि' केवल शत्रु एवं दुष्टों का संहार करती हैं।

यह काले रंग-रूप वाली, केशों को फैलाकर रखने वाली और चार भुजाओं वाली दुर्गा हैं। यह वर्ण और वेश में अर्द्धनारीश्वर शिव की तांडव मुद्रा में नजर आती हैं। इनकी आंखों से अग्नि की वर्षा होती है। एक हाथ से शत्रुओं की गर्दन पकड़कर दूसरे हाथ में खड्ग-तलवार से उनका नाश करने वाली कालरात्रि विकट रूप में विराजमान हैं। इनकी सवारी गधा है, जो समस्त जीव-जंतुओं में सबसे अधिक परिश्रमी माना गया है।

नवरात्र के आठवें दिन दुर्गा के आठवें रूप महागौरी की उपासना की जाती है। देवी ने कठिन तपस्या करके गौर वर्ण प्राप्त किया था। कहा जाता है कि उत्पत्ति के समय 8 वर्ष की आयु की होने के कारण नवरात्र के आठवें दिन इनकी पूजा की जाती है। भक्तों के लिए यह अन्नपूर्णा स्वरूप हैं, इसलिए अष्टमी के दिन कन्याओं के पूजन का विधान है। यह धन, वैभव और सुख-शांति की अधिष्ठात्री देवी हैं।

इनका स्वरूप उज्जवल, कोमल, श्वेतवर्णा तथा श्वेत वस्त्रधारी है। यह एक हाथ में त्रिशूल और दूसरे में डमरू लिए हुए हैं। गायन और संगीत से प्रसन्न होने वाली 'महागौरी' सफेद वृषभ यानी बैल पर सवार हैं।

नवीं शक्ति 'सिद्धिदात्री' सभी सिद्धियां प्रदान करने वाली हैं, जिनकी उपासना से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। कमल के आसन पर विराजमान देवी हाथों में कमल, शंख, गदा, सुदर्शन चक्र धारण किए हैं। सिद्धिदात्री देवी सरस्वती का भी स्वरूप हैं, जो श्वेत वस्त्रालंकार से युक्त महाज्ञान और मधुर स्वर से भक्तों को सम्मोहित करती हैं।

## त्रिशंकु बनकर लटक रहे हम

वर्तमान में आधुनिकता की अंधी दौड़ में हम इस तरह तेज भाग रहे हैं कि हमारी सात्विक सनातनी परंपराएं धीरे-धीरे पीछे छूट रही हैं और हम आधुनिकता तथा परंपराओं के बीच त्रिशंकु बंद कर लटक रहे हैं। भारतीय संस्कृति हमें अपने भारतीय होने का एहसास कराती है। जो हमें विश्व के अन्य देशों से विकास की दौड़ में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। भारत में अनेक परंपराएं ऐसी हैं जो सामाजिक जीवन को अधिक सभ्य एवं अच्छा इंसान बनाए रखने में योगदान देती है।
जिनसे मनुष्यता का जीवन जीने की प्रेरणा भी मिलती है। यांत्रिक उपकरणों की तरह जिंदगी जीना भी कोई जीना है। यह भारतीय संस्कृति में पाश्चात्य का घालमेल ही है जो मनुष्य के जीवन को यंत्रवत बना देता है। जो आने वाले कल के लिए घातक भी हो सकती है। वहीं दूसरी ओर पाश्चात्य दर्शन की कुछ विशेषताएं भी हैं, जो हमारे विचारों को अधिक तार्किक तथा बौद्धिक बनाती है।
जिससे हम अपना जीवन सात्विक तथा बौद्धिक बना सकते हैं। जिन्हें हम अपने जीवन में क्रियान्वित कर अपने मनुष्य जाति के जीवन को अधिक सार्थक एवं सुलभ बना सकते हैं। निसंदेह हमें रूढ़ीवादी या एकदम पुरातन पंथी संस्कृति से लगाव न रखकर पाश्चात्य संस्कृति के जो फायदे हैं, उन्हें अपनाकर अपना जीवन सरल सार्थक एवं सुगम बना सकते हैं। परंतु आज वर्तमान में हमने पश्चिम दर्शन से खोखला आधुनिकवाद ओढ़ लिया है ,हम ना अत्यंत आधुनिक ही हो सके हैं और ना ही सही-सही संस्कारित परंपरावादी ही बन पाए हैं हम हम पाश्चात्य दर्शन और भारतीय संस्कार और परंपरा के बीच त्रिशंकु बन कर झूल रहे हैंद्य विवेकानंद जी ने कहा है कि वीणा के तार को ईतना भी ना कसो कि वह टूट जाए, और इतना भी ढीला छोड़ो कि वह बज भी ना पाए, मूलत: हमें दोनों संस्कृतियों की समग्र अच्छाइयों को आत्मसात कर उनकी बुराइयों को त्यागना होगा तब ही जीवन सफल हो सकेगा।
भारतीय संस्कृति अध्यात्म प्रधान है। जबकि पश्चिमी सभ्यता भौतिकता लिए होती है, और उसमें भौतिकता की प्रधानता होती है। आध्यात्मिक प्रधान संस्कृति से तात्पर्य भौतिकता वादी दृष्टिकोण से दूर रहकर भौतिकता वादी होने का ही है। प्राचीन काल से ही भारत देश में %अतिथि देवो भव% और %वसुधैव कुटुंबकम% वाली संस्कृति रही है। भारत की सांस्कृतिक धरोहर, विश्वास, भावना,आस्था, धर्म, रीति रिवाज जैसे तथ्यों से भरी पड़ी है। धर्म प्रधान संस्कृति होने के कारण ही इसे आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाला देश माना गया है।
स्वामी रामकृष्ण परमहंस के शब्दों में यदि कहें तो ईश्वरत और त्याग पर्यायवाची शब्द है। संस्कृति और सदाचार उसकी बाह्य अभिव्यक्तियाँ है। परंपरागत दृष्टिकोण से हम अपने धार्मिक तथा अध्यात्मिक दर्शन को लेकर बहुत हद तक अपने आप को एवं देश को महिमामंडित करने में लगे रहते हैं।

## माता पिता

मात पिता भयतारण हारा
कहे रवि सुनो जग वासी
दूजा नहीं है तेरा रखवाला

मात पिता भयतारण हारा

कर संकल्प तुम्हें है जाया
सपनें अपने देखने वाला
तेरी हंसी पर हंसने वाला
तेरे दु:ख से दुखने वाला

मात पिता भयतारण हारा

प्रथम पकड़ कर तुम्हें चलाया
छोड़ने पर कर दौड़ने वाला
हाथों में तुम्हें झुलाने वाला
कंधे पर ले घूमे मतवाला

मात पिता है भयतारण हारा
मात पिता तेरा प्रथम गुरू है
पहली दीक्षा सब देने वाला
उनके दिल को प्रिय रहो निरंतर
खुशी सब उन्हें करो निहाला

मात पिता भयतारण हारा

पढ़ लिखकर तुम बनो सहाई
बनो सभी सुख देने वाला
वीर तुम्हीं धनवान हो तुम ही
नमन करो नित वो जग वाला

मात पिता भयतारण हरा
कहे रवि सुनो घर वासी
दूजा नहीं तेरा रखवाला

मात पिता भयतारण हारा

रविप्रकाश पाण्डेय
देवरिया उत्तर प्रदेश



# खाद्यान्नों के मामले में आत्मनिर्भर होता भारत



सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत'

एक समय था जब भारत अपनी खाद्यान्न आपूर्ति के लिये दूसरे देशों की दया पर निर्भर था। हमारे पास न उस समय कृषि के साधन थे, और न ही उन्नत तकनीक थी। फलत: आज का वही कृषक पहले अपनी कृषि से वैसा उपज नहीं प्राप्त कर पाता था, जैसा कि आज वह प्राप्त कर रहा है। आज कई मायनों में भारत खाद्यान्नों के मामले में अब आत्म निर्भर हो चुका है। इस संबंध में समाजशास्त्रियों का भिन्न-भिन्न मत है। कुछ कहते हैं कि ये ठीक है कि आज हम खाद्यान्न उपज के मामले में पूर्व से बहुत बेहतर हैं, पर आज हमारी जनसंख्या भी तो बहुत बढ़ गई है, जिससे हमारी खाद्यान्न उत्पादन की बढ़ी हुई क्षमता तो जैसी की तैसी ही रह गई अर्थात हम जहाँ पहले वे आज भी वहीं है कोई परिवर्तन नहीं है। जबकि दूसरे मत के समाजशास्त्री कहते हैं कि भारत में जनसंख्या की वृद्धि हुई है, यह सही बात है। पर इस तथ्य को भी हमें नहीं भूलना चाहिये कि यहाँ अब श्रम करने वाले हाथ भी तो उतने ही बढ़ गये हैं जो खाद्यान्न उत्पादन के लिये आवश्यक है। अर्थात जहाँ कम क्षेत्रफल में कम हाथों (श्रमजीवी किसान) द्वारा जो कार्य किया जा रहा था बहुत सीमित एरिया सीमित मात्रा में था, वह अब असीमित होकर हमारी क्षमता को बेहतर और वृहत्तर बना रहा है।

वैसे दूसरा मत वास्तविकता के नजदीक जान पड़ता है, ऐसा मुझे लगता है। एक दिन मैं एक पुरानी पत्रिका नवनीत जो मई 1973 को प्रकाशित हुई थी, उसके पृष्ठ को पढ़ रहा था तो उसमें एक जगह सरकारी विज्ञापन दिखाई दिया जिसमें लिखा था,.... कम अनाज खाइये खाद्यान्नों के मूल्य कम करना आपके हाथ में है, गेहूँ चावल कम खाईये, सप्ताह में कम से कम एक बार बिना अनाज का भोजन लीजिये। उक्त विज्ञापन से साफ जाहिर होता है कि आज से कुछ वर्षों पूर्व हम खाद्यान्न के मामले में बहुत पीछे थे, हमारे यहाँ खाद्यान्नों जैसे गेंहू, चावल की

बहुत कमी थी ,तभी तो सरकार ने मजबूर होकर ऐसा विज्ञापन दिया रहा होगा। पर क्या आपने आजकल गत वर्षों में ऐसा कुछ विज्ञापन देखा है.. ? इसका जवाब होगा बिलकुल नहीं। इसका मतलब यही हुआ न कि अब हमारे यहाँ वैसी स्थिति नहीं है। जैसी पहले हुआ करती थी। अब तो यह स्थिति है कि अब हम चायपत्ती उत्पादन में विश्व में प्रथम चावल में द्वितीय, गेहूँ में, तीसरे एवं चीनी उत्पादन में द्वितीय ,कपास में द्वितीय स्थान पर है। देश में चावल का सर्वाधिक उत्पादन करने वाला राज्य प. बंगाल एवं दूसरा आंध्र प्रदेश है, किंतु चावल की प्रति हेक्टेयर उपज पंजाब में सर्वाधिक है, मध्यप्रदेश आज देश में सोयाबीन का उत्पादन करने वाला सबसे बड़ा राज्य है। देश में मध्यप्रदेश ज्वार में प्रथम, तुअर में तथा अन्य दालों में द्वितीय, गेहूँ एवं चने में तृतीय और धान (चावल) में छठवाँ स्थान रखता है। किंतु प्रतिव्यक्ति औसत उत्पादन में पंजाब और हरियाणा के पश्चात तृतीय है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश में खरीफ की फसलें लगभग 83 प्रतिशत क्षेत्र में और रबी की फसलें मात्र लगभग 17 प्रतिशत क्षेत्र में बोई जाती हैं। विभिन्न खाद्यान्नों में कुछ क्षेत्र लगभग 82 लाख हेक्टेयर है, जिससे खाद्यान्न लगभग 71 लाख हेक्टेयर में और अन्य फसले लगभग 22 लाख हेक्टेयर में है। छत्तीसगढ़ में धान लगभग 37 लाख हेक्टेयर (कुल क्षेत्र का लगभग 44 प्रतिशत), गेहूँ 16 लाख हेक्टेयर, ज्वार लगभग 9 लाख हेक्टेयर और दालें 14 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बोई जाती है, तिलहनें लगभग 14 लाख हेक्टेयर में तथा अन्य क्षेत्र में गन्ना, कपास आदि एसले बोई जाती है। उत्पादन की दृष्टि से सन् 1988-89 में धान (चावल) 18.81, दाले 26.81, सोयाबीन सहित तिलहन 22.12 कपास 3.3, गन्ना 225 लाख मेट्रिक टन की पैदावार प्रदेश में प्राप्त की गई थी। सारे देश में उत्पादित चावल, गेहूँ, दालें, दलहन, कपास एवं गन्ने में सामान्यत:अविभाजित मध्यप्रदेश का योगदान 9, 11, 11, 8, 4, 7 प्रतिशत है। देश में अविभाजित मध्यप्रदेश ज्वार में प्रथम तुअर में द्वितीय, गेहूँ एवं चने में तृतीय चावल में छठवाँ स्थान रखता है ।

खाद्यान्न व्यवस्था में पशुधन भी एक महत्वपूर्ण सहयोग स्त्रोत है। पशु मूल्यवान प्रोटीन उपलब्ध कराने के अतिरिक्त कृषि के कार्य और ग्रामीण परिवहन के लिये चलशक्ति प्रदान करते हैं। सन् 1987 की पशु संगठनों के अनुसार अविभाजित मध्यप्रदेश में 4.63 करोड़ पंशु और 92 लाख कुक्कुट थे। सन् 1988-89 में 47.64 लाख लीटर दुग्ध संकलन एवं 58.65 लाख लीटर का वितरण सिर्फ डेयरी विकास निगम के द्वारा प्रदेश में किया गया। इसी प्रकार बढ़ती हुई जनसंख्या, सीमित कृषि क्षेत्र तथा संतुलित एवं पौष्टिक आहार की दृष्टि से मछली उत्पादन का कार्य भी सहयोगी खाद्यान्न उत्पादन कार्य के लिये किया गया।

सरसरी तौर पर देखा जाये तो यह निश्चित है कि खाद्यान्न उत्पादन के मामले में हमारा देश एक सीमा तक आत्मनिर्भर हो चुका है। आज स्थिति यह है कि गेहूँ, चीनी हमारे यहाँ गोदामों में ठसाठस भरे पड़े हैं, उनके सुरक्षित रखने की समस्या से दो चार होना पड़ रहा है।

पिछले वर्षों में गन्ना का रिकार्ड उत्पादन होने के कारण कृषकों को औने पौने दाम पर अपनी उपज बेचने पर मजबूर होना पड़ा था। यही कारण था कि चालू वर्ष में अधिकतर कृषकों ने गन्ने की उपज के बजाय दूसरे खाद्यान्नों की फसले ली। रिकार्ड उत्पादन के कारण हमारे यहाँ अभी भरपूर मात्रा में चीनी का स्टाक है (परंतु फिर भी न जाने किस नीति के तहत चीनी का बाहरी देशों जैसे बांग्लादेश आदि से आयात किया गया) पर .उसका उचित समय पर उपयोग नहीं होने से कृषक जगत में गलत संदेश जाता है। इसकी व्यवस्था को खासा ध्यान देना चाहिये।

प्रदेश में उत्पादन क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के लिये उनकी आर्थिक उन्नति हेतु विश्व खाद्य कार्यक्रम की एक महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजना चलाई जा रही है। इस कार्यक्रम के तहत श्रमिकों के पारिश्रमिक से निश्चित राशि काटकर उन्हें अनाज, दाल और खाद्य तेल वितरित किया जाता है। काटी गई राशि कल्याण निधि में जमा की जाती है। एशिया महाद्वीप में अपनी तरह की विशालतम वह योजना का बारहवां चरण आरंभ हो चुका है। इसके अंतर्गत चार वर्षों की अवधि में 150 करोड़ रुपये मूल्य के खाद्यान्न तेल तथा दाल का वितरण किया जायेगा। इससे पूर्व विश्व खाद्य कार्यक्रम की योजना मजदूरों के कल्याण के लिये विश्व खाद्य कार्यक्रम के अंतर्गत संचित कल्याण निधि से विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। विश्व खाद्य कार्यक्रम में जनहित के कार्यों के अंतर्गत प्रदेश में अभी तक लगभग 813 डेम 193 शाला भवन 108 श्रमिक विश्राम स्थल तथा सामुदायिक भवन, 200 हेण्डपम्प, 335 कुँएँ, 80 झूलाघर, 156 ट्यूबवेल 218 गोबर गैस संयंत्र, लगभग 881 रपटें, लगभग 678 कि.मी. पहुँच मार्ग, 87 उद्वहन सिंचाई योजना, 106 आंगन बाड़ी एवं आदिवासी छात्रावास, 9 स्वास्थ्य केंद्र तथा 76 उप स्वास्थ्य केन्द्रों का निर्माण किया गया है। 14 एम्बुलेन्स क्रय की गई है, इसके अलावा 31 पशु शिविरों की भी स्थापना की गई है।

वर्तमान में पूरी दुनिया ये जान चुकी है कि भारत अब खाद्यान्न उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर एवं काफी तरक्की कर चुका है। पंजाब हरियाणा के कृषक तो अब बहुत आगे निकल चुके हैं। हमारे, गोदाम अब लबालब भरे पड़े रहते हैं। परंतु हमें यह देखकर निश्चित होने की कतई जरूरत नहीं है, हमें नित नए तकनीको को इस्तेमाल करने की जरूरत है जिससे के ऊपज और फसलें बढ़े जमीन की उर्वरा शक्ति भी आप बढ़ती रहें ।साथ ही उत्पादकता भी बढ़े। यह तो तय है कि हर आने वाला वर्ष अपने साथ बढ़ी हुई जनसंख्या को लेकर आएगा। तो इसके लिए हमें निश्चित तौर पर यह तैयारी करनी होगी कि हर पेट को अन्न मिले और खाद्यान्न की किसी भी प्रकार की कमी ना होने पाएं। वह इसके साथ हमें इसके लिए भी चौकन्ना रहना है कि आज के हमारे भारत देश की जनता के लिए हर पेट को भोजन मिल सके और सब की पूर्ति हो सके।

## शार्ट न्यूज

### ईट से कुचलकर वृध्द ग्रामीण की हत्या

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के आदर्श थाना मऊ दरवाजा क्षेत्र में ईट से कुचलकर फेंका गया वृद्ध ग्रामीण का शव रविवार सुबह बरामद किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम अदिउली का निवासी वृध्द चंद्रपाल (60) शनिवार रात्रि गांव समीपवर्ती एक गेस्ट हाउस में एक बरसी संस्कार में गया था। जब वह देर रात में घर वापस नहीं आया तो परिजनों ने आसपास क्षेत्र में खोजबीन की और कोई भी पता नहीं चल सका। गांव के पास से बाबरपुर गांव वाले रास्ते में, लोगों ने सुबह टंकी पानी के पास वाले बाम्बे में इस वृद्ध ग्रामीण की ईट से कुचलकर हत्या करके फेंका गये शव को पडा देखा गया। इधर घटना की सूचना मिलते ही लोगों की भीड़ मौके पर लग गई । यहां पहुंची फौरिसिक टीम एवं पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कीगई। सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक डॉ संजय सिंह एवं सीओ सिटी प्रदीप कुमार मौके पर पहुंचे। सीओ सिटी ने बताया कि वृद्ध ग्रामीण की प्रथम दृष्टया ईट से कुचलकर हत्या की गईऔर सभी बिंदुओ पर जांच की जा रही है। पुलिस में मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल फतेहगढ़ को भिजवाया।

### बरेली: बालिका के साथ अश्लीलता करने वाला अनाथालय प्रधान भेजा गया जेल

बरेली। उत्तर प्रदेश में बरेली के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित एक अनाथालय में अनाथ बालिका (08) से छेड़छाड़ करने के आरोपी अनाथालय प्रधान को गंभीर धाराओं में गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया गया। अनाथालय स्टाफ ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया था कि 31 जुलाई को इंटरवेल में अनाथालय प्रधान ने एक नाबालिग अनाथ बच्ची के साथ अश्लील हरकतें की है। इसकी शिकायत खुद छात्रा ने वार्डन से बातचीत के दौरान की। पीड़िता ने अनाथालय में रहने वाली अपनी बड़ी बहन को भी यह बात बताई थी। आरोपी बरेली कैंट थाना क्षेत्र निवासी है। बरेली शहर कोतवाली पुलिस ने बताया कि मामला काफी गंभीर है। प्रधान ओमकार आर्य (39) पर आईपीसी धारा 354 ए , 9घ/10 पोक्सो एक्ट में गिरफ्तार किया है। पूछताछ कर उसे विधिक कार्रवाई कर आज दोपहर जेल भेज दिया गया है। कोतवाल ने बताया कि अनाथालय कमेटी को प्रधान की हरकत की शिकायत उसी दिन मिल गई थी लेकिन कमेटी खामोश रही और पुलिस को नहीं बताया गया। इसकी भी जांच होगी।

### फांसी के फंदे पर लटकती मिली युवती

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ में बंद कमरे में साड़ी का फंदा लगाकर पंखे से फांसी लगा कर युवती जान दे दी। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। प्रतापगढ़ के महेशगंज थाना क्षेत्र के भुइसी ताली गांव सुभाष सरोज की बेटी राखी सरोज का बंद कमरे में लगा सीलिंग फैन में साड़ी से बांधकर फांसी लगा ली। हालांकि परिजन घर के बाहर कई घंटों से खोज बिन कर रहे थे। उसके बाद जब परिजन घर मे देखा। एक कमरा अंदर से बंद पड़ा है। जब परिजन ने राखी राखी की आवाज लगा कर दरवाजा पीटने लगे। उसके बाद खिड़की से देखा की राखी पंखे में साड़ी से फांसी लगा कर जान दे दी। तब परिजन ने दरवाजा को तोड़ दिया। पुलिस को सूचना दिया गया। मौके पर पहुँची उसके पुलिस ने शव को कब्जे मर लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के मामा सुग्गन सरोज ने हत्या का आरोप लगाया। कहा कि कुछ वर्षों पहले इसी तरह मेरी बहन की हत्या कर शव को जला दिया गया था।उसी तरह आज मौके पर नही पहुँचता तो राखी का भी अंतिम संस्कार कर दिया जाता।

### लखनऊ में नमन चैंबर कांप्लेक्स में आग

**लखनऊ।** लखनऊ में हैनीमैन चौराहे के पास सिंगापुर मॉल के सामने नमन चैंबर कॉम्प्लेक्स में रविवार शाम शार्ट सर्किट से आग लग गई। बिल्डिंग के ऊपरी फ्लोर से धुआं उठते देख लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। रविवार होने से बिल्डिंग में 20 से अधिक दुकानों के बंद होने से बड़ा हादसा टल गया। दमकल की दो गाड़ियों ने 45 मिनट में आग पर काबू पा लिया। आग कॉम्प्लेक्स के पास रखे ट्रांसफॉर्मर में हुए शॉर्ट सर्किट से होर्डिंग में लगने से फैली। जो कॉम्प्लेक्स में ग्राउंड फ्लोर से लेकर थर्ड फ्लोर तक सीढ़ियों पर रखे कबाड़ में फैल गई थी। गोमतीनगर विराजखंड स्थित नमन चैंबर में आग लगने पर गोमतीनगर फायर स्टेशन से पहुंची दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू कर दी। इसी बीच सहारा अस्पताल की भी एक दमकल की गाड़ी पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने ऊपर और नीचे दोनों तरफ से पानी की बौछार कर आग पर काबू पा लिया। एफएसओ शिव दरस ने बताया, कॉम्प्लेक्स के बगल में ट्रांसफॉर्मर में शार्ट सर्किट से पास लगी होर्डिंग ने आग पकड़ ली।

### इटावा में महिला ने की आत्महत्या

इटावा। इटावा में शादी के 8 साल बाद एक महिला की मौत हत्या और आत्महत्या के बीच उलझ गई है। जहां महिला के परिजन हत्या का आरोप ससुराल पक्ष पर लगा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर ससुराल पक्ष आत्महत्या की बात बोल रहा है। लेकिन पुलिस ऐसा मान करके चल रही है, कि महिला की मौत पारिवारिक विवाद के चलते फांसी लगाने से हुई है। बता दें इटावा जिले के जसवंतनगर इलाके के डूढहा गांव की यह घटना है। ऐसा कहा जा रहा है कि मंगलेश कुमारी नाम की महिला की शादी हृदयेश कुमार नाम के युवक से साल 2015 में हुई थी। शादी के दो साल तक तो सब कुछ ठीक ठाक चला लेकिन उसके बाद आए दिन दोनों के बीच विवाद होना शुरू हो गया है। मंगलेश कुमारी के पारिवारिक जन अपनी बेटी के परिजनों को समझाने आया करते थे लेकिन मामला शांत नहीं हुआ। महिला आज अपने घर के भीतर फांसी पर टंगी हुई पाई गई है। इसके बाद महिला के परिवरीजन मौके पर आ गए हैं। मौके पर पहुंचे सीओ अतुल प्रधान, निरीक्षक मुकेश सोलंकी ने फोरेंसिक टीम के साथ जांच की और उपनिरीक्षक संजय सिंह ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### बदायूं में विवाहिता की झुलसकर मौत

बदायूं। बदायूं में विवाहिता की झुलसकर मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि ससुरालियों ने दहेज की खातिर विवाहिता की जिंदा जलाकर हत्या की है। मायके वालों ने पुलिस को तहरीर दी तो पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना उसहैत क्षेत्र के दुर्जननगला गांवव निवासी शेरसिंह ने अपनी बेटी आरती (21) की शादी तकरीबन सात महीने पहले उझानी कोतवाली के पटपरागंज गांव के सुरजीत पुत्र अमर सिंह के साथ की थी। पोस्टमार्टम हाउस पर मायके वालों ने बताया कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग बुलेट बाइक व दो लाख रुपये कैश की डिमांड कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर आरती को प्रताड़ित किया जा रहा था। अक्सर उसके साथ मारपीट की जाती थी। कई बार आरोपियों को समझाया कि रुपयों का बंदोवस्त होते ही मांग पूरी कर दी जाएगी लेकिन आरोपियों ने प्रताड़ित करने का दौर जारी रखा। 13 अक्टूबर को आरती संदिग्ध हालात में झुलस गई। ससुरालीजन उसे बरेली के सरकारी अस्पताल ले गए। वहां इलाज में राहत न मिलने पर उसे अलीगढ़ रेफर किया गया था।

### गाजियाबाद में नवरात्र पर मंदिरों में भीड़

गाजियाबाद। गाजियाबाद में नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना हुई। मंदिरों में सुबह से देर शाम तक भक्तों का सैलाब रहा। प्रमुख मंदिरों में पूरे दिन घंटे-घड़ियाल बजते रहे। भक्तों ने पूजा-अर्चना कर मां से सुख-समृद्धि की मनोकामना मांगी। घरों में घट स्थापना हुई। दिल्ली के कालका मंदिर से लाई गई माता की अखंड ज्योत कई मंदिरों में स्थापित की गई। जबकि कुछ जगहों पर देवी जागरण भी आयोजित हुए। सिद्धार्थ विहार स्थित प्रतीक ग्रैंड सोसाइटी के टॉवर-सी 16 में महिलाओं ने माता की भव्य चौकी सजाई। इस मौके पर भजन-कीर्तन हुआ और प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर आकांशा, दीपिका, स्वांशी, रीना, प्राची, निकिता, शालिनी, सुनीता, आशु आदि मौजूद रहीं। डासना देवी मंदिर में रविवार से महाचंडी यज्ञ शुरू हुआ। मुख्य यजमान बीजेपी विधायक अजीतपाल त्यागी सपत्नीक रहे।

# इंडो-नेपाल बॉर्डर पर विद्यालयों को अपग्रेड करेगी योगी सरकार

**अंतर्राज्यीय और अंतर्राष्ट्रीय मार्गों एवं बहुउद्देशीय हब के करीब अवस्थित विद्यालयों को किया जाएगा अपग्रेड**



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अंतर्राज्यीय और अंतर्राष्ट्रीय मार्गों एवं बहुउद्देशीय हब के करीब अवस्थित विद्यालयों को अपग्रेड करने की योजना पर कार्य कर रही है। इसके अंतर्गत बहुउद्देशीय हब के करीब स्थित विद्यालयों के साथ ही इंडो-नेपाल बॉर्डर के मुख्य मार्गों पर स्थित विद्यालयों को भी अपग्रेड किया जाएगा। इस तरह के कुल 16 विद्यालयों को अपग्रेड किए जाने का प्रस्ताव है, जिसे सीएम योगी की मंजूरी मिल गई है। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी ने बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में विभाग के कई प्रस्तावों के लिए तैयार की गई कार्ययोजना को देखने के बाद अपनी सहमति दी है। इस प्रस्ताव को अमलीजामा पहनाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से करीब 8.5 करोड़ रुपए के बजट का प्रस्ताव है। इसी बैठक में सीएम योगी ने 57 जनपदों में अत्याधुनिक सुविधायुक्त मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय की शुरुआत करने के निर्देश दिए थे।

बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा मुख्यमंत्री के समक्ष रखे गए इस प्रस्ताव के तहत अंतर्राज्यीय मार्ग पर कुल 9 विद्यालयों को अपग्रेड किए जाने की योजना है। इस पर 3.71 करोड़ रुपए के खर्च की संभावना जताई गई है। इसी तरह अंतर्राष्ट्रीय मार्ग (इंडो-नेपाल बॉर्डर) पर स्थित 7 विद्यालयों को भी अपग्रेड किए जाने का प्रस्ताव है। इस पर सरकार 4.73 करोड़ रुपए खर्च करेगी। इन विद्यालयों को इस तरह अपग्रेड किया जाएगा, जिसमें छात्रों को स्मार्ट तरीके से शैक्षिक सामग्री प्राप्त हो सके। इन विद्यालयों में लैंग्वेज लैब के साथ कंप्यूटर लैब, स्मार्ट क्लास, मॉड्यूलर साइंस लैब, रोबोटिक्स एवं मशीन लर्निंग लैब्स, वाईफाई इनेबल्ड कैंपस जैसी सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। इसके अलावा 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था के लिए सुरक्षा कर्मी एवं सफाई कर्मी तैनात किया जाएगा।

## झांसी: मिनी ट्रक पलटने से चालक की मौत, एक अन्य गंभीर

झांसी । उत्तर प्रदेश में झांसी के पूंछ थानाक्षेत्र में रविवार को एक मिनी ट्रक के अनियंत्रित होकर खाई में गिरकर पलट गया। इस दुर्घटना में चालक की मौत हो गयी जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पूंछ थानाक्षेत्र में ढेरी की पुलिया के पास एक मिनी ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में गिरकर पलट गया। इस दुर्घटना में ट्रक चालक केबिन में फंस गया । सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद चालक और ट्रक के सवार एक अन्य व्यक्ति को बाहर निकाला। इन्हें मोंठ सामुदायिक केंद्र में इलाज के लाया गया जहां इलाज के दौरान चालक जयसिंह की मौत हो गयी । यह कानपुर नगर का निवासी है जबकि एक अन्य घायल गुड्डन को झांसी रेफर कर दिया गया है।

## भाजपा सरकार में प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त : अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि इस सरकार में प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त है। महिलाओं और बच्चियों के साथ अपराधिक घटनाएं रूकनें का नाम नहीं ले रही है। तमाम आंकड़ों में उत्तर प्रदेश महिला अपराधों के मामले में सबसे ऊपर है लेकिन सरकार जमींनी सच्चाई न जानने और न मानने को तैयार है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री झूठे आंकड़ों में अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। हर दिन प्रदेश में महिलाओं और बच्चियों के साथ दुराचार, हत्या और छे पिछले दिनों अमरोहा इलाज कराने गयी महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई। मैनपुरी में स्कूटी से जा रही महिला पर चाकू से हमला हुआ। भाजपा सरकार प्रदेश में अपराधों को



रोक पाने में विफल है। भाजपा का कानून व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस का दावा झूठ और कोरी लफ्फाजी है। भाजपा सरकार में पुलिस-प्रशासन कानून व्यवस्था ठीक करने के बजाय विरोधियों को झूठे मामलों में फंसाने और भ्रष्टाचार में संलिप्त है। पुलिस भाजपा नेताओं के इशारे पर कार्य कर रही है। आम जनता और गरीबों को न्याय नहीं मिल रहा है। जनता भाजपा के कुशासन से कराह रही है। राज्य की जनता भाजपा सरकार से बुरी तरह उकता गयी है।

## कुशीनगर में दुर्गा कलश यात्रा की तैयारी में पथराव

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश में कुशीनगर में कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के गांव लक्ष्मीपुर में रविवार को सुबह दुर्गा पूजा के लिए कलश यात्रा की तैयारी कर रहे लोगों पर कुछ दूसरे समुदाय के लोगों ने पथराव कर दिया, जिससे पूरे गांव में अफरातफरी मच गई। पूजा की तैयारी में लगे लोगों पर हुए इस अचानक हमले में एक पांच साल का बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया है और चार पांच लोगों को हल्की चोटें भी आई हैं। गांव में पथराव की जानकारी मिलते ही कई थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। कुबेरस्थान थानाक्षेत्र के गांव लक्ष्मीपुर में दुर्गा पूजा पंडाल की स्थापना के लिए बांसी नदी से जल भरने को कलश यात्रा की तैयारी हो रही थी। इसी दौरान गांव की महिलाओं व अन्य लोगों को एकत्र करने के लिए आयोजन समिति द्वारा डीजे गांव में घुमा कर एनाउंस किया जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में कुछ दूसरे समुदाय के लोगों का घर पड़ा। वहां डीजे पहुंचते ही दूसरे समुदाय के लोगों ने छत से ईंट पत्थर चलाना शुरू कर दिया, जिससे वहां मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई। पथराव के दौरान पांच वर्षीय पीयुष शाह पुत्र हरिश्चंद्र शाह के सिर पर पत्थर से चोट लग गई, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया।


## देश का सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर मुजफ्फरनगर

**एनसीआर के शहरों की हवा खराब की कैटेगरी में पहुंची; गाजियाबाद के लोनी में एयर क्वालिटी 315**

**गाजियाबाद।** एनसीआर के शहरों में एक बार फिर से आबोहवा बिगड़ने लगी है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के चार शहर रविवार (15 अक्टूबर) सुबह वायु प्रदूषण की खराब स्थिति में पहुंच गए।

सुबह 9 बजे तक की रिपोर्ट के अनुसार, पूरे देश में मुजफ्फरनगर सबसे प्रदूषित शहरों में टॉप पर है। फसल कटाई चालू हो चुकी है, ऐसे में आने वाले दिनों में प्रदूषण की स्थिति और खराब हो सकती है।

एयर क्वालिटी इंडेक्स जारी करने वाले सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के एप समर के अनुसार, सुबह सवा 9 बजे तक ग्रेटर नोएडा का एयर क्वालिटी



इंडेक्स 265, नोएडा का 208, गाजियाबाद का 202, मेरठ का 239 और मुजफ्फरनगर का सबसे ज्यादा 318 है।

गाजियाबाद के लोनी इलाके में वायु गुणवत्ता सबसे खराब 315 दर्ज की गई है। दरअसल, लोनी और मुजफ्फरनगर में औद्योगिक क्षेत्र हैं। माना जा रहा है कि इस वजह से इन दोनों क्षेत्रों की एयर क्वालिटी सबसे खराब श्रेणी में पहुंच गई है। हापुड़ और बुलंदशहर की एयर क्वालिटी फिलहाल ठीक बनी हुई है।

वहीं, देश की बात करें तो टॉप-3 प्रदूषण वाले शहरों में दूसरे नंबर पर हरियाणा का फरीदाबाद और तीसरे नंबर पर हरियाणा का ही बहादुरगढ़ है।

### पेड़ों-सड़कों पर पानी का छिड़काव जारी

दिल्ली-एनसीआर में एक अक्टूबर से ग्रैप लागू हो चुका है। लगातार वायु गुणवत्ता खराब रहने से गाजियाबाद में पहले चरण की पाबंदियां लागू हो चुकी हैं। यही स्थितियां पड़ोसी जिले गौतमबुद्ध नगर में हैं। उधर, गाजियाबाद के नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि वायु प्रदूषण कम करने के लिए पेड़-पौधों, सड़कों पर पानी का छिड़काव लगातार किया जा रहा है।

मुख्य अभियंता निर्माण को निर्देश दिए हैं कि वे सड़कों की रिपेयर बेहद जल्द कराएं।

इस काम की रोजाना मॉनिटरिंग करें। नगर आयुक्त ने बताया कि मैकेनाइजिंग सिस्टम से सफाई हो रही है और स्प्रिंकलर, एंटी स्मॉग गन के माध्यम से पानी का छिड़काव किया जा रहा है।

## कानपुर के वकील की 10 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नौकर और ड्राइवर के नाम पर खरीदी थी जमीन; दलितों की प्रॉपर्टी पर चल रहा था खेल**

**कानपुर।** कानपुर में आयकर विभाग ने बेनामी संपत्तियों के खिलाफ एक्शन लेना शुरू कर दिया है। विभाग ने वकील की करीब 10 करोड़ की बेनामी संपत्तियों को कुर्क किया है। काली कमाई खपाने के लिए ड्राइवर और नौकर के नाम पर करोड़ों की जमीन खरीदी गई।

इतना ही नहीं, नौकर और ड्राइवर के नाम जॉइंट अकाउंट खोला गया। फिर उन खातों में पैसा जमा किया गया। उसके बाद पैसा दूसरे खाते में ट्रांसफर कर जमीन की खरीद फरोख्त कर रहे थे। इनकी नजर दलित समाज की जमीन पर थी। आयकर विभाग ने कानपुर में बड़े पैमाने पर बेनामी संपत्तियों की सूची तैयार की है।

### नौकरों के नाम पर खरीदी करोड़ों की जमीन

कल्याणपुर में रहने वाले वकील अभिषेक शुक्ला ने अपने दो नौकरों करन कुरील और एकलव्य मोहन कुरील ने नाम पर दलित की जमीन खरीदी। बिठूर के सिंहपुर कछार



निवासी मृतक दलित घसीटाराम की कई बीघा जमीन बिठूर और धर्मपुर के अलग-अलग हिस्सों में पोते मनीष से अभिषेक ने दोनों नौकरों के नाम पर खरीदी।

इतना ही नहीं सरकार को धोखा देने के लिए घसीटाराम और मनीष के जॉइंट अकाउंट में अभिषेक ने रकम भेजी। इसके बाद मनीष ने अपने पर्सनल अकाउंट में रुपए ट्रांसफर कराए। जमीन की खरीद फरोख्त होने के बाद फिर से मनीष के पर्सनल अकाउंट से अभिषेक के खाते में रकम ट्रांसफर की गई।

इसके बाद अभिषेक ने नौकरों करन और एकलव्य के खाते में दोबारा पैसा ट्रांसफर किए। फिर जमीनों को उसी रकम से नौकरों के नाम पर खरीदी। इस पूरे खेल में एससी/एसटी भूमि कानून का भी उल्लंघन किया गया।

करोड़ों की जमीन की खेल करके खरीद-फरोख्त करने की भनक लगने पर आयकर विभाग की बेनामी संपत्ति विंग ने वकील अभिषेक शुक्ला पर कार्रवाई की है।

### मुनादी पिटवाकर कुर्क कराई संपत्ति

आयकर विभाग की बेनामी संपत्ति विंग ने मुनादी के साथ संपत्तियों को कुर्क किया। इससे कि गांव के लोगों को भी इसकी जानकारी हो सके कि बेशकीमती जमीन को अब आयकर विभाग ने कुर्क कर दिया है। इस पूरे खेल में वकील अभिषेक शुक्ला के साथ ही मृतक किसान घसीटाराम का पोता मनीष, जिनके नाम पर जमीन खरीदी गई करन और एकलव्य जांच के दायरे में हैं।

### ड्राइवर के नाम खरीदी 55 लाख की जमीन

इसी तरह बेनामी संपत्ति की दूसरी बड़ी कार्रवाई सूरज सिंह पटेल और पत्नी रीना सिंह पर की गई है। उन्होंने अपने ड्राइवर धर्मेंद्र के नाम पर करीब 55 लाख रुपए की जमीन खरीदी है। ये दंपती ओबीसी हैं, लेकिन दलित की जमीन को अपने एससी ड्राइवर धर्मेन्द्र के नाम पर खरीदा था। आईटी की बेनामी संपत्ति विंग ने इनकी भी करीब 55 लाख रुपए की बेनामी संपत्ति को कुर्क कर दिया है। ये दंपती कानपुर के रहने वाले हैं, लेकिन मौजूदा समय में बहरीन में रहते हैं।

## डंपर की टक्कर से सिपाही समेत दो की मौत

घाटमपुर । कानपुर के घाटमपुर में तेज रफ्तार डंपर ने ओवरटेक करते हुए बाइक सवार को सामने से टक्कर मारते हुए कुचल दिया। हादसे में बाइक सवार हेड कांस्टेबल समेत उनके साथी की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हाइवे से वाहनों को किनारे करवाकर यातायात बहाल कराया। पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के साथ दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के स्योढारी गांव निवासी 55 साल के संतोष कुमार यूपी पुलिस में हेड कांस्टेबल के पद पर कार्यरत थे। वह उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद कोतवाली में तैनात थे। घर पर पत्नी शकुंतला अपने दो बेटों आयुष और अभय के साथ रहती थीं। पत्नी शकुंतला ने बताया की उनका बड़ा बेटा आयुष कानपुर में रहकर पढ़ाई कर रहा है।

रविवार को संतोष कानपुर में अपने बेटे आयुष से मिलकर वापस अपने साथी बटाईदार के साथ घर लौट रहे थे। इसी दौरान घाटमपुर नगर स्थित कुष्मांडा देवी मंदिर के पास सामने से आ रहे डंपर ने ओवरटेक करते हुए बाइक सवार को टक्कर मारते हुए कुचल दिया। हादसे में हेड कांस्टेबल समेत बटाईदार सिध्धन की दर्दनाक मौत हो गई। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के साथ दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हादसे के बाद से परिजनों का बुरा हाल है। घाटमपुर थानाध्यक्ष विक्रम सिंह ने बताया की परिजनों को सूचना देने के साथ शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### वाहनों को हटवाकर यातयात कराया बहाल

घटना के बाद लोगों की भारी भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। यहां पर इकट्ठा हुए लोगों ने हाइवे पर डिवाइडर बनवाने की मांग करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत करवाकर यातयात बहाल कराया है। इस दौरान हाइवे पर लगभग 20 मिनट यातायात ठप रहा।

## प्रतापगढ़ में किशोरी की गला दबाकर हत्या

**तालाब में मिला शव, बॉडी पर चोट के निशान**

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ में 17 साल की किशोरी की गला दबाकर हत्या कर दी गई। उसके बाद शव को तालाब में फेंक दिया गया। वारदात फतनपुर थाना क्षेत्र के मेडुवाडीह की है। बृहस्पतिवार की शाम को किशोरी घर से गायब हो गई थी। आज उसका शव पड़ा मिला। पुलिस एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मेडुआडीह निवासी गेंदालाल रजक की बेटी ज्योति रजक (17) बृहस्पतिवार को देर शाम घर से अचानक गायब हो गई थी। घर में न देख परिजन उसकी तलाश करने लगे लेकिन पता नहीं चला। पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था।

शनिवार की सुबह ग्रामीण शौच के लिए गांव स्थित तालाब की ओर गए। वहां तालाब में ज्योति का उतराया शव देख उन्होंने शोर मचाया। कुछ देर में पुलिस के साथ आसपास के गांव के लोग पहुंच गए। परिजन उसकी हत्या की आशंका जताने लगे।

### पोस्टमार्टम में गला दबाकर हत्या की पुष्टि

पुलिस ने वीडियोग्राफी के बीच डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराने के लिए पंचायतनामा लिखा। दो डॉक्टरों के पैनल ने को शव का पोस्टमार्टम किया। इसमें गला दबाकर उसकी हत्या करने की बात सामने आई। डॉक्टरों की टीम ने स्लाइड जांच के लिए भेजा। उसके शरीर पर चोट के निशान भी मिले।


### केस में बढ़ेगी हत्या की धारा

पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने बताया कि दर्ज मुकदमे में हत्या की धारा बढ़ाई जाएगी। किशोरी की हत्या से जुड़े एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है। दूसरे की तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है।

## भाकियू तोमर 25 अक्टूबर को टोल प्लाजा पर करेगी महापंचायत

**टोल प्लाजा कर्मचारी और भाकियू कार्यकर्ताओं की आपस में हुई थी मारपीट**

सहारनपुर। सहारनपुर में भाकियू तोमर और टोल कर्मियों का मामला गर्माता जा रहा है। 13 अक्टूबर को सरसावा टोल प्लाजा पर भाकियू तोमर और टोल प्लाजा पर मारपीट को लेकर भाकियू के पदाधिकारियों ने बैठक की। बैठक में निर्णय लिया गया है कि टोल कर्मियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई तो भाकियू तोमर सभी किसान संगठनों के साथ मिलकर 25 अक्टूबर को टोल प्लाजा पर महापंचायत करेंगी। उन्होंने प्रशासन पर टोल कर्मियों को बचाने और किसानों के



उत्पीड़न का आरोप लगाया।

थाना सरसावा टोल प्लाजा पर भाकियू तोमर और टोल कर्मचारियों की 13 अक्टूबर को आपस में मारपीट हो गई थी। भाकियू तोमर के जिलाध्यक्ष अभिषेक कांबोज ने कहा, प्रशासन टोल कर्मचारियों को बचाने और किसानों का उत्पीड़न कर रहा है। टोल प्लाजा में उनके कर्मचारी आए दिन किसानों का उत्पीड़न करते हैं। आरोप लगाया कि किसानों के ट्रैक्टर-ट्रॉली से टोल लिया जाता है। उनकी पर्ची को को कार की पर्ची में बदल देते हैं। क्योंकि कृषि यंत्र पर कोई टोल टैक्स नहीं है। लेकिन यह जबरन किसानों से टोल वसूलते हैं।

जिलाध्यक्ष ने कहा, धरने के दौरान टोल कर्मचारियों ने एक कार्यकर्ता से मारपीट और लूटपाट भी की है। जो शर्मनाक है। आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन ने पीड़ित की तहरीर पर मामले में लीपा पोती की है। उसको संगठन बर्दाश्त नहीं करेगा।

उन्होंने कहा, टोल कर्मी जिस प्रकार से लूटपाट का गलत वीडियो बनाकर हमारे संगठन के कार्यकर्ताओं को फंसाना चाहते हैं, यह अति निंदनीय है। उन्होंने कहा, इन सभी मामलों की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए और दोषी टोल कर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

### बुलंदशहर: अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश में बुलन्दशहर जिले की स्याना तहसील में प्रशासन की टीम ने अवैध खनन के खिलाफ रविवार को कार्रवाई की । गंगा नदी के समीप स्थित रवानी कटीरी गांव में मिटटी का अवैध खनन करते हुए एक जेसीबी व ट्रैक्टर ट्राली को तहसील प्रशासन की टीम ने मौके से पकड़ा।

## मकान की छत गिरने से श्रमिक की मौत

रायबरेली। उत्तर प्रदेश में रायबरेली के सलोन इलाके में रविवार को एक मकान में चल रही तोड़फोड़ के दौरान छत गिरने से उसकी चपेट में आये श्रमिक की मौत हो गयी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सलोन इलाके की सलोन की तहसील के पास शहनवाज का मकान है जो कि काफी समय से बन्द पड़ा हुआ था। शहनवाज अब मकान को मजदूरों से ध्वस्त करवा रहा था।

इसी दौरान छत गिर गयी और काम में लगे अतौलाबाद निवासी मजदूर नरेंद्र कुमार वर्मा उर्फ ननचू (48) पुत्र रामेश्वर की मलबे की चपेट में आकर मौके पर ही मौत हो गयी।

इसकी सूचना आसपास के लोगो ने तत्काल पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बड़ी मशक्कत के बाद मलबे के नीचे दबे शव को बाहर निकाला।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

खबर लिखे जाने तक पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज किए जाने की कोई सूचना नही मिली है।

## शार्ट न्यूज

### सर्राफा बाजार : सोना तथा चांदी में उछाल

इंदौर। सप्ताहांत सोना तथा चांदी में उछाल दर्ज की गई। सप्ताहांत सोना 1250 रुपये तथा चांदी 1900 रुपये महंगी होकर बिकी। कारोबार की शुरुआत में सोना 59050 रुपये पर खुलने के बाद शनिवार के दिन 61300 रुपये प्रति दस ग्राम होकर थमा। चांदी में व्यापार की शुरुआत 70500 रुपये पर हुई वहीं शनिवार के दिन 72400 रुपये बिकी। कामकाज में सोना ऊंचे में 61400 नीचे में 58300 रुपये प्रति 10 ग्राम बिका। व्यापार में चांदी ऊपर में 72500 तथा नीचे 69100 रुपये प्रति किलोग्राम बिकी। चांदी सिक्का पूछपरख से मजबूत बताया गया। विदेशी बाजार में सोना 1930 डॉलर तथा चांदी 2271 सेन्ट प्रति औंस बिकी।

### इन्दौर. खाद्य तेल: मूंगफली तेल में गिरावट, सोयाबीन रिफाइंड में तेजी

इंदौर। सप्ताहांत खाद्य तेलों में खरीदी सुस्ती से मूंगफली तेल के भाव गिरावट लिए रहे। कारोबार में सोयाबीन रिफाइंड एवं पाम तेल में खरीदी रही। आवक कमी से तिलहन मजबूत रहे। कारोबार की शुरूआत में मूंगफली तेल 1730 से 1750 रुपये प्रति किलोग्राम खुला जो शनिवार को 1580 से 1600 रुपये प्रति 10 किलोग्राम होकर बंद हुआ। सोयाबीन रिफाइंड 870 से 875 रुपये पर खुलकर 905 से 910 रुपये बिका। पाम तेल 870 से 875 रुपये खुलकर 885 से 890 होकर बंद हुआ। तिलहन जिन्सों में मांग से भाव मजबूती लिए बताए गए। पशु आहार कपास्या खली में लिवाली रही।

### इंदौर अनाज मंडी: दलहनों के साथ दालों में मजबूती

इंदौर। स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहन कामकाज बढ़त लिए रहा। मांग से मूंग, तुअर, चना कांटा के भाव ऊंचे बोले गए। दालों के भाव में मजबूती दर्ज की गई। चावल में उठाव सुधार लिए रहा। सप्ताहांत चना कांटा 6250 से 6200 रुपये खुलने के बाद 6300 से 6350 रुपये होकर थमा। मूंग 8700 से 9700 रुपये पर खुलने के बाद नीचे में 7500 रुपये बिकी। हालांकि सप्ताहांत इसमें सौदे 8700 से 10000 रुपये प्रति क्विंटल पर हुए। कारोबार में तुअर 9500 से 11900 रुपये खुलने के बाद ऊपर नीचे होते हुए 9500 से 12100 बताई गई। उड़द 9000 से 9200 खुलने के बाद 8800 से 9000 , मसूर 6250 से 6300 खुलकर 6300 से 6325 रुपये होकर बंद हुई। दालों में मांग से महंगी बिकी। सप्ताहांत चना, तुअर, मसूर, मूंग, उड़द दाल में भाव तेजी लिए रहे। रवा, मैदा, गेहूं का आटा तथा चना बेसन में लिवाली से मजबूती बताई गई। चावल में ग्राहकी सुधार लिए रही।

### इंदौर किराना बाजार: शक्कर-साबूदाना में तेजी

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में सप्ताहांत ग्राहकी ऊपर नीचे होती रही। शक्कर के भाव मजबूत रहे। खोपरा बूरा तथा साबूदाना महंगा बिका। खोपरा गोला तथा हल्दी में उठाव रहा। स्थानीय किराना बाजार में सोमवार को शक्कर 3950 से 4000 रुपये प्रति क्विंटल खुलने के शनिवार को 4000 से 4050 रुपये के स्तर पर थमी। शक्कर की दैनिक आवक 04 से 05 गाड़ी की रही। खोपरा गोला 105 से 125 रुपये खुलकर इसी स्तर पर थमा। हल्दी में पूछपरख सुधार लिए बताई गई। इसमें 150 से 275 रुपये की रंगत पर सौदे हुए। खोपरा बूरा के दामों में मजबूती दर्ज की गई। सप्ताहांत खोपरा बूरा में कामकाज 2100 से 3400 रुपये के स्तर पर खुलने के बाद 50 रुपये प्रति 15 किलोग्राम महंगा होकर 2200 से 3450 रुपये बिका। साबूदाना में लिवाली सुधार लिए बताई गई इससे भाव ऊंचे रहे।

### आरकैप अधिग्रहण के लिए धन जुटाने को लेकर इंडसइंड इंटरनेशनल पर खड़े हुए सवाल

कर्ज में डूबी रिलायंस कैपिटल के प्रशासक ने हिंदुजा समूह की कंपनी इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड को पत्र लिखकर कुछ गंभीर सवाल उठाए हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। आईआईएचएल ने आरकैप को हासिल करने के लिए सफल बोली लगाई है और अब इस संबंध में धन के स्रोत और व्यापार योजना को लेकर ये सवाल उठाए गए हैं। सूत्रों ने कहा कि इससे पहले भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (इरडाई) ने रिलायंस जनरल इंश्योरेंस (आरजीआईसी) और रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस (आरएनएलआईसी) के शेयरों पर गिरवी रखकर आरकैप के अधिग्रहण के लिए धन जुटाने के आईआईएचएल के प्रस्ताव को खारिज कर दिया था, जिसके बाद आरबीआई द्वारा नियुक्त प्रशासक की ओर से यह पत्र भेजा गया। आरजीआईसी और आरएनएलआईसी कर्ज में डूबी वित्तीय सेवा फर्म की सहायक कंपनियां हैं।

### 70 डिजिटल फर्मों को नोटिस, 1 अक्टूबर से लागू हुआ है नया नियम

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) अ ?धिकारियों ने नए कर नियमों की पालना के तहत करीब 70 विदेशी फर्मों को सूचना नोटिस भेजे हैं। जिन्हें जीएसटी विभाग से इस तरह का नोटिस मिला है, उनमें सदस्यता आधारित सेवा प्रदाता, एडटेक, ई-गेमिंग और विज्ञापन फर्में शामिल हैं। जीएसटी व्यवस्था के तहत नया नियम 1 अक्टूबर से लागू हुआ है है जिसके तहत नेटफ्लिक्स, गूगल, फेसबुक, स्पॉटिफाई जैसी सभी डिजिटल फर्मों को व्यक्तिगत या कारोबारी उद्देश्य से दी जाने वाली सेवाओं पर 18 फीसदी की दर से एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) का भुगतान करना होगा। मामले के जानकार एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि नया नियम लागू होने से सरकार इस साल करीब 2,000 करोड़ रुपये जुटाने की उम्मीद कर रही है। पिछले वित्त वर्ष में सरकार को भारत में व्यापक स्तर पर डिजिटल सेवाएं प्रदान करने वाली विदेशी फर्मों से 700 करोड़ रुपये का कर मिला था। पहले केवल बिज़नेस-टू-बिज़नेस सेवाओं पर आईजीएसटी लगता था।

### सरकार ने चीनी क्षेत्र को दी 17 अक्टूबर तक स्टॉक का खुलासा करने की चेतावनी

सरकार ने चीनी कारोबार में शामिल सभी हितधारकों को 17 अक्टूबर तक खाद्य मंत्रालय की वेबसाइट पर अपने स्टॉक का खुलासा करने की अंतिम चेतावनी दी है। सरकार ने कहा है कि ऐसा नहीं करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। खाद्य मंत्रालय ने 23 सितंबर को एक आदेश जारी कर सभी चीनी हितधारकों को आदेश दिया था कि वे उसकी वेबसाइट पर साप्ताहिक रूप से अपने स्टॉक की स्थिति बताएं। चीनी हितधारकों में थोक विक्रेता, खुदरा विक्रेता, बड़े खुदरा विक्रेता और प्रसंस्करण करने वाले शामिल हैं। मंत्रालय ने हालांकि पाया कि चीनी व्यापार और भंडारण से जुड़े कई हितधारकों ने अब भी चीनी स्टॉक प्रबंधन प्रणाली पर खुद को पंजीकृत नहीं किया है। मंत्रालय ने सभी हितधारकों को लिखे पत्र में कहा, ''चीनी और वनस्पति तेल निदेशालय को विभिन्न माध्यमों से सूचना मिली है कि कई इकाइयों के पास पर्याप्त मात्रा में अज्ञात चीनी स्टॉक हैं।

### वित्त मंत्री ने उद्योग घरानों से आगे आकर सस्टेनेबल डेवलपमेंट लक्ष्य का समर्थन करने का किया आग्रह

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को निजी क्षेत्र से आगे आकर सतत विकास लक्ष्यों का समर्थन करने का आग्रह करते हुए कहा कि इस प्रयास में भाग लेना और योगदान देना सभी हितधारकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। मोरक्को के मराकेश में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष -विश्व बैंक की वार्षिक बैठकों के इतर आयोजित एक कार्यक्रम में वित्त मंत्री ने विश्वास जताया कि जी20 विचार-विमर्श से निकली बहुपक्षीय विकास बैंक सुधार प्रक्रिया की अवधारणा विकासशील देशों में निवेश को अधिकतम करने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि 2015 में संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों द्वारा अपनाए गए 17 एसडीजी का उद्देश्य 2030 तक सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय चुनौतियों की एक विस्तृत श्रृंखला को संबोधित करना था। सीतारमण ने कहा, ''भारत ने अपनी अध्यक्षता में सभी जी20 सदस्यों से सामूहिक रूप से 2030 एजेंडा को पूरी तरह और प्रभावी ढंग से लागू करने और समयबद्ध तरीके से एसडीजी की दिशा में प्रगति में तेजी लाने का संकल्प लेने का आह्वान किया है।''

# तिमाही नतीजों पर रहेगी शेयर बाजार की नजर

मुंबई। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह करीब आधे प्रतिशत की तेजी में रहे घरेलू शेयर बाजार की नजर अगले सप्ताह वैश्विक रुझान के साथ ही कंपनियों के चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के नतीजों पर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 287.11 अंक अर्थात 0.43 प्रतिशत की तेजी के साथ सप्ताहांत पर 66282.74 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 97.55 अंक यानी 0.5 प्रतिशत की छलांग लगाकर 19751.05 अंक पर रहा।

समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 227.96 अंक उछलकर सप्ताहांत पर 32305.62 अंक और स्मॉलकैप 324.25 अंक मजबूत होकर 38184.83 अंक पर पहुंच गया।

बाजार सलाहकार कंपनी जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर के अनुसार, दूसरी तिमाही के परिणाम को लेकर सकारात्मक उम्मीदों और इजरायल-हमास संघर्ष पर चिंताओं के बावजूद वैश्विक बांड यील्ड में नरमी से भारतीय बाजार सुस्त शुरुआत से उबर गया। हालांकि, अमेरिकी में महंगाई की दर उम्मीद से अधिक रहने की वजह से ट्रेजरी यील्ड में वृद्धि ने सप्ताह के अंत तक सकारात्मक प्रवृत्ति को थोड़ा कम कर दिया। वहीं, स्थानीय स्तर पर सितंबर में खुदरा महंगाई में आई गिरावट और प्रभावशाली औद्योगिक उत्पादन जैसे घरेलू कारकों ने उम्मीद को बनाए रखने में मदद की।

इस बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की आय में गिरावट और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के कारण सीजन की कमजोर शुरुआत ने व्यापक बाजार रुझान को प्रभावित



किया। वहीं, दूसरी ओर रियल्टी क्षेत्र ने अच्छा प्रदर्शन किया। महत्वपूर्ण परियोजनाओं की लॉन्चिंग और त्योहारी सीजन की शुरुआत से उत्साहित होकर प्री-सेल्स में बढ़ोतरी हुई। नायर ने कहा कि अगले सप्ताह कई दिग्गज कंपनियों विशेषकर ऑटो, वित्त और तेल एवं गैस क्षेत्र की कंपनियों के वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही के नतीजे जारी होने वाले हैं। इस पर बाजार की नजर रहेगी। अगले सप्ताह एचडीएफसी बैंक, जियो फाइनेंशियल सर्विसेज, फेडरल बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, नेल्को, बजाज फाइनेंस, विप्रो, बजाज ऑटो, इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनीलीवर, आईटीसी, नेस्ले इंडिया, जेएसडब्ल्यू स्टील और इक्रा जैसी दिग्गज कंपनियों के परिणाम आने वाले हैं।

बीते सप्ताह बाजार में तीन दिन गिरावट जबकि दो दिन तेजी का रुख रहा। वैश्विक स्तर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर लगभग हर क्षेत्र में हुयी बिकवाली के कारण सोमवार को सेंसेक्स 483.24 अंक टूटकर 65512.39 अंक और निफ्टी 141.15 अंक उतरकर 19512.35 अंक पर रहा। वहीं, अमेरिकी फेड रिजर्व के बॉन्ड यील्ड में जबरदस्त तेजी को देखते हुए ब्याज की ऊंची दर को उचित ठहराने के संकेत से विश्व बाजार के सकारात्मक संकेत से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत मंगलवार को सेंसेक्स 566.97 अंक की छलांग लगाकर 66079.36 अंक और निफ्टी 177.50 अंक की तेजी लेकर 19689.85 अंक पर पहुंच गया।

इसी तरह अमेरिकी फेड रिजर्व की मौद्रिक नीति बैठक के मिनट्स और महंगाई के आंकड़े जारी होने से पहले विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों चौतरफा लिवाली की बदौलत बुधवार को सेंसेक्स 393.69 अंक की छलांग लगाकर 66473.05 अंक और निफ्टी 119.60 अंक की तेजी लेकर 19809.45 अंक हो गया।

विदेशी बाजारों में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर टेक महिंद्रा, इंफोसिस, टीसीएस, विप्रो, एसबीआई और एलटी समेत चौदह कंपनियों में हुई बिकवाली से गुरूवार को सेंसेक्स 64.66 अंक उतरकर 66408.39 अंक और निफ्टी 17.35 अंक फिसलकर 19794 अंक पर आ गया। विदेशी बाजारों के नकारात्मक संकेत के दबाव में स्थानीय स्तर पर आईटी, बैंकिंग और टेक समेत ग्यारह समूहों में हुई बिकवाली से शुक्रवार को सेंसेक्स 125.65 अंक की गिरावट लेकर 66282.74 अंक और निफ्टी 42.95 अंक उतरकर 19751.05 अंक रह गया।

# उद्यमिता और विकास की रफ्तार तेज करने को सीडी रेशियो बढ़ाएं बैंक : सीएम योगी

## भारतीय स्टेट बैंक गोरखपुर शाखा के शताब्दी वर्ष समारोह में बोले मुख्यमंत्री

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उद्यमिता और विकास कार्यों को और अधिक तीव्र गति देने के लिए बैंकों से सीडी रेशियो बढ़ाने का आह्वान किया है। भारतीय स्टेट बैंक गोरखपुर शाखा के शताब्दी वर्ष समारोह में शासन की योजनाओं को प्रशिक्षण के साथ जोड़कर उद्यमियों, व्यवसायियों, युवाओं, महिलाओं, किसानों को लोन देने से विकास की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ेगी, साथ ही बैंक की जमा पूंजी में भी निरंतर बढ़ोतरी होगी।

बैंक रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक की गोरखपुर शाखा के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में सीएम योगी ने कहा कि 15 अक्टूबर 1923 को जब यह शाखा खुली थी तब गोरखपुर महानगर की आबादी 50 हजार से भी कम थी। आज नगर निगम क्षेत्र में ही 15 से 20 लाख की आबादी निवास करती है जबकि जिले में यह संख्या 70 लाख के करीब होगी। इस दौरान गोरखपुर में तेजी से उद्योग धंधे बढ़े हैं, खास तौर पर बीते छह सालों में। आज गोरखपुर का इंफ्रास्ट्रक्चर विश्व स्तरीय दिखाई देता है। यहां नए नए उद्योग लग रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि जब बैंक सहायक की भूमिका में होते हैं तो उद्यमिता की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारतीय स्टेट बैंक की गोरखपुर क्षेत्र में जमा पूंजी 11500 करोड़ से



अधिक है जबकि वितरित लोन 4500 करोड़ रुपये है। यदि सीडी रेशियो 60 प्रतिशत हो जाए तो यह जमा पूंजी 25000 करोड़ होगी। इससे बैंक के सामाजिक कार्यों का दायरा भी बढ़ता जाएगा। उन्होंने कहा कि बैंक शासन की योजनाओं जैसे मुद्रा योजना, ओडीओपी, स्टार्टअप, स्टैंडअप, विश्वकर्मा श्रम सम्मान व पीएम विश्वकर्मा योजना में प्रशिक्षण के साथ लोन देकर रोजगार को विस्तार देने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकते हैं। सीएम योगी ने कहा कि 2014 के बाद बैंकिंग सेक्टर में क्रांतिकारी बदलाव आए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनधन खातों को खुलवाकर और फिर आधार से लिंक कर भ्रष्टाचार मुक्त डीबीटी की व्यवस्था की है। यही नहीं यूपीआई जैसा बेहतरीन पेमेंट गेटवे भी भारत की देन है। यूपी में 2.62 करोड़ किसानों के खातों में पीएम किसान सम्मान निधि, 1.91 करोड़ प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों के कॉपी किताब, गणवेश आदि के उनके अभिभावकों के खातों में 1100 रुपये भेजने, 1 करोड़ लोगों को प्रतिमाह 1000 रुपये पेंशन भेजने में बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। यही नहीं कोरोना संकट काल में छुट्टी के दिन भी भरण पोषण भत्ता ट्रांसफर करने में बैंकों ने राष्ट्रीय प्रतिबद्धता दर्शायी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा भारतीय स्टेट बैंक गोरखपुर शाखा के 100 साल पूर्ण होने पर शारदीय नवरात्र की प्रतिपदा का होना सिर्फ संयोग ही नहीं बल्कि ईश्वरीय कृपा है। इस सौ साल की यात्रा में यह बैंक शाखा विकास के पायदान में सहयोगी के रूप में आगे बढ़ी है। मुख्यमंत्री ने भारतीय स्टेट बैंक गोरखपुर शाखा की प्रगति यात्रा की विस्तार से चर्चा करने के साथ यहां संजोये गए सभी रिकॉर्ड के लिए बैंक की सराहना की। साथ ही समारोह में मौजूद महापौर से अपील की कि वह बैंक की इस शाखा की तरह निगम के पुराने भवन को म्यूजियम के रूप में विकसित करें।

समारोह को सांसद रविकिशन शुक्ल ने भी संबोधित किया। स्वागत संबोधन भारतीय स्टेट बैंक के महाप्रबंधक आनंद विक्रम ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक महेन्द्रपाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, एमएलसी डॉ धर्मेंद्र सिंह, भारतीय स्टेट बैंक के उप महाप्रबंधक संजीव कुमार, भाजपा के महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### हेरिटेज गैलरी का अवलोकन किया सीएम ने, वितरित किए ऋण के चेक

समारोह के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय स्टेट बैंक गोरखपुर शाखा की हेरिटेज गैलरी का अवलोकन किया। साथ ही परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मंच से उन्होंने उद्यमी को ऋण का चेक, बैंक के सीएसआर फंड से दो पीएचसी को 8-8 लाख तथा दो प्राथमिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लास के लिए 5-5 लाख की सहायता राशि, महिला स्वयं सहायता समूह को ऋण, स्टैंडअप योजना के तहत ऋण का चेक वितरित किया। इस अवसर पर बैंक की दो महिला कर्मियों को भी मुख्यमंत्री के हाथों सम्मान प्राप्त हुआ।

# वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन ने बच्चों के लिए 50 लाख भोजन जुटाए

नयी दिल्ली। वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में रनफॉरजीरोहंगर अभियान के तहत मैराथॉन की हर एक किलोमीटर की दौड़ में ज़रूरतमंद बच्चों को एक समय का भोजन उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता ने कुल मिलाकर 50 लाख भोजन इकट्ठा किए हैं।

मैराथॉन के आज संपन्न दूसरे संस्करण में 35,000 से अधिक धावकों ने भाग लिया। लोगों की रिकॉर्ड भागीदारी रही। पिछले वर्ष की तुलना में 50 प्रतिशत से अधिक धावाकों ने हाफ मैराथन, ओपन 10हजार मीटर रन, ग्रेट दिल्ली रन, सीनियर सिटिज़न और चैंपियंस विद डिसेबिलिटी रन सहित पांच आयोजनों में भाग लिया। इससे जुटाये गये 50 लाख भोजन आने वाले हफ्तों में वेदांता के लगभग 6,000 नंद घरों के नेटवर्क में परोसा जाएगा।

नंद घर, आधुनिक आंगनवाड़ी केंद्र हैं। 'नंद घर' देश के 14 राज्यों में संचालित होने वाला वेदांता समूह के अनिल अग्रवाल फाउंडेशन की एक प्रमुख सामाजिक पहल है। रविवार के दिन आयोजित इस मैराथन दौड़ को वेदांता की निदेशक और हिंदुस्तान ज़िंक लिमिटेड की अध्यक्ष प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर सुश्री हेब्बर ने कहा, आज हमने जो देखा, वह जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों को एकजुट होकर, मनोरंजन के साथ फिटनेस, और उससे भी ज़रूरी, एक उद्देश्य के लिए, उनकी सहभागिता दर्शाता है। हमारे अध्यक्ष अनिल अग्रवाल का सपना है कि भारत के हर बच्चे को पौष्टिक भोजन से युक्त आहार नियमित रूप से उपलब्ध हो और हर बच्चा भरपूर भोजन मिलने के बाद ही सोये। हम रनफॉरजीरोहंगर अभियान के माध्यम से हर भारतीय को शामिल करते हुए एक जन आंदोलन बनाना चाहते हैं। इसी उद्देश्य से यह दौड़ आयोजित की गई है। हम चाहते हैं कि इस देश की हर आंगनवाड़ी एक आधुनिक नंद घर बने।

हाल ही में, वेदांता ने अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के माध्यम से मिलेट-आधारित न्यूट्री-बार लॉन्च किया। इसे नंद घरों सहित आंगनवाड़ियों में बच्चों को पूरक पोषण आहार के रूप में दिया जाता है। वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के धावकों को जीतने पर पदक प्रदान किया गया। यह पदक राजस्थान स्थित, दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे पुरानी खदानों से प्राप्त शुद्ध और उच्चतम श्रेणी के ज़िंक से बनाया गया है, जिसका उत्पादन वेदांता समूह की एक इकाई हिंदुस्तान ज़िंक लिमिटेड द्वारा किया जाता है।

## दुबई से अमृतसर आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट कराची डायवर्ट

नई दिल्ली। एयर इंडिया के विमान को चिकत्सकीय आपातकाल की वजह से कराची में लैंड कराना पड़ा। विमान दुबई से उड़ान भरकर अमृतसर आ रहा था। मामला बीते दिन यानी 14 अक्तूबर का है। एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने बताया कि हमारी दुबई-अमृतसर उड़ान में एक यात्री की उड़ान के दौरान अचानक तबीयत खराब हो गई। चिकित्सीय जटिलताओं को देखते हुए चालक दल ने उड़ान को डायवर्ट करने का फैसला किया। तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए निकटतम स्थान कराची ही था, ऐसे में चालक दल ने विमान को कराची ले जाने का फैसला किया। बताया गया कि उड़ान स्थानीय समयानुसार सुबह 08.51 बजे दुबई से रवाना हुई और स्थानीय समयानुसार दोपहर 12.30 बजे कराची में उतरी।



एयरलाइन ने हवाई अड्डे और स्थानीय अधिकारियों के साथ बारीकी से समन्वय किया और लैंडिंग के बाद यात्री को तत्काल चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं। एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने बताया कि कराची में हवाई अड्डे के डॉक्टर ने आवश्यक दवाएं दीं और चिकित्सीय जांच के बाद यात्री को हवाई अड्डे की मेडिकल टीम ने उड़ान भरने की मंजूरी दे दी गई। उड़ान स्थानीय समयानुसार दोपहर 2.30 बजे कराची से अमृतसर के लिए रवाना हुई।

### विदेशी मुद्रा भंडार 2.2 अरब डॉलर घटकर 584.7 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में कमी आने से 06 अक्टूबर को को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार पांचवें सप्ताह गिरता हुआ 2.2 अरब डॉलर घटकर 584.7 अरब डॉलर रहा गया वहीं इसके पिछले सप्ताह यह 3.8 अरब कम होकर 586.9 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 06 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 70.7 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 519.5 अरब डॉलर रह गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.4 अरब डॉलर की कमी के साथ 42.3 अरब डॉलर पर आ गया।

# खाद्य तेल और दाल-दलहन सस्ता

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर मांग फिसलने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही दाल-दलहन के भाव गिर गए वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा सप्ताहांत पर 140 रिंगिट उबलकर 3705 रिंगिट प्रति टन हो गया। वहीं, नवंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.12 सेंट की गिरावट लेकर 54.48 सेंट प्रति पौंड रह गया।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 73 रुपये, मूंगफली तेल 146 रुपये, सूरजमुखी तेल 220 रुपये, सोया रिफाइंड 146 रुपये, पाम ऑयल 67 रुपये और वनस्पति तेल 67 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हो गया।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 12967 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल



20000 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12454 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 11209 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8466 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 10333 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

दाल-दलहन : बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में गिरावट का रुख रहा। सप्ताहांत पर चना 100 रुपये, दाल चना 100 रुपये, मूंग दाल 100 रुपये और उड़द दाल 200 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती रही। वहीं, मसूर दाल और अरहर दाल में टिकाव रहा।

सप्ताहांत पर चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9800-9900, अरहर दाल 10000-10100 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : अनाज मंडी में टिकाव रहा। साप्ताहांत पर गेहूं और चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपये और चावल 2900-3000 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी-गुड़ : बीते सप्ताह मीठे के बाजार में स्थिरता रही। चीनी और गुड़ के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

साप्ताहांत पर चीनी एस 3590-3690, चीनी एम. 3900-4000, मिल डिलीवरी 3470-3570 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

# अदाणी ग्रुप बंदरगाह कारोबार में करेगा 20,000 करोड़ रुपये का बड़ा निवेश

अदाणी समूह ने अपने बंदरगाह कार्गो की क्षमता 2030 तक चार गुना बढ़ाकर 1 अरब टीयू करने के लिए 20,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बनाई है। समूह की योजना दुनिया की सबसे बड़ी बंदरगाह कंपनी बनने की है। अदाणी समूह के उत्तराधिकारी और अदाणी पोर्ट्स ऐंड सेज के मुख्य कार्याधिकारी करण अदाणी ने आज कहा कि अगर अच्छा स्थानीय साझेदार मिले और देश राजनीतिक एवं आर्थिक तौर पर स्थिर हो तो समूह किसी भी देश में बंदरगाह क्षेत्र में अधिग्रहण की संभावना तलाश सकता है। अदाणी समूह ने इस साल की शुरुआत में इजरायल में हाइफा पोर्ट का 1.2 अरब डॉलर में अधिग्रहण किया है और अब पूर्वी अफ्रीका (केन्या एवं तंजानिया), वियतनाम तथा भूमध्यसागर इलाके में वह बंदरगाह का अधिग्रहण की संभावनाएं तलाश रहा है। अदाणी ने कहा, 'विदेशी बंदरगाहों के भारत के साथ अच्छे व्यापारिक संबंध होने चाहिए और निवेश के लिहाज से उसकी घरेलू अर्थव्यवस्था भी मजबूत होनी चाहिए।' उन्होंने कहा कि दुनिया में कई बंदरगाहों का परिचालन सरकारों द्वारा किया जाता है और वे इसका निजीकरण करने की संभावनाएं टटोल रही हैं। हमारी नजर ऐसे ही बंदरगाहों पर है। अदाणी ने कहा कि हाइफा पोर्ट के परिचालन पर अभी तक हमास और इजरायल युद्ध का कोई असर नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, 'हम हाइफा में अपने निवेश को लेकर आश्वस्त हैं। जब हमने हाइफा पोर्ट की जांच-परख की थी तो अनुमान लगाया गया था कि कुछ अड़चनें आएंगी। इस समय बंदरगाह का संचालन हो रहा है और आगे भी किसी तरह की समस्या की आशंका नहीं है।' वर्तमान में अदाणी पोर्ट्स के कुल वॉल्यूम में हाइफा पोर्ट की हिस्सेदारी महज 3 फीसदी है।

### बासमती चावल के न्यूनतम निर्यात मूल्य की समीक्षा पर विचार कर रही है सरकार

सरकार ने रविवार को कहा कि वह बासमती चावल के न्यूनतम निर्यात मूल्य की समीक्षा पर गंभीरता से विचार कर रही है, जो इस समय 1,200 अमेरिकी डॉलर प्रति टन है। गौरतलब है कि अधिक मूल्य होने के कारण देश का निर्यात प्रभावित हुआ है।चावल निर्यातक संघ मांग कर रहे हैं कि इस दर को घटाकर लगभग 850 अमेरिकी डॉलर प्रति टन किया जाना चाहिए। सरकार ने अगस्त में फैसला किया था कि बासमती चावल 1,200 डॉलर प्रति टन से कम कीमत पर निर्यात नहीं किया जाएगा। ऐसा बासमती चावल की आड़ में अवैध रूप से गैर-बासमती चावल के अवैध निर्यात को रोकने के लिए किया गया था। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में कहा कि केंद्र सरकार ने चावल की घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने और कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए कई कदम उठाए हैं।

नई दिल्ली
सोमवार 16 अक्टूबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### ब्राजील ने विश्वकप क्वालिफाइंग के लिए एड्रिएल्सन को टीम में किया शामिल

रियो डी जनेरियो। ब्राजील फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) ने अनकैप्ड बोटाफोगो के डिफेंडर एड्रिएल्सन को उरुग्वे के खिलाफ फीफा विश्वकप क्वालिफाइंग मुकाबले के लिए ब्राजील की टीम में शामिल किया है। सीबीएफ ने शनिवार को यहां बताया कि एड्रिएल्सन (25) को फ्लुमिनेंस सेंटर-बैक मार्सिलियो मोटा की जगह टीम में शामिल किया गया है। शनिवार को प्रशिक्षण सत्र के दौरान मार्सिलियो मोटा के बाएं घुटने में मोच आ गई थी। जुलाई 2022 में स्पोर्ट रेसिफ़ से मुफ्त ट्रांसफ़र पर क्लब में शामिल होने के बाद से एड्रिएल्सन ने बोटाफ़ोगो के लिए 65 शुरुआत की हैं। उरुग्वे और ब्राजील मंगलवार को उरुग्वे की राजधानी मोंटेवीडियो में एस्टाडियो सेंटेनारियो में मुकाबला करेंगे। ब्राजील वर्तमान में 10-टीम दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग ग्रुप में तीन मैचों में सात अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि उरुग्वे तीन अंकों के साथ चौथे स्थान पर है।

### 17 साल के रौनक बने शतरंज अंडर-20 के विश्व चैंपियन, पीएम मोदी ने दी बधाई

इटली (सार्डिनिया)। भारत के ग्रैंडमास्टर 17 वर्षीय रौनक साधवानी इटली में दमदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-20 विश्व जूनियर रैपिड शतरंज चैंपियन बन गए। महाराष्ट्र के नागपुर के रौनक ने 11वें राउंड में 8.5 अंक के साथ विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। खास बात यह है कि रौनक को टूर्नामेंट में खेलने के लिए वीजा हासिल करने में परेशानी आई थी, लेकिन उनकी एकाग्रता भंग नहीं हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस उपलब्धि पर रौनक साधवानी को बधाई दी। उन्होंने कहा, रौनक ने रणनीतिक प्रतिभा, कौशल से विश्व को आश्चर्यचकित किया और देश को गौरवान्वित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, फिडे वर्ल्ड जूनियर रैपिड शतरंज चैंपियनशिप 2023 में ऐतिहासिक जीत के लिए रौनक साधवानी को बधाई। उनकी रणनीतिक प्रतिभा और कौशल ने दुनिया को आश्चर्यचकित किया। साथ ही देश को गौरवान्वित भी किया है। वह अपनी असाधारण उपलब्धियों से हमारे देश के युवाओं को प्रेरित करते रहें। उन्हें भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं। शीर्ष वरीयता प्राप्त रौनक के अभियान की शुरुआत खराब रही। दूसरे और 5वें राउंड में वे बेहद कम रैंक वाले खिलाड़ियों से हार गए थे।

### एशियन गेम्स गोल्ड मेडलिस्ट का रोहतक में स्वागत

रोहतक। एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीतकर लौटने पर कबड्डी खिलाड़ी अक्षिमा बजाड़ का रोहतक के मकड़ौली गांव में जोरदार स्वागत हुआ। अक्षिमा ने कहा कि उसके लिए उनके पिता ने कई कुर्बानी दी है, जिन्हें वे कभी भी नहीं भुला सकती। बच्चों का भविष्य संवारने के लिए उन्होंने नौकरी तक छोड़ दी थी। उन्होंने पिता के सपने को पूरा किया है। अक्षिमा बजाड़ ने बताया कि वह पिछले करीब 6 सालों से अभ्यास कर रही है। आगे भी अपना अभ्यास जारी रखेगी ताकि बेहतर प्रदर्शन कर सके। अब उसका लक्ष्य 2026 एशियन गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करने का है। दोबारा अच्छा प्रदर्शन कर वह भारत को गोल्ड मेडल दिलाएगी। चीन में आयोजित हो रहे एशियन गेम्स में भारतीय महिला कबड्डी टीम ने गोल्ड मेडल हासिल किया है। अक्षिमा ने बताया कि उनके पिता रणबीर ने 2016 में बच्चों को खिलाना शुरू किया था। उस दौरान बेटे हैप्पी को कबड्डी की प्रैक्टिस शुरू करवाई थी। वहीं बेटी अक्षिमा भी वजन ज्यादा होने के कारण दौड़ लगानी शुरू की थी, लेकिन बेटी की खेल मूवमेंट एक बेहतर कबड्डी खिलाड़ी की तरह थी। अक्षिमा की खेल प्रतिभा को तराशने के लिए कबड्डी की प्रैक्टिस शुरू करवाई। शुरुआती दौर से ही वह अपनी भाई से बेहतर खिलाड़ी व मेहनती रही है।

### ट्रायल के लिए बजरंग जिम्मेदार नहीं : गीता

रोहतक। इंटरनेशनल रेसलर गीता फोगाट रविवार को रोहतक पहुंची। उन्होंने कहा कि एशियन गेम्स में बजरंग पूनिया से काफी उम्मीदें थी, लेकिन मेडल नहीं आने से निराशा हाथ लगी। खेल में हार-जीत चलती रहती है। बजरंग पूनिया को उन्होंने नजदीक से देखा है, वे मानसिक-शारीरिक कई चीजों से गुजरे हैं। सोशल मीडिया पर बजरंग के खिलाफ गलत फैलाया गया। ट्रायल नहीं हुई का मतलब है कि जिन खिलाड़ी की अच्छी परफॉर्मेंस है या लास्ट गेम में मेडल जीतकर लाए है तो उसके आधार पर खिलाड़ियों को भेजा जाता है। यह भारत ही नहीं विदेशों में भी प्रक्रिया है, फेडरेशन के ये नियम है। अगर कुछ गलत है तो सरकार व फेडरेशन को बदलना चाहिए। इसके लिए बजरंग जिम्मेदार नहीं हैं। फोगाट ने कहा कि बहुत सारी चीजें होती है। पहले से नियम बने हुए है। जिनको पता नहीं, वे कुछ भी कह सकते हैं। बिना ट्रायल व बिना सिलेक्शन के एशियन गेम्स में कोई भी उठकर चला जाए, ऐसा नहीं है। बजरंग ने कई बार देश का नाम रोशन किया है। उनमें क्षमता थी और वह इस योग्य थे, इसलिए वे एशियन गेम्स में खेलने गए। उनका बैड लक होगा कि खेल में मेडल नहीं आया। दरअसल, गीता रोहतक स्थित ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करने पहुंची थी। इस दौरान गीता फोगाट मुख्यातिथि के तौर पर पहुंची। उन्होंने विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया। साथ ही कहा कि आज खेल बहुत जरूरी हो गया है।

### श्रीलंका के कप्तान दसुन वर्ल्ड कप से बाहर

श्रीलंका के कप्तान दसुन शनाका चोट की वजह से वनडे वर्ल्ड कप 2023 से बाहर हो गए हैं। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने शनिवार को इसकी पुष्टि की। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने एक्स (ट्विटर) पर लिखा, आईसीसी मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 की इवेंट टेक्निकल कमेटी ने श्रीलंकाई टीम में दसुन शनाका के रिप्लेसमेंट के रूप में चमिका करुणारत्ने को मंजूरी दे दी है। वहीं बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन भी चोट के कारण टीम के अगले कुछ मैच मिस कर सकते हैं। टीम 19 अक्टूबर को पुणे में भारत के खिलाफ खेलने वाली है। शनाका को 10 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए मैच में चोट लग गई थी। टीम में उनकी जगह ऑलराउंडर चमिका करुणारत्ने को शामिल किया गया है। शनाका के दाहिनी जांघ की मांसपेशियों में चोट लगी है। करुणारत्ने स्टैंडबाय प्लेयर के रूप में टीम के साथ ट्रैवल कर रहे थे और कल यानी सोमवार (16 अक्टूबर) को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रीलंका के मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। श्रीलंका टूर्नामेंट में अपने शुरुआती 2 मैच दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान से हार चुका है।

### अंबेडकर की सबसे बड़ी प्रतिमा का अनावरण

वॉशिंगटन में भारत के संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 19 फीट की मूर्ति का अनावरण किया गया है। ये देश से बाहर उनकी सबसे बड़ी प्रतिमा है। वॉशिंगटन के मैरीलैंड में अनावरण के दौरान 500 से ज्यादा भारतीय मूल के लोग मौजूद रहे। उन्होंने जय भीम के नारे लगाए। लोग बारिश के बीच 10 घंटे का सफर तय कर इस कार्यक्रम में शामिल हुए। अंबेडकर की प्रतिमा को मूर्तिकार राम सुतार ने बनाया है। वो इससे पहले दुनिया की सबसे बड़ी प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी भी बना चुके हैं। सरदार पटेल की ये मूर्ति गुजरात में बनाई गई है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अंबेडकर की प्रतिमा के अनवारण पर प्रधानमंत्री मोदी का मैसेज शेयर किया। उन्होंने कहा, अंबेडकर के अनुयायियों ने एकजुट भारत की नींव न सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया में रखी है। अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर के अध्यक्ष राम कुमार ने कहा कि असमानता सिर्फ भारत नहीं पूरी दुनिया में समस्या है। इसलिए बाबा साहेब की मूर्ति को स्टैच्यू ऑफ इक्वेलिटी नाम दिया गया है। वहीं, दलित इंडियन चेंबर्स ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रवि कुमार ने कहा- पहले अंबेडकर की पहचान सिर्फ एक दलित लीडर के तौर पर थी। अब उनकी पहचान उस नेता के तौर पर है जिन्होंने महिलाओं और पिछड़ों के उत्थान के लिए काम किया। अब दुनिया के गरीब देश उनके विचारों पर चलने के बारे में सोच रहे हैं।


# डेनियल एबियनो ने पुरूष वर्ग और अयाना ने महिला वर्ग की दौड़ जीती

नयी दिल्ली। राजधानी दिल्ली में रविवार सुबह खेल और फिटनेस के लिए आयोजित की गई 'वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन' को केन्या के स्टार धावक डेनियल एबेन्यो ने पुरूष वर्ग और इथियोपिया की अल्माज अयाना ने महिला वर्ग की एलीट दौड़ जीत ली। आज सुबह यहां केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने हरी झंडी और दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने फायर कर जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से 'वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन' को रवाना किया।

केन्या के एबेन्यो ने पुरुष वर्ग में 59 मिनट और 27 सेकंड में दौड़ पूरी की। वही महिला वर्ग में इथियोपिया की अयाना ने एक घंटे सात मिनट और 59 सेकंड में दौड़ पूरी करके युगांडा की स्टेला चेसांग (1-08-28) और केन्या की वियोला चेपनजेनो (1: 09: 09) को पछाड़ते हुए जीत हासिल की।

भारतीय खिलाड़ियों में अभिषेक पाल (1: 04: 08) और कविता यादव (1: 17: 42) ने क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में पहला स्थान हासिल किया। पुरूष वर्ग में कार्तिक दूसरे और सावन ने तीसरे स्थान रहे।

मैट्रो और अन्य साधनों से बड़ी संख्या में स्टेडियम पहुंचे लोगों में हाफ मैराथन को लेकर काफी उत्साह देखा गया। मैराथन हजारों की संख्या में हर उम्र के लोगों ने भाग लिया। आज सुबह तीन तरह की मैराथन स्पर्धाएं आयोजित की जा रही है। जिनमें हाफ मैराथन एमेच्योर, 10 किलोमीटर रूट और हाफ मैराथन एलीट शामिल हैं। प्रतिभागियों के लिए 42.195 किमी की मैराथन को सात घंटे 18 मिनट में, 25 किमी की दौड़ को चार घंटे 11 मिनट में, 21.097 किमी की हाफ मैराथन तीन घंटे 30 मिनट और 10 किमी की दौड़ को 95 मिनट निर्धारित किये गये थे।







पहली हाफ मैराथन एमेच्योर सुबह करीब पांच बजे से, जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम से शुरू होकर भीष्म पितामह मार्ग, लोधी रोड, श्री अरबिंदो मार्ग से यू-टर्न लेकर लोधी रोड, मथुरा रोड, सुब्रमण्यम भारती मार्ग, डॉ. जाकिर हुसैन मार्ग, सी-हेक्सागोन, कर्तव्यपथ, रफी मार्ग, रेल भवन, रफी मार्ग, संसद मार्ग होते हुए वापस जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम पर समाप्त हुई।

दूसरी 10 किलोमीटर मार्ग से सुबह करीब पांच बजे से, संसद मार्ग पर जीवन दीप बिल्डिंग से शुरू होकर, पटेल चौक, संसद मार्ग, रफी मार्ग, रेल भवन, कार्तव्यपथ, जनपथ, होटल ली मेरिडियन, जनपथ पर यू टर्न लेकर कर्तव्य पथ, इंडिया गेट कैनोपी, सी-हेक्सागोन, मथुरा रोड, लोधी रोड, भीष्म पितामह मार्ग, जेएलएन स्टेडियम कॉम्प्लेक्स पर समाप्त हुई।

वहीं तीसरी हाफ मैराथन एलीट (सुबह 7 बजे से) जेएलएन स्टेडियम कॉम्प्लेक्स से शुरू होकर भीष्म पितामह मार्ग, लोधी रोड, श्री अरबिंदो मार्ग, लोधी रोड, मथुरा रोड, सुब्रमण्यम भारती मार्ग, डॉ. जाकिर हुसैन मार्ग, सी-हेक्सागोन, कर्तव्यपथ, रफी मार्ग क्रॉसिंग से यू टर्न लेकर कर्तव्यपथ, इंडिया गेट कैनोपी, सी-हेक्सागन होते हुए वापस इसी रूट से स्टेडियम के बाहर खत्म हुयी।

इस अवसर पर उपराज्यपाल ने कहा कि 'वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन' एक तरह से ग्लोबल इवेंट बन गया है। पिछले वर्ष इसमें 28 हजार लोगों ने हिस्सा लिया था और इस साल 36 हजार लोग हिस्सा ले रहे हैं। इससे पता चलता है कि दिल्ली के लोग किस तरह अपने को फिट रहना चाहते हैं।

दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी मार्लेना सिंह ने कहा, मुझे लगता है स्पोर्ट्स और फिटनेस को आगे बढ़ाने के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण चीज है। हम एक ऐसे दौर से गुजर रहे हैं जहां जीवनशैली से जुड़ी बीमारियाँ एक आम बात हो गई हैं और इस दौर में ऐसा आयोजन जिसमें हजारों लोग भागीदारी करते हैं, यह फिटनेस के लिए सबको प्रेरणा देता है।

## महिला हॉकी एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी शिविर के लिए 34 संभावित चुने गए

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी से पहले बंगलूरू में 16 अक्तूबर से शुरू होने वाले राष्ट्रीय शिविर के लिए रविवार को 34 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की। राष्ट्रीय शिविर 22 अक्तूबर तक चलेगा जबकि महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 27 अक्तूबर से रांची में खेली जाएगी।

यह प्रतियोगिता पहली बार भारत में आयोजित की जा रही है। भारत के अलावा इसमें मौजूदा चैंपियन चीन, जापान, कोरिया, मलयेशिया और थाईलैंड की टीम हिस्सा लेगी। भारत अपने अभियान की शुरुआत थाईलैंड के खिलाफ करेगा। भारत की मुख्य कोच यानिक शोपमैन ने कहा, 'अब हम ओलंपिक क्वालिफायर्स तक जो भी टूर्नामेंट खेलेंगे वह हमारे लिए महत्वपूर्ण होगा। इससे हमें एक टीम के रूप में सुधार करने का अवसर मिलेगा। हम एशियाई खेलों में टीम के प्रदर्शन की समीक्षा करेंगे।'

### संभावित खिलाड़ी

गोलकीपर: सविता, रजनी एतिमारपु, बिचू देवी, बंसारी सोलंकी।
डिफेंडर: दीप ग्रेस एक्का, गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, अक्षता ढेकाले, ज्योति छेत्री, महिमा चौधरी।
मिडफील्डर : निशा, सलीमा टेटे, सुशीला चानू, ज्योति, नवजोत कौर, मोनिका, मरीना कुजूर, सोनिका, नेहा, बलजीत कौर, रीना खोखर, वैष्णवी फाल्के, अजमीना कुजूर।
फॉरवर्ड : लालरेम्सियामी, नवनीत कौर, वंदना कटारिया, शर्मिला देवी, दीपिका, संगीता कुमारी, मुमताज खान, सुनेलिता टोप्पो, ब्यूटी डुंगडुंग।

### यूरो 2024 क्वालिफाइंग में इटली ने माल्टा को हराया

रोम। इटली ने यूईएफए यूरो 2024 क्वालिफाइंग में डोमेनिको बेरार्डी के दो गोल की बदौलत माल्टा को 4-0 से हरा दिया है। शनिवार को खेले गये इस मुकाबले में इटली की टीम शुरू से ही आक्रामक रही। गत चैंपियन के बोनावेंटुरा ने आखिरकार 23वें मिनट में गतिरोध को तोड़ते हुए गोल कर दिया और यह उनका पहले अंतरराष्ट्रीय गोल था। बेरार्डी ने ब्रेक से पहले निकोलो बारेला के साथ मिलकर गोल करते हुए बढ़त दोगुना कर दिया। ब्रेक के बाद इटली ने अपना दबदबा जारी रखा और बेरार्डी ने 64वें मिनट में तीसरा गोल किया। इससे पहले कि स्थानापन्न डेविड फ्रैटेसी ने अंतिम मिनटों में गोल कर दिया। माल्टा की टीम पूरे मैच में संघर्ष करती देखी गई। इस जीत के साथ ही इटली को 10 अंकों के साथ ग्रुप सी में अपना दूसरा स्थान पर है। इटली की यह लगातार दूसरी जीत है।

## एचसीएल साइक्लोथॉन में 11 सौ से अधिक साइकिल चलाक हुए शामिल

एजेंसी

चेन्नई। तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में रविवार को आयोजित एचसीएल साइक्लोथॉन में 956 पुरुष और 169 महिला सहित कुल 1,100 से अधिक साइकिल चालकों ने हिस्सा लिया।

तमिलनाडु के युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने आज यहां इस साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के संरक्षण में तमिलनाडु के खेल विकास प्राधिकरण और राज्य सरकार के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में पेशेवर और शौकिया दोनों श्रेणियों में प्रतिभागियों ने भाग लिया।

विजेताओं को उदयनिधि स्टालिन ने एचसीएल कॉरपोरेशन में रणनीति अध्यक्ष सुंदर महालिंगम और साइकिल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव श्री मनिंदर पाल सिंह की उपस्थिति में सम्मानित किया।

एचसीएल साइक्लोथॉन में शीर्ष पर रहने वालों 30 लाख रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया।

साइकिल चालकों ने सुबह होते ही ईसीआर रोड पर मायाजाल मल्टीप्लेक्स से साइकिल चलाना शुरू कर दिया और अपनी-अपनी श्रेणियों के अनुसार मार्ग के कई चक्कर लगाए।

पुरस्कार स्वरूप पेशेवरों के लिए 15 लाख रूपये और शौकीनों के लिए 15 लाख रूपये की राशि रखी गई।

इस अवसर पर उदयनिधि स्टालिन ने कहा, मैं तमिलनाडु में खेल के क्षितिज का विस्तार करने में एचसीएल की भूमिका का तहे दिल से स्वागत करता हूं। हमारे राज्य में फिटनेस का समर्थन करने और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए साइकिल चलाने के शौकीनों की एक बड़ी भीड़ को देखना वास्तव में प्रेरणादायक है।


उन्होंने कहा, यह खेल उत्कृष्टता के लिए अनुकूल माहौल बनाने के लिए तमिलनाडु के खेल विकास प्राधिकरण और राज्य सरकार के अटूट समर्पण को भी रेखांकित करता है। साइकिल चलाने को प्रोत्साहित करके, हम न केवल एक खेल के विकास को बढ़ावा दे रहे हैं बल्कि तमिलनाडु के लिए एक टिकाऊ और हरित भविष्य को भी बढ़ावा दे रहे हैं।

# हमास लड़ाकों के शवों से मिले कोडेड दस्तावेज

## इसमें इजराइलियों को मारने के निर्देश थे; फूलप्रूफ प्लानिंग के साथ किया हमला

इजराइल से जंग में मारे गए हमास लड़ाकों के शवों और उनकी गाड़ियों से कई दस्तावेज बरामद किए गए हैं। कोडवर्ड में लिखे गए इन दस्तावेजों में हमास के इजराइल पर अटैक करने की प्लानिंग का जिक्र है। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, डॉक्यूमेंट्स में इजराइली लोगों को अगवा करने और जान से मारने के निर्देश थे।

डॉक्यूमेंट्स में कई ऑर्डर सीधे तौर पर लिखे थे। वहीं, कई ऑर्डर के लिए कोड वर्ड इस्तेमाल किए गए थे। ये दस्तावेज नोवा म्यूजिक फेस्टिवल, किबुत्ज रीम के बाहर एक कार में हमास लड़ाके के शव से मिले है। नोवा फेस्ट से ही हमास के लड़ाके 100 से ज्यादा लोगों को किडनैप कर अपने साथ गाजा ले गए थे। 260 लोगों को जान से मार दिया था। इस जगह लड़ाके कार, बाइक और पैराग्लाइडिंग करके आए थे।



### 'ब्लैक' कोड मारने के लिए, 'बस' कोड किडनैप के लिए

रिपोर्ट्स में दस्तावेजों के मुताबिक, ब्लैक शब्द बंदियों को मारने के लिए लिखा गया था। वहीं, बंदी बनाए गए लोगों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल करने के लिए बस शब्द लिखा गया था। इसके अलावा हमास के कमांडर्स से बात करने के लिए मिलिट्री व्हीकल, सिविलियन व्हीकल और रेड शब्द के कोड्स शामिल थे। इसमें मिलिट्री व्हीकल का मतलब बंदियों की रिहाई, सिविलियन व्हीकल का मतलब होस्टजेस के आंकड़े और रेड शब्द यह रिपोर्ट करने के लिए कि इजराइल ने गाजा समूह के सदस्यों को पकड़ लिया है। घर, कार और फील्ड्स को जलाने के ऑर्डर्स सीधे तौर पर लिखे थे।

### यूनिट बनाकर हमला किया, हर किसी का उद्देश्य लिखकर साथ में भेजा

टॉप सीक्रेट लेबल वाला एक पेज कफर साद पर हमले की योजना की रूपरेखा बताता है। इसमें कहा गया है कि कॉम्बैट यूनिट-1 का उद्देश्य 'नए डा एट स्कूल पर हमला करना, जबकि कॉम्बैट यूनिट-2 का उद्देश्य 'बंधकों को इकट्ठा करना' था। वहीं अन्य यूनिट्स को बनेई अकीवा युवा केंद्र और पुराने डा एट स्कूल खोजने का आदेश दिया गया था। टॉप सीक्रेट पैंतरेबाजी लेबल वाला एक अन्य डॉक्यूमेंट कफर साद के पूर्वी हिस्से को सुरक्षित करने के लिए हमास इकाई योजना की प्लानिंग करता है। दूसरी इकाई पश्चिम को नियंत्रित करती है।

## गाजा खाली करने की इजराइली डेडलाइन खत्म

### ग्राउंड ऑपरेशन से पहले बॉर्डर पर सैकड़ों टैंक तैनात; इजराइल ने 15 हजार लोगों को हटाया

इजराइल हमास जंग का आज दसवां दिन है। इस बीच इजराइली डिफेंस फोर्स के 10 हजार सैनिक गाजा में जमीनी हमले की तैयारी कर रहे हैं। बॉर्डर पर कई सौ इजराइली टैंक तैनात हैं। वहीं, गाजा में ग्राउंड ऑपरेशन से पहले इजाइली सीमा से सटे स्देरोट शहर से करीब 15 हजार लोगों को निकालकर सुरक्षित जगह पर पहुंचाया गया है। लोगों को उत्तरी गाजा को खाली करने के लिए इजराइल की तरफ से दिया गया समय भी खत्म हो चुका है।

इजराइली समय के मुताबिक लोगों को 10 से 1 बजे तक इलाका खाली करने को कह गया था। तब इजराइल की तरफ से कोई हमला नहीं किया गया। वहीं, आज फिर हिजबुल्लाह संगठन ने लेबनान की तरफ से इजराइल के बॉर्डर इलाके शतूला में हवाई हमला किया। इसमें एक इजराइली सैनिक की मौत हो गई। इसके बाद इजराइल ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है। वहां एक बफर जोन बनाया गया है।



### इजराइल ने इस रास्ते से लोगों को उत्तरी गाजा खाली करने को कहा

दूसरी तरफ जंग में अब तक हमास के 3 टॉप कमांडर मारे जा चुके हैं। वहीं, इजराइल ने दावा किया है कि हमास लोगों को गाजा सिटी खाली करने से रोक रहा है। उसने जगह-जगह बैरियर लगा दिए हैं ताकि लोग शहर से बाहर न जा सकें।

रविवार को सेना ने कहा कि उसने किबुत्ज नीरिम और किबुत्ज नीर ओज में हमला करने वाले हमास कमांडर को मार गिराया है। सेना ने कहा- हमास के नुखबा यूनिट का कमांडर बिलाल अल-केदरा मारा गया है।

इसके पहले 14 अक्टूबर को इजराइली सेना ने हमास के दो बड़े कमांडरों को मार गिराया। सेना ने बताया कि उन्होंने 7 अक्टूबर को इजराइल पर हुए हमले को लीड करने वाले कमांडर अली कादी को मार गिराया है। अली कादी को मारने का काम इजराइल की इंटरनल इटेलीजेंस एजेंसी शिन बेत ने किया है। वहीं, हमास का एयरफोर्स हेड मुराद अबु मुराद भी इजराइली हमले में मारा गया।

### जमीन, समुद्र, आसमान हर तरफ से हमला करेगा इजराइल

इजराइल डिफेंस फोर्स ने कहा- हम गाजा में जमीनी हमला करने के लिए तैयार हैं। अब तक एयरस्ट्राइक कर रहे थे, लेकिन अब हम तीनों ओर से गाजा पर हमला करेंगेइस बीच सीज फायर के लिए कोशिशें जारी हैं।

### इजरायली सैनिकों की मौत का आंकड़ा 279 तक पहुंचा

तेल अवीव। फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष की शुरुआत के बाद से मारे गए इजरायली सैनिकों की संख्या 279 तक पहुंच गई है। इस संघर्ष के दौरान अब तक 3500 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। इजरायली मीडिया ने रविवार को इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) के हवाले से यह जानकारी दी। हारेत्ज अखबार ने कहा कि गाजा पट्टी में बंधक बनाए गए लोगों की संख्या 126 तक पहुंच गई है। गत सात अक्टूबर को, फिलिस्तीनी समूह हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ एक आश्चर्यजनक बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया, जिससे इजरायल को अगले दिन युद्ध की स्थिति घोषित करने और जवाबी हमले शुरू करने के लिए मजबूर होना पड़ा। सोमवार को इजरायल ने 20 लाख से अधिक लोगों के घर गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया, पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति में कटौती की।

### गाजा पट्टी में जमीनी हमले की योजना स्थगित

गाजा। इजरायली सेना ने इस सप्ताह के अंत में गाजा पट्टी में जमीनी हमले की योजना बनाई थी, लेकिन मौसम की स्थिति के कारण रविवार को इसे कुछ दिनों के लिए स्थगित कर दी। अमेरिकी अखबार 'द न्यू यॉर्क टाइम्स' ने तीन वरिष्ठ इज़रायली सैन्य अधिकारियों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। योजना के अनुसार इजरायली सेना को गाजा शहर पर कब्जा करने और एन्क्लेव के वर्तमान नेतृत्व को नष्ट करने का आदेश दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि इसमें हजारों इजरायली सैनिकों, साथ ही टैंक, सैपर और कमांडो के भाग लेने की उम्मीद थी। न्यूयॉर्क टाइम्स ने हमास के एक अधिकारी के हवाले से खबर दी है कि हमास लड़ाके अपनी ओर से गाजा शहर की कई छिपी हुई भूमिगत सुरंगों से अचानक निकलकर इजरायली सैनिकों पर पीछे से हमला करने की योजना बना रहे हैं। इससे पहले अमेरिकी खोजी पत्रकार सेमुर हर्श ने कहा था कि इज़रायल ज्वाइंट डायरेक्ट अटैक म्यूनिशन (जेडीएएम) मार्गदर्शन किट से लैस बमों का उपयोग करके गाजा पर हमले की योजना बना रहा है, जिससे शहर पूरी तरह से नष्ट हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर को फिलिस्तीनी समूह हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल में बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया था। इसके कारण इजरायल को अगले दिन युद्ध की स्थिति घोषित करने और जवाबी हमले शुरू करने के लिए मजबूर होना पड़ा था।

### मशहूर ईरानी फिल्म निर्देशक दारिउश मेहरजुई व उनकी पत्नी की हत्या

तेहरान । ईरान के जानेमाने फिल्म निर्माता-निर्देशक दारिउश मेहरजुई और उनकी पत्नी वाहिदेह मोहम्मदिफिर को अज्ञात हमलावारों ने शनिवार को चाकू से गोद कर बेरहमी से हत्या कर दी। वह 83 वर्ष के थे। स्थानीय मीडिया ने रविवार को बताया कि ईरान के सबसे महत्वपूर्ण फिल्म निर्माताओं में से एक मेहरजुई और उनकी पत्नी की कल शाम यहां उनके घर पर चाकू मारकर हत्या कर दी गई। महरजुई(83) की बेटी मोना मेहरजुई घर लौटीं तो उन्होंने अपने माता-पिता को खून से लथपथ मृत पाया। अधिकारी इस घटना की जांच कर रहे हैं। फिलहाल यह पता नहीं चल सका है कि इस जघन्य अपराध के पीछे किसका हाथ है। मिज़ान ऑनलाइन समाचार एजेंसी के अनुसार, तेहरान के पास अल्बोरज़ प्रांत के मुख्य न्यायाधीश होसैन फ़ज़ेली-हरिकंदी ने कहा, प्रारंभिक जांच के दौरान, हमने पाया कि दरिउश मेहरजुई और उनकी पत्नी वाहिदेह मोहम्मदिफ़र की गर्दन पर कई वार करके हत्या कर दी गई। समाचार पत्र एतेमाद द्वारा गत रविवार को प्रकाशित एक साक्षात्कार में, फिल्म निर्माता की पत्नी ने कहा कि उन्हें धमकी दी गई थी और उनके घर में चोरी हो गई थी।

### भूकंप से एक व्यक्ति की मौत, 35 घायल




हेरात। पश्चिमी अफगानिस्तान के हेरात प्रांत में रविवार को भूकंप के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई और 35 अन्य घायल हो गए। प्रांतीय सरकार के एक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया, स्थानीय समयानुसार आज सुबह 8: 06 बजे हेरात में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.2 मापी गयी। भूकंप का केंद्र जिंदाजान जिले में था। भूकंप से एक व्यक्ति की मौत हो गई और 35 घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बयान में कहा गया है कि हताहतों की संख्या बढ़ सकती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि रविवार सुबह हेरात और उसके आसपास कुछ ही मिनटों में दोबार भूकंप के झटके महसूस किए गए। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर को हेरात प्रांत में, भूकंप के कारण 2,000 से अधिक लोग मारे गए और हजारों घायल हो हुए थे। इसके बाद से हेरात में कई बार भूकंप के कई झटके महसूस किए गए हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### शनिधाम में दंपतियों के एक साथ पूजा करने का अनूठा प्रचलन



नई दिल्ली। राजधानी में एक ऐसा मंदिर है जहां नवरात्रों के दौरान दंपतियों द्वारा मां की आराधना करने के लिए स्वयं में एक अनूठी व्यवस्था है। आसोला (फतेहपुर बेरी) स्थित शनिधाम में नवरात्रों के दौरान सैकड़ों दंपति पूजा-अर्चना कर रहे है। शनिधाम पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर परमहंस निजस्वरूपानंदपुरी महाराज के सान्निध्य में उन्होंने नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की और मंत्र जाप किया। महामंडलेश्वर परमहंस निजस्वरूपानंदपुरी महाराज का कहना है कि जब पति-पत्नी एक साथ सब कार्य करते है और एक-दूसरे के सुख-दुख के साथी है तो उनको एक साथ पूजा भी करनी चाहिए। आम तौर पर ऐसा नहीं होने के कारण उन्होंने शनिधाम में ऐसी व्यवस्था की है। दंपति द्वारा एक साथ पूजा अर्चना करने से उनका भविष्य उज्जवल होता है, वहीं उनके घर में सुख शांति एवं उनकी तरक्की का रास्ता निकलता है।

### कांग्रेस के राज में हुयी केवल बर्बादी और तबाही

दतिया। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार जहां-जहां बनी वहां केवल बर्बादी और तबाही ही हुयी है। चौहान ने दतिया में भाजपा प्रत्याशी एवं गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और गृह मंत्री डॉ मिश्रा मौजूद रहे। चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद वे ग्वालियर आए थे और एक ही बात कही थी मध्यप्रदेश में या तो डाकू रहेंगे या शिवराज सिंह चौहान रहेगा दोनों एक साथ नहीं रह सकते, और आज डकैतों की समस्या का अता-पता नहीं है। मुख्यमंत्री ने दतिया में आयोजित सभा में कहा कि वे दतिया के विकास के लिए डॉ मिश्रा को बधाई देते हैं। उन्होंने दतिया के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि ये दिवाली कमल वाली है, इसलिए अपनी पार्टी के लिए भी जीतना है, अपने नेता के लिए भी जीतना है लेकिन असली तो जनता के लिए ही जीतना है, देश के लिए जीतना है। इसलिए मेरे कार्यकर्ता भाइयों कोई कोर-कसर मत छोड़ना, दिन रात एक कर देना। चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में रिकॉर्ड विकास को रिकॉर्ड वोटों से जिताना है। जनता के विकास और स्वर्णिम मध्यप्रदेश के निर्माण के लिए जितना है। उन्होंने जनसमूदाय से पूछते हुए कहा कि आपने कांग्रेस राज का दतिया तो देखा ही होगा, लेकिन जब से डॉ मिश्रा विधायक बने हैं तब का दतिया भी देखा है, भाजपा सरकार में दतिया का ऐतिहासिक विकास हुआ है।

### कांग्रेस ने दिग्विजय के नाम के फर्जी पत्र मामले में कार्रवाई की मांग की

भोपाल। मध्यप्रदेश कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह के नाम से सोशल मीडिया में फर्जी पत्र वायरल करने के मामले में आज यहां साइबर सेल को आवेदन देकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रवक्ता हितेश वाजपेयी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रदेश कांग्रेस के एक प्रतिनिधि मंडल ने यहां कोहेफिजा स्थित साइबर सेल कार्यालय पहुचंकर इस संबंध में एक शिकायत सौंपकर भाजपा प्रवक्ता हितेश बाजपेयी के विरूद्व प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही किये जाने की मांग की। कांग्रेस ने साइबर सेल को सौपे आवेदन में कहा कि सिंह की छवि को धूमिल करने के उद्देश्य से भाजपा प्रवक्ता हितेश वाजपेयी द्वारा अपने ट्यूटर हैंडल से सिंह का कूट रचित लेटर हेड बनाकर उनके फर्जी हस्ताक्षर कर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को संबोधित करते हुए कांग्रेस के सभी पदों से त्याग पत्र देने के संबंघ में कूट रचित पत्र सोशल मीडिया पर वायरल कर कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता की पार्टी के प्रति वर्षो की निष्ठा को बदनाम करने का षड्यंत्र किया गया है। डीसीपी के नाम से सौपे गए इस शिकायत पत्र में कहा गया है कि सिंह को बदनाम करने के लिए कूटरचित दस्तावेज तैयार करना प्रौद्योगिकी अधिनियम के अंतर्गत गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है, इसलिए हितेश वाजपेयी के विरूद्ध सूचना एवं प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर तत्काल कार्रवाई की जाये, जो कि न्यायोचित होगा। प्रतिनिधि मंडल में पूर्व मंत्री पी सी शर्मा, प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष के के मिश्रा, प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष जे पी धनोपिया, सहित कांग्रेस पदाधिकारी आनंद तारण, मृणाल पंत, योगेन्द्र सिंह परिहार, रवि वर्मा, राहुल सिंह राठौर, शोएब खान, सै. मुजफ्फर अली, राजकुमार पटेल सहित अन्य कांग्रेस नेता शामिल थे।

# राजनीति की प्रयोगशाला में जाति जनगणना



**डॉ. नन्दकिशोर साह**

बिहार विधान सभा व विधान परिषद की ओर से 18 फरवरी, 2019 को राज्य में जातीय गणना कराये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में 23 अगस्त, 2021 को सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडल इस संबंध में प्रधानमंत्री से मिला। 1 जून, 2022 को सर्वदलीय बैठक में बिहार में जाति आधारित गणना करने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। 2 जून, 2022 को राज्य मंत्रिपरिषद की मुहर बाद फरवरी 2023 तक सम्पन्न कराने का निर्णय। राज्य मंत्रिपरिषद के निर्णय के आधार पर जाति आधारित गणना की जिम्मेवारी सामान्य प्रशासन विभाग को सौंपी गयी।

लगभग 90 साल बाद आजाद भारत के राजनीतिक इतिहास में यह पहला मौका है। जब राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 02-10-2023 को बिहार में हुई जाति आधारित जनगणना की बहु प्रतीक्षित रिपोर्ट जारी कर दी गयी। इसको लेकर बिहार में काफी घमासान मचा था और उच्च न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक यह मामला पहुंच गया था। बिहार सरकार की इस ताजा सफलता से देश में दूसरे राज्यों की सरकारों को भी प्रेरणा मिलेगी। राष्ट्रव्यापी गणना करने की मांग और तेज होने की संभावना है। भारत में जाति का मुद्दा संवेदनशील माना जाता है।

बिहार सरकार के अपर मुख्य सचिव विवेक सिंह ने जाति आधारित गणना की जो रिपोर्ट जारी की है उसके अनुसार बिहार की कुल आबादी 13.07 करोड़ से अधिक है और इसमें पिछड़ा वर्ग 27.13 प्रतिशत, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग 36.01 प्रतिशत और सामान्य वर्ग की आबादी 15.52 प्रतिशत है। एक जून 2022 को सर्वदलीय बैठक में बिहार में जाति आधारित जनगणना कराने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी थी। इसके बाद दो जून, 2022 को मंत्री परिषद ने इसे दो चरणों में सम्पन्न कराने का निर्णय किया था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि बिहार में बाहर से आकर रहने वालों की संख्या 53 लाख 72 हजार है। बिहार में पुरुषों की संख्या छह करोड़ 41 लाख 31 हजार 990 है, जबकि महिलाओं की संख्या छह करोड़ 11 लाख 38 हजार 460 है। अन्य की संख्या 82 हजार 836 है। जनगणना के अनुसार बिहार में प्रति एक हजार पुरुषों पर 953 महिलाएं हैं। बिहार में कुल दो करोड़ 83 लाख 44 हजार 107 परिवारों का सर्वेक्षण किया गया। हिन्दुओं की संख्या सर्वाधिक दस करोड़ 71 लाख 92 हजार 958 है जबकि मुसलमानों की आबादी दो करोड़ 31 लाख 49 हजार 925 है। इसी प्रकार 75 हजार 238 ईसाई, 14,753 सिख, एक लाख 11 हजार 201 बौद्ध और 12,523 जैन हैं। बिहार में सामान्य जातियों की आबादी महज 15 पायी गयी है।

इसमें भी 4 प्रतिशत से अधिक शेख, सैय्यद और पठान है। यानी सामान्य वर्ग के हिन्दुओं की आबादी महज 11 प्रतिशत है। राज्य की कुल आबादी में दो तिहाई यानी करीब 63 फीसदी अति पिछड़ा और पिछड़ा वर्ग की है। अगर किसी एक जाति की बात करें, तो यादवों की आबादी सबसे ज्यादा है।

अच्छा होता कि इन ब्योरों के साथ जातियों की आर्थिक स्थिति का भी ब्योरा दिया जाता। इससे न सिर्फ उन जातियों की माली हैसियत पता चलती, बल्कि जन-हितकारी योजनाओं का लाभ असल जरूरतमंदों तक पहुंचाने की कवायद तेज की जाती। रही बात स्थानीय निकायों के चुनावों की, तो उसमें पहले से ही दलित और ओबीसी महिलाओं को आरक्षण का लाभ मिल रहा है।

जातिवाद की राजनीति चरम पर पहुंची, लेकिन इसका सबसे भयावह असर यह हुआ कि आज बिहार और उत्तर प्रदेश सबसे पिछड़े राज्यों में हैं। जहां भी जातिवाद की नाम पर योग्यता को दबाया जाएगा, तो वहां प्रतिभा पलायन होगा। राजनीति, शिक्षा और तमाम अन्य क्षेत्रों में डिजर्व के बजाय रिजर्व के हावी होने से सामाजिक-आर्थिक विकास भी प्रभावित होगा। बिहार इसका सबसे ज्वलंत उदाहरण है। यहां जाति की राजनीति कर लोग मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक बने, राजनीति कुछ परिवारों में सिमट गयी। इससे बिहार के विकास को व्यापक नुकसान हुआ। पिछड़े वर्ग को सामाजिक न्याय देने के नाम पर जातिगत गणना हुई है, लेकिन एक सच यह भी है कि 1990 से अब तक लगातार 33 वर्षों से पिछड़ा वर्ग का ही मुख्यमंत्री है।

अब बात जनसंख्या के आधार पर हिस्सेदारी की हो रही है। आजादी के बाद से ही देश में जनसंख्या नियंत्रण के लिए परिवार नियोजन को आगे बढ़ाया गया। सरकार ने जनसंख्या नियंत्रण की नीति को लागू किया। ऐसे में जो जागरुक थे, उन्होंने आबादी की बढ़ती चुनौतियों को समझा और परिवार नियोजन को अपनाया, जिससे उनकी आबादी बढ़ने की गति अपेक्षाकृत धीमी रही। ऐसे में अगर आज आबादी के हिसाब से प्रतिनिधित्व की बात होगी, तो जिन्होंने राष्ट्रहित में जनसंख्या नियंत्रण अपनाया उन वर्गो को एक तरह से सजा मिलेगी और जिन्होंने जनसंख्या नियंत्रण पर अपेक्षाकृत ध्यान नहीं दिया, उनको प्रोत्साहन।

यही बात जनसंख्या के आधार पर लोकसभा एवं विधानसभा की सीटें तय करने पर लागू होती है। अगर जनसंख्या के आधार पर सीटें तय होंगी, तो उत्तर प्रदेश जिसने आबादी बढ़ाने में बड़ा योगदान दिया है, उसकी लोकसभा की सीटें 80 से बढ़कर 135 तक पहुंच जाएगी और केरल जिसने जनसंख्या नियंत्रण के महत्व को समझा, उसकी सीटें 20 ही रहेगी या इससे भी कम हो सकती हैं। इसलिए अगर जनसंख्या के आधार पर संसाधनों का वितरण करना है, तो बेहतर यह होगा कि आजादी के पहले के आंकड़े को आधार बनाया जाये। वैसे भी जिसकी जनसंख्या कम होती है, समाज में वह वर्ग अधिक तेजी से प्रगति करता है।

पारसियों की जनसंख्या बहुत कम है लेकिन देश की अर्थव्यवस्था और कारोबार में उनका बड़ा योगदान है। तो क्या अब आबादी के आधार पर उनके संसाधन छीन लेना ठीक रहेगा? इसलिए देश को ऐसे नेताओं की मंशा को समझना चाहिए, जो शासन सत्ता में रहकर खराब प्रदर्शन करके भी दशकों से सत्ता और राजनीति के शीर्ष पर हैं, वे दरअसल समाज को लड़ाकर अपनी सियासी स्वार्थ सिद्ध करना चाहते हैं।

देश का कल्याण विकास से होगा। गरीबों के उत्थान से होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ठीक ही कहा है कि सबसे बड़ी जाति गरीबी है। पूरा देश मिलकर गरीबी खत्म करें, जिससे सबका कल्याण होगा। जाति गणना सियासी छलावा है और परिवारवादी नेता और पार्टियां इसके जरिए सत्ता पाना चाहती हैं।

राहुल गांधी कह रहे हैं, जिसकी जितनी आबादी, उसकी उतनी हिस्सेदारी, तो कर्नाटक-छत्तीसगढ़ में रुझान जाति सर्वे की रिपोर्ट को क्यों नहीं सामने आने दे रहे हैं? असल में कांग्रेस जाति जनगणना की मांग के जरिये ओबीसी वोट में सेंध लगाने की कोशिश कर रही है। निशाने पर लोकसभा चुनाव है। ऐसे में लेकर देखना होगा कि विपक्ष का सोशल इंजीनियरिंग का दांव मोदी को हैट्रिक लगाने से रोक पाएगा या नहीं। राहुल सहित पूरी पार्टी को यह समझ लेना चाहिए कि नीतीश कुमार, लालू यादव और अखिलेश यादव जैसे नेता कांग्रेस को दोबारा उठने नहीं देंगे, क्योंकि उससे उनकी राजनीति को ग्रहण लग जाएगा।

बिहार में जातिगत जनगणना के नतीजों ने राजनीति में उबाल ला दिया है। विपक्ष इस मुद्दे से भाजपा को पटखनी देना चाहता है। उसकी परेशानी यह है कि उच्च जातियों की पार्टी कहलाने वाली भाजपा पिछड़ों और दलितों की पसन्द बनकर केन्द्र में स्पष्ट बहुमत हासिल कर ले गयी और कांग्रेस उत्तर प्रदेश और बिहार में हाशिये पर चली गयी। यह वही कांग्रेस है, जिसने मंडल आयोग की रपट लागू किए जाने का पुरजोर विरोध करते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री वीपी सिंह पर देश को जातीय आधार पर बांटने का आरोप लगाया था। आज कांग्रेस जैसे जातिवार गणना पर जोर दे रही है। कांग्रेस को देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हुए ऐसी राजनीति नहीं करनी चाहिए, जो देश के अमन-चैन को खराब करें और समाज को बांटने का काम करे। बिहार की इस जातीय जनगणना को बारूद बनाकर पेश करने की कोशिश की, तो यह देश के लिए बेहद ज्वलनशील साबित होगी। इससे वास्तविक आर्थिक स्थिति से जोड़कर देखने की जरूरत है। इसी में बिहार और देश का हित है। एक बात तो पूरी तरह से स्पष्ट है कि इस जनगणना को रिपोर्ट का दूरगामी राजनीतिक और आर्थिक प्रभाव होगे। बिहार जातिगत राजनीति की उर्वर भूमि बना रहेगा। पार्टियाँ जातिगत जनगणना का राजनीतिक प्रयोग खूब करेंगे। 2024 के लोकसभा चुनाव का जनादेश जातिगत राजनीति के पथ प्रदर्शक के रूप में उभरेगा।

इस गणना से न सिर्फ जातियों के बारे में पता चला, बल्कि सभी की आर्थिक स्थिति का ब्योरा भी मिला। इस आधार पर सभी वर्गों के विकास के लिए योजना बनाएंगे।

**-नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री, बिहार**

ये आंकड़े वंचितों, उपेक्षितों और गरीबों के समुचित विकास और तरक्की के लिए समग्र योजना बनाने एवं आबादी के अनुपात में प्रतिनिधित्व देने में देश के लिए नर्जर पेश करेंगे। सरकार को अब सुनिशित करना चाहिए कि जिसकी जितनी संख्या, उसकी उतनी हिस्सेदारी हो। राज्य के संसाधनों पर न्यायसंगत अधिकार सभी वर्गों का हो।

**- लालू यादव, पूर्व मुख्यमंत्री, बिहार**

यह ऐतिहासिक क्षण है। दशकों के संघर्ष का प्रतिफल है। अब सरकार की नीतियों और नीयत दोनों ही जाति आधारित सर्वेक्षण के इन आंकड़ों का सम्मान करेंगे।

**- तेजस्वी यादव, उप मुख्यमंत्री, बिहार**

## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन से जुड़ी योजनाओं का करें व्यापक प्रचार प्रसार

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**

बलरामपुर। नारी शक्ति, नारी स्वावलंबन, नारी सम्मान का प्रतीक शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर पूरे प्रदेश में मिशन शक्ति फेज-04 का शुभारंभ लोक भवन से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनपद में विकास भवन सभागार में भव्य कार्यक्रम विधायक बलरामपुर पल्टूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाशनाथ शुक्ला, जिलाधिकारी अरविंद सिंह एवं एनसीसी की छात्राओं की गरमामई उपस्थिति में आयोजित हुआ।



इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री का वर्चुअल संवाद सुना गया। इस अवसर पर विधायकगणों बने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के नए आयाम गढ़े जा रहे हैं। प्रदेश सरकार द्वारा नौकरियों में महिला आरक्षण देते हुए महिलाओं को स्वावलंबन का सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। महिला उद्यमियों को विशेष सब्सिडी का लाभ देते हुए प्रोत्साहित किए जाने का कार्य किया जा रहा है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा की 13 विभागों के सहयोग से चलने वाले मिशन शक्ति अभियान के दौरान महिला सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन से जुड़ी योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करे एवं पात्रों को योजना का लाभ दें।

मिशन शक्ति फेज 4 के शुभारंभ के अवसर पर पुलिस लाइन से प्रात: 7:00 बजे महिला जागरूकता रैली निकाली गई।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, परियोजना निदेशक डीआरडीए सीपी श्रीवास्तव, डीसी मनरेगा सतीश पांडे, जिला प्रोबेशन अधिकारी सतीश चंद्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक गर्ल्स इंटर कॉलेज से एनसीसी की छात्राएं एवं अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### इजरायली हमले रोकने के लिए संयुक्त राष्ट्र को हस्तक्षेप करना चाहिए : मौलाना अरशद मदनी

नयी दिल्ली। जमीयत उलमा-ए-हिंद (जेयूएच) के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने गाजा पर इजरायली आक्रामकता की निंदा करते हुए रविवार को कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, मुस्लिम विश्व लीग और अन्य प्रभावशाली अंतरराष्ट्रीय संगठनों को शीघ्र अति शीघ्र हस्तक्षेप करना चाहिए तथा वहां शांति स्थापित करने के लिए सकारात्मक और प्रभावी प्रयास करना चाहिए। मदनी ने विश्व के सभी नेताओं से अपील की है कि वे गाजा में चल रहे दुखद युद्ध और आबादी पर हो रही खतरनाक बमबारी को तुरंत रोकने के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, मुस्लिम विश्व लीग और अन्य प्रभावशाली अंतरराष्ट्रीय संगठनों को बिना किसी देरी के हस्तक्षेप करना चाहिए तथा वहां शांति स्थापित करने के लिए सकारात्मक एवं प्रभावी प्रयास करना चाहिए। उन्होंने यहां जारी एक बयान में कहा, इजरायल एक हड़पने वाला देश है जिसने कुछ विश्व शक्तियों के समर्थन से फिलिस्तीन की ज़मीन पर कब्ज़ा कर लिया है और वे अब इस जमीन से फिलिस्तीनी लोगों का अस्तित्व खत्म करने वाले हैं। उन्होंने गाजा पर इजरायली सेना की आक्रामकता की निंदा करते हुए कहा कि यह युद्ध इजरायल की स्थायी आतंकी योजनाओं का हिस्सा है। उन्होंने कहा, अंत में, एक स्वाभाविक प्रतिक्रिया के रूप में, फिलिस्तीनियों ने अत्यधिक साहस और बहादुरी दिखाई तथा अत्याचारी इजरायल पर जवाबी हमला किया, जिसकी इजरायल कल्पना भी नहीं कर सकता था।

## मुर्मु, मोदी और रवि ने किया कलाम को नमन

### अब्दुल कलाम की 92वीं जयंती के मौके पर उन्हें नमन किया

**एजेंसी**

दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन.रवि ने रविवार को पूर्व राष्ट्रपति एवं भारत रत्न ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की 92वीं जयंती के मौके पर उन्हें नमन किया।

वहीं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री मंत्री एम.के.स्टालिन ने मिसाइल मैन कलाम की आदमकद प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर डॉ. कलाम के पैतृक शहर तमिलनाडु में रामनाथपुरम जिले के रामेश्वरम सहित राज्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस.सोमनाथ ने द्वीप शहर में कलाम के स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद मैराथन को हरी झंडी दिखाई।

मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में डॉ. कलाम को श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति भवन ने तस्वीर साझा करते हुए एक्स पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर मोदी ने डॉ. कलाम को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम को उनकी जयंती पर हार्दिक नमन, जो



अपने विनम्र व्यवहार और असाधारण वैज्ञानिक प्रतिभा के कारण लोगों के प्रिय थे। उन्होंने कहा, राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को हमेशा श्रद्धा के साथ याद किया जाएगा।

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने भी डॉ. कलाम को श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने एक्स पर एक फ़ाइल तस्वीर पोस्ट करते हुए कहा, भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। राष्ट्र के लिए उनका दृष्टिकोण और उसे साकार करने का समर्पण सभी भारतीयों को प्रेरित करता रहता है।

रवि ने स्कूली छात्रों के साथ राजभवन में डॉ. कलाम की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

वहीं श्री स्टालिन ने अन्ना विश्वविद्यालय परिसर में डॉ. कलाम की आदमकद कांस्य प्रतिमा का अनावरण किया और स्कूली छात्रों की उपस्थिति में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर राज्य के मंत्री, चेन्नई निगम की मेयर आर.प्रिया और अन्य लोग उपस्थित रहे।

बाद में एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री स्टालिन ने कहा, डॉ कलाम की जयंती पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया।

वे एक वैज्ञानिक थे और जिन्होंने एक सरकारी स्कूल में पढ़ाई की तथा अपने अल्मा मेटर अन्ना विश्वविद्यालय में अपने बुद्धिमान कौशल के माध्यम से राष्ट्रपति के स्तर तक पहुंचे।

उन्होंने कहा कि देश का शिक्षित युवा डॉ. कलाम के विश्वास की रक्षा अवश्य करेगा। भारत अपनी वैज्ञानिक दृष्टि और ज्ञान के साथ वैश्विक स्तर पर चमकेगा।

### मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए सपा के नौ प्रत्याशियों की सूची जारी

भोपाल। समाजवादी पार्टी (सपा) ने मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए आज यहां नौ प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी। सपा की ओर से जारी सूची के अनुसार निवाड़ी से मीरा यादव, छतरपुर जिले के राजनगर विधानसभा सीट से बृजगोपाल पटेल को प्रत्याशी बनाया गया है, तो वहीं दतिया जिले के भाण्डेर से डी आर राहुल (अहिरवार) रिटायर्ड जिला जज को उम्मीदवार बनाया गया है। इसी तरह सीधी जिले के धौहानी से विश्वनाथ सिंह मरकाम को प्रत्याशी बनाया है।सिंगरौली के चितरंगी से श्रवण कुमार सिंह गौड को उम्मीदवार बनाया गया है। इसके अलावा रीवा जिले के सिरमौर से लक्ष्मण तिवारी को प्रत्याशी बनाया गया है।

## देवीपाटन मेले में मिलट्स महोत्सव का महंत देवीपाटन मंदिर एवं जिलाधिकारी ने फीता काटकर किया शुभारंभ

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**

बलरामपुर। शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर शक्तिपीठ देवीपाटन मेले में जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग के संयुक्त तत्वाधान में मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के प्रति जागरूक किया जाने के लिए 09 दिवसीय मिलेट्स महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 09 दिवसीय मिलेट्स महोत्सव का शुभारंभ महंत देवीपाटन मंदिर मिथलेश नाथ योगी, जिलाधिकारी अरविंद सिंह, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला द्वारा फीता काट कर किया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, गन्ना विभाग,



स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, पंचायती राज विभाग, प्रोबेशन विभाग, रेशम विभाग द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉल का महंत देवीपाटन मंदिर जिलाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि द्वारा अवलोकन किया गया। देवीपाटन मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को स्टॉल के माध्यम से विभाग द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया जाएगा।

इस अवसर पर आयुष्मान भव जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। आयोजित गोष्ठी में उपनिदेशक कृषि एवं जिला कृषि अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का पुष्प कुछ देकर स्वागत किया गया। गोष्ठी में महंत देवीपाटन मंदिर मिथलेश नाथ योगी ने कहा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जनमानस को जागरुक करते हुए योजना का लाभ दिया जाए। विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला ने कहा की मोटे अनाज का उत्पादन बढ़ाने के लिए कृषि विभाग द्वारा किसानों को प्रोत्साहित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग देवीपाटन मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को विस्तार पूर्वक अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी देना सुनिश्चित करें तथा पात्रता के अनुसार आवेदन फार्म भी भराए। गोष्ठी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधान, कृषक एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रमाण पत्र देते हुए सम्मानित किया गया।

## जौनपुर में मां दुर्गा की उपासना का त्योहार शारदीय नवरात्र एवं दुर्गापूजा शुरू

जौनपुर। उत्तरप्रदेश के जौनपुर जिले में शक्ति की अधिष्ठात्री मां दुर्गा की उपासना का त्योहार शारदीय नवरात्र एवं दुर्गा पूजा रविवार से शुरू हो गया।

शुभ मुहुर्त में विधि विधान से नवरात्र आराधना को लेकर कलश की स्थापना कर लोग पूजा शुरु की और साथ ही साथ जौनपुर नगर सहित पूरे जिले में हजारों की संख्या में बनाए गए अस्थाई पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर आज से दुर्गा पूजा भी शुरू कर दी गई है, श्रद्धालुओं द्वारा ऐतिहासिक शक्तिपीठ माता शीतला चौकिया धाम में सुबह से ही मां का दर्शन करने के लिए भक्तों की लंबी क़तारें लगी हुई हैं।

श्री दुर्गा पूजा महा समिति के अध्यक्ष अनिल अस्थाना ने यह जानकारी देते हुए बताया कि शारदीय नवरात्र को लेकर रविवार की सुबह होते ही लोग पूजा की तैयारी में लग गये। श्रद्धालुओं ने आदि गंगा गोमती में स्नान भी किया। इस व्रत को करने वाले लोगों ने घर की साफ-सफाई पूरी करने के बाद कलश स्थापना की, इसके साथ ही मां दुर्गा के नौ रूपों की उपासना का नौ दिवसीय अनुष्ठान भी आज से शुरू हो गया। ऐसी मान्यता है कि मां भवानी नवरात्रि के नौ दिन पृथ्वी पर भ्रमण करती हैं और अपने भक्तों के कष्टों को दूर करती हैं, इस बार शारदीय नवरात्र में मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आई है और विदाई के वक्त मुर्गा पर सवार होकर वापस चली जाएगी।

जौनपुर नगर सहित पूरे जिले में घरों और मंदिरों में पूजा-पाठ एवं दुर्गा सप्तशती का पाठ शुरु हो गया। अपने पहले स्वरूप में मां 'शैलपुत्री' के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के पहले दिन भगवती के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा की जा रही है। पर्वतराज हिमालय के घर पुत्री रूप में जन्म लेने के कारण इनका नाम 'शैलपुत्री' पड़ा। इनकी पूजा से चंद्रमा से संबंधित दोष समाप्त होते हैं।

नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की आराधना में जौनपुर व आसपास के इलाके के लोग सुबह से ही भक्ति में लीन रहे। मंदिरों तथा घरों में कलश स्थापना के साथ देवी दुर्गा की आराधना शुरू हो गई है। इस मौके पर जौनपुर में ऐतिहासिक शक्ति माता शीतला चौकिया धाम के साथ ही सभी देवी मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी है। इस बार नवरात्रि पर्व बेहद खास है। देवी दुर्गा का आगमन हाथी पर हो रहा है, जो काफी शुभ माना जाता है।

आचार्य डॉ रजनीकांत द्विवेदी ने बताया कि आज से शुरू हो रहे शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन में वेदोक्त मंत्रोच्चार करते हुए कलश स्थापना का विशेष महत्व होता है। इसीलिए इसकी स्थापना शुभ मुहूर्त में करना फलदायी होगा।